# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 03 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 119, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई किया अधिसूचित

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को स्वचालित मार्ग के तहत बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अधिसूचित कर दिया है। } 10

## गृह मंत्री ने लद्दाख में सतत विकास पर दिया जोर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लद्दाख में सतत विकास के लिए केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिसमें पौधारोपण और जल सुरक्षा को क्षेत्र की समग्र प्रगति का प्रमुख स्तंभ बताया है। } 12



## लखनऊ में भाजपा का महिला आक्रोश मशाल मार्च

### लोक भवन से अटल चौक तक हजारों महिला कार्यकर्ताओं ने किया जमकर प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। नारी शक्ति के सम्मान और स्वाभिमान के लिए भाजपा का विशाल महिला आक्रोश मशाल मार्च नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर एवं जिला इकाई द्वारा शनिवार को राजधानी लखनऊ में एक विशाल महिला आक्रोश मशाल मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च लोक भवन से शुरू होकर अटल चौक (हजरतगंज चौराहा) तक निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले समाजवादी पार्टी, कांग्रेस सहित समस्त विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी, प्रतिभा शुक्ला, रजनी तिवारी, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, लखनऊ की महापौर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जल जीवन मिशन में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं : योगी

### गड्ढों व सड़कों को लेकर ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जल जीवन मिशन के तहत खुदाई का काम करते समय सुरक्षा के सभी मानकों का सख्ती से पालन किया जाए और कार्य संपन्न होते ही खोदी गई सड़कों व गड्ढों को तत्काल भरा जाए। जिलाधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी खुद स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे।

इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योगी सरकार शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में साफ पानी पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। जल जीवन मिशन के जरिए करोड़ों लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के मुताबिक प्रदेश के सभी जिलों में जिलाधिकारी, जल जीवन मिशन से जुड़े वरिष्ठ अधिकरी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर खुदी हुई सड़कों व गड्ढों की स्थिति का पता करें। साथ ही इन्हें तत्काल भरना भी सुनिश्चित करें। इस काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम को समय से पूरा नहीं करने, अधूरा छोड़ने या इसमें लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं व ठेकेदारों पर जुमार्ना लगाने के साथ ही उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। सीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जल समाधान पोर्टल पर आपूर्ति, लीकेज व खुदाई से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति या मरम्मत संबंधित शिकायतों के लिए लोग 18001212164 टोल फ्री नंबर पर शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में करीब 2.50 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है। विंध्य और बुंदेलखंड में लगभग शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। योगी सरकार घर-घर साफ पानी पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर कर रही है।

## संक्षेप

### करंट लगने से छात्र समेत तीन की मौत

बरेली। जिले के ग्रामीण इलाकों में दो अलग-अलग घटनाओं में करंट लगने से एक छात्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश और अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ज्ञानेश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये घटनाएं तकनीकी कारणों से हुईं तथा प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। पहली घटना में अलीगंज थानाक्षेत्र के सूदनपुर गांव में शनिवार सुबह 11 हजार वोल्ट का करंट घरों में आ गया। परिवार के सदस्य आर पी सिंह के मुताबिक, 17 वर्षीय सुभाष स्कूल जाने के लिए घर से निकल रहा था, तभी दरवाजे के पास करंट की चपेट में आ गया। आरपी सिंह के अनुसार सुभाष के शरीर से आग निकलने लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुभाष 10वीं कक्षा का छात्र था और अलीगंज के सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज में पढ़ता था।

### यूएई से प्रत्यर्पण के बाद कमलेश पारेख गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2,672 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी के दस साल पुराने मामले में वांछित भगोड़े कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण के बाद गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता स्थित श्री गणेश ज्वैलरी हाउस (आई) लिमिटेड के खिलाफ दर्ज बैंक धोखाधड़ी मामले में वांछित पारेख को शुक्रवार को यूएई से प्रत्यर्पित किया गया था। सीबीआई ने 2016 में कंपनी और अन्य के खिलाफ 25 बैंकों के एक संघ से 2,672 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक मामला दर्ज किया था।

# यूपी में 20 से शुरू होगी जनगणना

### प्रदेश में 07 मई से 21 मई के बीच आयोजित स्व-गणना वैकल्पिक, प्रत्येक घर तक पहुंचेंगे प्रगणक : शीतल वर्मा

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश की निदेशक और मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने शनिवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में जनगणना 2027 की तैयारियों तथा प्रक्रियाओं के बारे में जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में सम्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य

> ❍ **जनगणना 2027 के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1855 : जनगणना अधिकारी**

22 मई से 20 जून, 2026 की अवधि में एवं द्वितीय चरण जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी, 2027 में संपादित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व प्रदेश में 07 मई से 21 मई के बीच स्व-गणना का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि इसे एक अभियान बनाने के लिए जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा प्रत्येक दिन को एक विशेष दिवस के रूप में चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना विकल्प के तहत व्यक्ति अपनी जानकारी ऑनलाइन (शेै.ूल्ल२४२.ॅङ्म५.ल्ल) स्वयं भर सकते हैं।

शीतल वर्मा ने कहा कि जनगणना में भारत में निवासरत सभी व्यक्ति (नागरिक एवं गैर-नागरिक) की गणना की जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य में इस कार्य के लिए लगभग



5.25 लाख अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जिसमें 18 मण्डल जनगणना अधिकारी (मंडलायुक्त), 75 प्रमुख जनगणना अधिकारी (जिलाधिकारी), 17 अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी (नगर आयुक्त), 600 जिला स्तर के अधिकारी, 1195 चार्ज अधिकारी (तहसीलदार/अधिशासी अधिकारी इत्यादि), 285 मास्टर ट्रेनर्स, 6939 फील्ड ट्रेनर्स तथा अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त लगभग 5 लाख प्रगणक/पर्यवेक्षक शामिल हैं। मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने कहा कि 'जनगणना 2027' का कार्य देश में पहली बार पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से कराया जायेगा, जिसमें स्व-गणना भी एक विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि स्व-गणना प्रक्रिया में जानकारी भरने के बाद एसई आईडी जेनरेट होगा, जिसे 22 मई से 20 जून, 2026 के दौरान जनगणना कार्य के लिए प्रगणक के घर आने पर, एसई आईडी को प्रगणक के साथ साझा किया जाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रगणक द्वारा पुष्टि के बाद ही मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण होगा। शीतल वर्मा ने कहा कि स्व-गणना अनिवार्य ना होकर ऐच्छिक है। प्रगणक, 22 मई से 20 जून, 2026 तक की अवधि में प्रत्येक घर जाकर जानकारी अवश्य दर्ज करेंगे।

शीतल वर्मा ने कहा कि जनगणना का कार्य जनगणना अधिनियम, 1948 तथा जनगणना नियमावली, 1990 के

> ❍ **जनगणना से प्राप्त आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण में होंगे सहायक: मुख्य जनगणना अधिकारी**

प्रावधानों के अंतर्गत संपादित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इन प्रावधानों के अनुसार जनगणना में संकलित समस्त व्यक्तिगत जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है तथा इसे किसी से भी साझा नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि टैक्स, पुलिस विभाग आदि के जांच में भी इस जानकारी का उपयोग नहीं किया जा सकता है। मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने कहा कि इसका उपयोग किसी भी प्रकार के साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों का उपयोग समेकित रूप से केवल प्रदेश एवं देश के विकास की योजनाओं को बनाने के लिए किया जाता है। मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने कहा कि राज्य में जनगणना 2027 का कार्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

## दिल्ली में जज ने की खुदकुशी



नई दिल्ली। दिल्ली में एक जज ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। यह घटना दिल्ली के सफदरजंग इलाके में हुई। खुदकुशी करने वाले जज अमन कुमार शर्मा कड़कड़डूमा कोर्ट में कार्यरत थे। उनका आवास ग्रीन पार्क में था। पुलिस ने बताया कि सफदरजंग इलाके में दिल्ली न्यायिक सेवा के एक अधिकारी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच के अनुसार, मृतक की पहचान अमन कुमार शर्मा के रूप में हुई है। फिलहाल, फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला लग रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## छत्तीसगढ़ : आईईडी विस्फोट में चार जवान शहीद

### बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने के दौरान हुआ धमाका

**एजेंसी**

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक आईईडी विस्फोट में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक अधिकारी समेत चार जवानों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

राज्य को 31 मार्च को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के बाद नक्सल गतिविधियों से जुड़ी विस्फोट की यह पहली घटना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार छोटेबेठिया थानाक्षेत्र में कांकेर-नारायणपुर जिले की सीमा के पास सुरक्षाबलों को बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने और गश्त के लिए भेजा गया था। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के आदनार गांव के जंगल में



बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने के अभियान के दौरान दुर्घटनावश विस्फोट हो जाने से तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बंगाल : 15 केंद्रों पर 87 प्रतिशत मतदान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की दो विधानसभा सीट के 15 केंद्रों पर शनिवार को पुनर्मतदान शाम छह बजे समाप्त हो गया और मतदान खत्म होने से एक घंटे पहले करीब 87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे तक 86.90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, हालांकि एक बूथ के आंकड़े अभी आने बाकी हैं। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चला। मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 और डायमंड हार्बर के चार मतदान केंद्रों पर वोटिंग कुल मिलाकर शांतिपूर्ण तरीके से हुई। चुनावी धांधली की जानकारी मिलने पर निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को इस सीट पर पुनर्मतदान ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सांस्कृतिक विरासत में निहित है भारत की पहचान

### श्रीमद्भागवत कथा में उत्तरकाशी पहुंचे सीएम धामी, श्रद्धालुओं संग सुनी कथा

**प्रमुख संवाददाता**

उत्तरकाशी (उत्तराखंड)- उत्तरकाशी जिले के नगाण गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के धार्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर प्रदेशवासियों को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की मूल शक्ति उसकी सनातन परंपराओं, आध्यात्मिक चेतना और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में निहित है, जिसने सदियों से विश्व को मार्गदर्शन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं का देश नहीं, बल्कि एक जीवंत संस्कृति है, जिसकी जड़ें हजारों वर्षों पुरानी परंपराओं में गहराई तक समाई हुई हैं। विविधताओं के बावजूद यहां की एकता ही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है, जो देश को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, विशेष रूप से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, देश ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस दिशा में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का



विकास काशी के आध्यात्मिक वैभव को आधुनिक स्वरूप देने का उत्कृष्ट उदाहरण है। वहीं राम मंदिर अयोध्या का निर्माण देश की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक एकजुटता का प्रतीक बनकर सामने आया है। मुख्यमंत्री धामी ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 46.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- बैलेंस न होने पर भी 30 दिन तक नहीं कटेगी बिजली (पृष्ठ-02)
- यूपी रूफटॉप सोलर स्थापना में देश में नंबर-वन (पृष्ठ-02)
- कॉमर्शियल एलपीजी महंगा : जगह-जगह प्रदर्शन (पृष्ठ-10)
- 5.30 करोड़ की लगायी चपत, 17 ठग गिरफ्तार (पृष्ठ-14)
- सीडीएसएल को 455 करोड़ रुपये का मुनाफा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्मार्ट रोड नेटवर्क की ओर बढ़ते कदम

# स्विस तकनीक से लैस हो रहे यूपी के एक्सप्रेस-वे

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश में एक्सप्रेसवे निर्माण का मॉडल अब पारंपरिक ढांचे से आगे निकलकर तकनीक-आधारित निगरानी और प्रबंधन की दिशा में प्रवेश कर चुका है। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में जहां एक ओर तेज गति से एक्सप्रेसवे नेटवर्क का विस्तार हुआ, वहीं अब इन परियोजनाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्विस सेंसर तकनीक को केंद्र में रखा गया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा स्विट्जरलैंड की ईटीएच ज्यूरिख और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ की गई साझेदारी इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत सड़क निर्माण को डेटा-ड्रिवन और रियल-टाइम मॉनिटरिंग आधारित बनाया जा रहा




है। पीएम मोदी द्वारा लोकार्पित गंगा एक्सप्रेसवे में भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है।

अब तक सड़क निर्माण में गुणवत्ता का आकलन प्रायः निर्माण पूरा होने के बाद होता था, जिससे खामियों के सुधार में समय और लागत दोनों बढ़ते थे। नई प्रणाली में यह पूरी प्रक्रिया बदल गई है। सेंसर आधारित मॉड्यूल के जरिए निर्माण के दौरान ही सड़क की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी कमी को उसी समय दुरुस्त किया जा सके। इस तकनीक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा वह विशेष वाहन है, जिसमें सात एक्सेलेरोमीटर सेंसर लगाए गए हैं। यह वाहन एक्सप्रेसवे की हर लेन पर चलकर सतह की एकरूपता, ऊंचाई में उतार-चढ़ाव और कंपन का डेटा जुटाता है। यह डेटा सड़क की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक आकलन प्रस्तुत करता है, जो पारंपरिक विजुअल इंस्पेक्शन से कहीं अधिक सटीक माना जा रहा है। सेंसर से प्राप्त आंकड़ों को एआई सॉफ्टवेयर के जरिए प्रोसेस कर सड़क की गुणवत्ता को एक्सीलेंट, गुड और पुअर जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। इससे न केवल गुणवत्ता का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन संभव होता है, बल्कि निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही भी तय होती है। खास बात यह है कि एआई आधारित यह सिस्टम सड़क की छोटी-से-छोटी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अंबेडकरनगर : चार सगे भाई-बहनों की नृशंस हत्या

**जिला संवाददाता**

अयोध्या/अंबेडकरनगर (उप्र)। आंबेडकर नगर में अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में कथित तौर पर एक ही परिवार के चार नाबालिग बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुरादाबाद उर्फ़ मीरानपुर मोहल्ले में शनिवार दोपहर करीब तीन बजे चार मंजिला मकान में चार बच्चों के खून से लथपथ शव मिले। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से बच्चों की मां लापता है। पुलिस के मुताबिक अज्ञात परिस्थितियों में बच्चों की ईंट से कुचलकर हत्या की गई तथा गले पर धारदार हथियार से वार के निशान भी मिले हैं। उसने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी।

पुलिस के अनुसार मृत भाई-बहनों की पहचान शफीक, सऊद, उमर, और सादिया के रूप में हुई है। ये सभी नियाज़ (42) और नाज़िया खातून (37) के बच्चे थे। नाज़िया बच्चों के साथ मीरानपुर में रहती थी, जबकि नियाज़ कई साल से सऊदी अरब में काम कर रहा है। अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सोमेन बर्मा ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली कि घर में चार बच्चों के शव हैं जिसके बाद पुलिस मौके पहुंची। उन्होंने कहा कि सुबह से घर बंद होने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी थी। पुलिस का ...शेष पृष्ठ 10 पर

# मिशन मोड में पूरा करायें इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं: योगी

## स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में मुख्यमंत्री ने की एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स की समीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेसवे, औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक हब और शहरी परियोजनाओं को मिशन मोड में आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जहां भी प्रक्रियात्मक बाधाएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करते हुए परियोजनाओं की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए।

शनिवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में प्रदेश में संचालित प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही डिफेंस कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की इकाई का शिलान्यास होने जा रहा है। इसके पूर्व चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे की वित्तीय निविदा का कार्य पूरा कर लिया जाए। उन्होंने चित्रकूट लिंक, फरुर्खाबाद लिंक और जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की समीक्षा करते हुए संबंधित जिलाधिकारियों से अद्यतन जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन एक्सप्रेसवे के लिए आगामी 31 मई तक 90% भूमि उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। जहां रेट

- **फरुखाबाद और चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 31 मई तक पूरा करायें 90% भूमि अधिग्रहण**

रिवीजन आवश्यक हो, वहां प्रस्ताव तत्काल भेजे जाएं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा 15 दिन बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भूमि-स्वामियों से सीधा संवाद किया जाए। उन्हें उचित मुआवजा मिले और रजिस्ट्री के लिए अतिरिक्त मैनपॉवर तैनात कर कार्यवाही आगे बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक, झांसी लिंक तथा मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे के लिए कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए लेटर ऑफ अवार्ड जारी हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इसके शिलान्यास की तैयारी के निर्देश दिए। वहीं, ग्रेटर नोएडा में विकसित हो रहे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब को राज्य के लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए गेम-चेंजर बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक सप्लाई चेन से जोड़ेंगी।

बैठक में बताया गया कि मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए 323 हेक्टेयर में से 301 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत हो चुकी है, जिससे कार्य आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए मानक स्थापित करेगी। बैठक में बताया गया कि 75 जनपदों में 150 विद्यालयों का निर्माण होना है, जिनमें 59 विद्यालयों के लिए कार्य प्रारंभ हो चुका है और 67 विद्यालयों के लिए निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने शेष परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विद्यालय स्थापना के लिए अच्छे लोकेशन को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास को गति देने के लिए मॉडल बिल्डिंग बायलॉज को निवेश अनुकूल बनाते हुए शीघ्र लागू करने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि ड्राफ्ट बायलॉज को सार्वजनिक सुझावों के लिए जारी किया जा चुका है, जिससे पारदर्शी और सरल नियामक व्यवस्था सुनिश्चित होगी। औद्योगिक भूखंडों के बेहतर उपयोग पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आवंटित भूमि पर तय समय सीमा के भीतर उद्योग स्थापित होना चाहिए। निवेशकों से संवाद करें और कार्यवाही समय से आगे बढ़नी चाहिए। बायोएनर्जी और सीबीजी परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने नवाचार और प्रतिस्पर्धा आधारित दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि लखनऊ में प्रस्तावित सीड पार्क और टेक्सटाइल्स पार्क को कृषि और औद्योगिक विकास के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य जारी है।

डेवलपर चयन की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं को निवेश और रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना शहरी सड़कों को आधुनिक और सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इंटीग्रेटेड सिटी बस टर्मिनल, वृंदावन योजना, लखनऊ परियोजना को आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली का अहम हिस्सा बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# हर कार्यकर्ता बूथ को केंद्र में रखकर करे कार्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बूथ स्तर पर व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर पर ही निहित होती है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ को केंद्र में रखकर कार्य करना होगा।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि सभी मंडल प्रवासी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों के प्रत्येक बूथ पर जाकर बूथ कमेटियों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। जिन बूथों पर कमेटियों का गठन अभी अधूरा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ पर जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को बूथ का पालक एवं बूथ प्रवासी नियुक्त किया जाए, जिससे संगठन की मजबूती जमीनी स्तर तक सुनिश्चित हो सके और कार्यों की निरंतर निगरानी बनी रहे।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल

- **धर्मपाल सिंह ने शनिवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ की बैठक**



सिंह ने शनिवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों के जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं सभी 254 मंडलों के प्रवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह बैठक क्षेत्रीय मुख्यालय में आयोजित की गई। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने संगठनात्मक कार्यों की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा कि बूथ स्तर पर किए जाने वाले कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि मंडल प्रवासी, मंडल कमेटियों से लेकर बूथ स्तर तक सभी गतिविधियों का गहन भौतिक सत्यापन करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि संगठन की प्रत्येक इकाई सक्रिय, सुदृढ़ और प्रभावी रूप से कार्य कर रही हो।

उन्होंने आगे कहा कि संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए बूथ स्तर पर नियमित संपर्क, संवाद और कार्यक्रमों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को प्रत्येक बूथ पर शत-प्रतिशत कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस तक पहुंचाया जाए और इसे सामूहिक रूप से सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक के बाद धर्मपाल सिंह ने सभी जिला अध्यक्षों से आगामी जिला प्रशिक्षण वर्गों की तिथियों, आयोजन स्थलों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षण वर्गों को प्रभावी, अनुशासित एवं परिणामोन्मुखी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की रीढ़ होते हैं, जिनके माध्यम से कार्यकर्ताओं को विचारधारा, कार्यपद्धति एवं संगठनात्मक कौशल से सुसज्जित किया जाता है। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की, जबकि संचालन क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी ने किया।

# उपभोक्ताओं का बैलेंस न होने पर भी 30 दिन तक नहीं कटेगी बिजली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बीते दिनों बिजली उपभोक्ताओं, खासकर लोवर और मध्यम वर्ग के परिवारों को बड़ी राहत देते हुए स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था में अहम बदलाव किए थे। योगी सरकार ने 1 किलोवाट तक के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं का बैलेंस समाप्त होने के बाद भी उनकी बिजली आपूर्ति 30 दिनों तक जारी रखने का फैसला लिया था। सरकार के इस फैसले से कम लोड वाले करीब 67 लाख से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली है। इसमें 43 लाख से ज्यादा 1 किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा राहत मिली है।

1 किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत : दरअसल प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लागू होने के बाद सभी उपभोक्ताओं को केवल 3 दिन का ही समय मिलता था, जिसके बाद बिजली स्वतः कट जाती थी। इससे खासकर 1 और 2 किलोवाट के घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही थी। इसी को देखते हुए योगी सरकार ने बीते दिनों 1 किलोवाट और 2 किलोवाट वाले घरेलू उपभोक्तओं को राहत देने का फैसला लिया था। सरकार के फैसले के बाद अब 1 किलोवाट तक के कनेक्शन वाले घरेलू उपभोक्ताओं का बैलेंस खत्म होने के बाद भी उनकी बिजली तुरंत नहीं कटेगी।

30 दिन तक नहीं कटेगी बिजली : नए प्रावधान के तहत ऐसे उपभोक्ताओं को 30 दिनों की अतिरिक्त मोहलत दी जाएगी। इस अवधि के दौरान घरेलू उपभोक्ता अपना बैलेंस रिचार्ज कर सकते हैं और बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। हालांकि अगर उपभोक्ता 30 दिनों के भीतर भी अपना बैलेंस ठीक नहीं करते हैं, तो इसके बाद बिजली आपूर्ति स्वतः बंद कर दी जाएगी। इसी तरह 1 किलोवाट से अधिक और 2 किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं को भी इमरजेंसी क्रेडिट की सुविधा दी गई है। ऐसे उपभोक्ताओं को कम से कम 3 दिन या 200 रुपए तक के नेगेटिव बैलेंस (जो बाद में हो) तक बिजली मिलती रहेगी।

**2 किलोवॉट के उपभोक्ताओं के लिए 200 रुपए तक निगेटिव बैलेंस पर भी कनेक्शन चालू :** उदाहरण के तौर पर अगर बैलेंस खत्म होने के 3 दिन बाद तक उपभोक्ता का बैलेंस माइनस 100 रुपए है, तो बिजली जारी रहेगी। लेकिन जैसे ही

- **स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था में हुए बड़े बदलाव से 67 लाख से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को मिला फायदा**
- **प्रदेश में 43 लाख से ज्यादा 1 किलोवाट घरेलू कनेक्शन के उपभोक्ता**

बैलेंस माइनस 200 रुपए तक पहुंच जाएगा और रिचार्ज नहीं कराया गया, तो ऐसा कनेक्शन स्वतः कट जाएगा।

योगी सरकार के इस फैसले से प्रदेश के करीब 67 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिली है। विभाग के मुताबिक, प्रदेश में अभी तक लगभग 83 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जिसमें 43 लाख 17 हजार के लगभग 1 किलोवाट घरेलू कनेक्शन के उपभोक्ता हैं और 24 लाख 51 हजार के लगभग 2 किलोवॉट घरेलू कनेक्शन के बिजली उपभोक्ता हैं।

इस्तेमाल की गई बिजली का बिल अगले रिचार्ज में होगा समायोजित : नई व्यवस्था के तहत इमरजेंसी क्रेडिट अवधि के दौरान उपभोग की गई बिजली की राशि अगले रिचार्ज से स्वतः कट जाएगी। ऐसे में उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे ऐप के माध्यम से अपना मौजूदा बैलेंस और अनुमानित खपत देखते हुए समय पर रिचार्ज कराएं। साथ ही सरकार ने उपभोक्ता सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए एक और अहम प्रावधान किया है। अब किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन काटने से पहले 5 अनिवार्य एसएमएस अलर्ट भेजे जाएंगे। ताकि उन्हें समय रहते रिचार्ज करने का अवसर मिल सके। इस तरह उपभोक्ताओं को समय-समय पर लो बैलेंस की सूचना दी जाती रहेगी।

**रविवार, दूसरे शनिवार और छुट्टियों में नहीं कटेगी बिजली :** नई व्यवस्था में कुछ विशेष समय भी निर्धारित किए गए हैं, जिनमें बिजली नहीं काटी जाएगी। शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक बिजली नहीं काटी जाएगी। इसके अलावा रविवार, दूसरे शनिवार और सभी सार्वजनिक अवकाश पर बिजली सप्लाई जारी रहेगी। भले ही बैलेंस समाप्त या नेगेटिव ही क्यों न हो। हालांकि इस दौरान इस्तेमाल की गई बिजली का भुगतान अगले रिचार्ज में स्वतः कट जाएगा। गौरतलब है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर एक आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रणाली है, जो मोबाइल के प्रीपेड सिस्टम की तरह काम करती है पहले रिचार्ज करें, फिर उपयोग करें।

# सबसे अधिक राजस्व मामले निस्तारित कर लखनऊ अव्वल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। सीएम योगी हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा भी करते हैं। योगी सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की अप्रैल माह की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में मामलों को निस्तारित किया गया है जबकि जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व वादों के निस्तारण में पिछले 16 माह से जौनपुर टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व विवादों के

- **लखनऊ में सबसे अधिक 18,861 मामले निस्तारित**
- **जनपदीय न्यायालयों में जौनपुर ने फिर मारी बाजी**
- **राजस्व वादों के मामलों के तेजी से निस्तारण का दिख रहा असर**
- **प्रयागराज दूसरे, बाराबंकी तीसरे और आजमगढ़ चौथे स्थान पर**

मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। इसी के तहत सभी जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में पूरे प्रदेश में कुल 3,37,708 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 18,861 मामले निस्तारित किए गए, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक हैं। इसके बाद प्रयागराज कुल 12,036 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, बाराबंकी 9,139 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। आजमगढ़ ने 8,483 मामले निस्तारित कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। आजमगढ़ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप राजस्व मामलों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जनशिकायतों के समयबद्ध समाधान के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रहीं हैं। राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर निपटाया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आजमगढ़ ने अप्रैल में राजस्व मामलों के निस्तारण में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह बरेली ने 8,483 मामले निस्तारित कर पांचवां और जौनपुर ने 8,274 मामलों का निस्तारण कर छठवां स्थान प्राप्त किया है।

जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की अप्रैल माह की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक के निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 535 मामलों का निस्तारण किया है। इसका अनुपात 214.00 प्रतिशत है। इसी के साथ जनपदीय न्यायालय में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि मानक 350 के सापेक्ष 370 मामलों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर सुल्तानपुर और मानक 190 के सापेक्ष 199 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर गाजीपुर है। वहीं अप्रैल में जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 70 मामलों का निस्तारण कर 233.33 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो प्रदेश भर में सबसे अधिक है और जौनपुर प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। मऊ के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 70 मामले निस्तारित किए गये। वहीं, मैनपुरी के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 58 मामले निस्तारित किए गये।

# 09 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लखनऊ।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ मलखान सिंह के मार्गदर्शन में जनसामान्य को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए 09 मई (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय लखनऊ, कलेक्ट्रेट परिसर तथा जनपद की समस्त तहसीलों में किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार संपन्न होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि लोक अदालत विवादों के निस्तारण का एक प्रभावी वैकल्पिक मंच है, जहां मामलों का समाधान आपसी समझौते के आधार पर किया जाता है। लोक अदालत के निर्णय को न्यायालय के फैसले के समान मान्यता प्राप्त होती है तथा यह सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोक अदालत के निर्णय के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती, जिससे विवादों का शीघ्र एवं अंतिम निस्तारण संभव हो पाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में न्यायालय में लंबित वादों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी बिना मुकदमा दायर किए पक्षकारों की सहमति से मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है।

# भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। मंहगाई, बेरोजगार चरम पर है। रूपया डालर के मुकाबले लगातार गिरता जा रहा है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में शनिवार को विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं से भेंट वार्ता के क्रम में अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट की पराकाष्ठा हो गयी है। हर विभाग और हर कार्य में बजट की लूट हो रही है। जनता भाजपा की कुनीतियों से त्रस्त है। प्रदेश की जनता भाजपा के खिलाफ है। जनता सपा के पक्ष में है। पीडीए सपा के साथ एकजुट है। भाजपा पीडीए से डरी हुई है। भाजपा पीडीए के विरुद्ध है। भाजपा पीडीए से नफरत करती है। वह सपा के खिलाफ झूठा प्रचार करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का रवैया संविधान और लोकतंत्र विरोधी है। विधानसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा

- **सपा अध्यक्ष ने विभिन्न जिलों के आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित**



बौखलायी है। अराजकता पर उतारू है। महिला आरक्षण कानून को लेकर भाजपा भ्रामक प्रचार कर रही है। संवैधानिक पदों पर बैठे भाजपा के लोग भी लगातार गुमराह कर रहे है। जो महिला आरक्षण बिल संसद में पास होकर कानून बन चुका है, उसे भाजपा नहीं मान रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। झूठ और लूट भाजपा का परिचय है। भाजपा सरकार प्रीपेड और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता की जेब से चोरी कर रही है। सरकार ने जनता को लूटने के लिए टेक्नालाजी का दुरुपयोग करके प्रीपेड मीटर के नाम पर बिजली विभाग में भ्रष्टाचार और लूट मचा रखी है। जनता ने अब भाजपा की चोरी पकड़ ली। भाजपा के खिलाफ लोगों का आक्रोश सड़कों पर है। भाजपा सरकार अन्याय कर रही है। निदोर्षों को सता रही है। भाजपा ने विकास का एक भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को भ्रष्टाचार और बेईमानी में ही महारत हासिल है। जब स्मार्ट मीटर से जनता की जेब से चोरी हो सकती है तो ईवीएम से वोट की चोरी क्यों नहीं हो सकती है? अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि पूरी निष्ठा से पीडीए समाज से मिलकर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे। बूथ को मजबूत करें। विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनना तय है। सपा सरकार बनने पर पढ़ाई-दवाई मुफ्त होगी। केजी से पीजी तक छात्राओं की शिक्षा मुफ्त होगी। महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना शुरू की जाएगी।

# अजय राय का अरविंद राजभर ने लिया हालचाल




**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने की सूचना पर मंत्री ओमप्रकाश राजभर के निर्देशानुसार सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर द्वारा लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना गया। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों से विस्तृत चर्चा कर उनकी वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली गई। डॉक्टरों ने बताया कि उनका इलाज जारी है तथा उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि अजय राय शीघ्र स्वस्थ हो और जल्द ही पूर्ण ऊर्जा के साथ पुनः जनसेवा में सक्रिय हों।

# यूपी रूफटॉप सोलर स्थापना में देश में नंबर-वन

## प्रदेश में 5 लाख के पार हुई रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रूफटॉप सोलर स्थापना के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश में अब तक 5,00,115 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

राज्य में कुल 8,94,217 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से बड़े पैमाने पर स्वीकृति एवं स्थापना सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही प्रदेश में 1,696.68 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता सृजित हुई है तथा ?3,038.08 करोड़ की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा एवं ?1,000 करोड़ से अधिक की सब्सिडी राज्य सरकार की ओर से जारी की जा चुकी है। इस दौरान यूपी नेडा डायरेक्टर रविन्दर सिंह ने बताया कि कुल उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 5 करोड़ मूल्य की मुफ्त बिजली उत्पन्न हो रही है तथा लाखों टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई गई है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में लगभग 5,000 कंपनियों के माध्यम से 65,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार एवं



- **प्रदेश में लगभग 5,000 कंपनियों के माध्यम से 65,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार**

लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। साथ ही, सौर परियोजनाओं को लोगों के छतों पर स्थापित किए जाने से प्रदेश की लगभग 6,500 एकड़ भूमि को संरक्षित करते हुए उसे कृषि एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु सुरक्षित रखा गया है। अप्रैल 2026 में मात्र 30 दिनों में 51,882 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर प्रदेश ने स्थापना की गति में नया मानक स्थापित किया तथा योजना प्रारंभ से अब तक किसी भी राज्य द्वारा 50,000 संयंत्रों की सर्वाधिक तीव्र स्थापना का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। माह अप्रैल में प्रदेश की औसत दैनिक स्थापना 1,729 संयंत्र प्रति दिन रही, जो अब तक का सर्वाधिक है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश ने अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2026 में औसत दैनिक स्थापना 1,700 संयंत्र प्रति दिन थी, जिसे पीछे छोड़ते हुए अप्रैल में नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। यह उपलब्धि प्रदेश के प्रभावी क्रियान्वयन, सुदृढ़ समन्वय और निरंतर निगरानी का प्रत्यक्ष परिणाम है।

# माटीकला कारीगरों के लिए 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा परम्परागत कारीगरों एवं शिल्पियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, लखनऊ के माध्यम से मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, डालीगंज, लखनऊ में संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षार्थियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं, सजावटी सामग्री, खिलौने एवं मूर्तियां बनाने के साथ-साथ मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग, चित्रकारी, नक्काशी आदि विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा, जिसमें प्रतिभागियों के रहने एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को 250 रुपये प्रतिदिन की दर से मानदेय भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के इच्छुक परम्परागत कारीगर, मूर्तिकार एवं अन्य माटीकला से जुड़े अभ्यर्थी योजना की आधिकारिक वेबसाइट upmatikalaboard.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद अभ्यर्थियों को अपना आवेदन पत्र 20 मई तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 8 कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ में जमा करना अनिवार्य होगा।

# आईजीआरएस पोर्टल पर 92.6 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण

## 889 ऑफलाइन शिकायतों का भी किया गया समाधान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का असर जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दे रहा है। समाज कल्याण विभाग की योजनाएं और शिकायत निवारण व्यवस्था आम जनता के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनकर उभरी हैं। खासकर आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम) पोर्टल के जरिए शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण ने प्रशासनिक कार्यशैली में एक सकारात्मक बदलाव लाया है। इससे न केवल लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो रहा है, बल्कि सरकारी तंत्र के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज 9604 शिकायतों में से 8896 यानी 92.6

- **वृद्धावस्था पेंशन और छात्रवृत्ति से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान**

प्रतिशत मामलों का सफल निस्तारण किया जा चुका है। यह उपलब्धि विभाग की कार्यकुशलता और जवाबदेही को दर्शाती है।

वहीं, ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में भी विभाग ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले दो वर्षों में आई 1035 शिकायतों में से 889 का समाधान कर 85.9 प्रतिशत की सफलता दर हासिल की गई है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि योगी सरकार शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है।

सरकार की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। इससे बुजुर्गों और छात्रों को समय पर आर्थिक सहायता मिल रही है, जो उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा प्रदान कर रही है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए ये योजनाएं काफी सहायक साबित हो रही हैं। विभाग की कोशिश है कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ पाने में देरी या परेशानी का सामना न करना पड़े। समाज कल्याण विभाग की सक्रियता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले एक वर्ष में 3168 जरूरतमंदों तक सीधी सहायता पहुंचाई गई है।

वहीं, केवल पिछले चार महीनों में ही 991 लोगों का समाधान कर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया है। यह आंकड़े बताते हैं कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वास्तविक रूप से लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं। डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग ने शिकायत दर्ज करने और उसके निस्तारण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया है।

संक्षेप

## रील बनाने गये 3 बच्चे पानी की टंकी से गिरे

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में 5 बच्चे रील बनाने के लिए 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़े। तभी सीढ़ी टूटी और 3 बच्चे नीचे गिर गए। इनमें से 1 बच्चे की मौत हो गई, जबकि 2 की हालत गंभीर है। 2 बच्चे पानी की टंकी पर फंसे हैं। बच्चों को नीचे उतारने के लिए गोरखपुर से क्रेन मंगाई गई है। घटना की सूचना पर डीएम शिवशरणप्पा जीएन और एसएसपी अभिषेक महाजन मौके पर पहुंचे। तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घटनास्थल पर कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात है। हादसा जिला मुख्यालय स्थित काशीराम आवास कॉलोनी का है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को तुरंत माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें आईसीयू वार्ड में रखा गया है।

## चेन स्नेचर गैंग के 4 बदमाश गिरफ्तार, 3 घटनाओं का खुलासा

**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा को लेकर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चिल्हिया थाना, शोहरतगढ़ पुलिस और एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में मुठभेड़ के दौरान चेन स्नेचिंग गैंग के 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक बदमाश घायल हो गया। घटना 1/2 मई 2026 की रात की है, जब पुलिस टीम शोहरतगढ़ बॉर्डर पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध बदमाश मोटरसाइकिल से भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हुआ और अन्य तीन को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 3 मंगलसूत्र (पीली धातु), एक अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस, 2 मोटरसाइकिल और ?20,000 नकद बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छिनैती की कई घटनाओं को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस ने इनसे 3 घटनाओं का सफल अनावरण किया है। पुलिस टीम की इस सराहनीय कार्रवाई पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कु0 प्रसाद द्वारा ?25,000 का इनाम भी दिया गया है।

# सामाजिक व राष्ट्रीय विकास में पत्रकारिता तैयार करती है रचनात्मक वातावरण : दयाशंकर सिंह

### सहकारिता भवन में पत्रकारिता तब और अब पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के तत्वावधान में हुआ मंथन





जिला संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सहकारिता भवन सभागार में शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के द्वारा देवर्षि नारद के जन्मोत्सव पर एक दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ। राष्ट्रीय अधिवेशन में पत्रकारिता तब और अब विषय पर वृहद मंथन भी हुआ। वहीं अधिवेशन में महासंघ की उ0प्र0 इकाई के नव चयनित पदाधिकारियों को समारोहपूर्वक पद का प्रतिज्ञान भी कराया गया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास तथा राष्ट्र गौरव को निखार देने में लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारिता का अहम स्थान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयता तथा संस्कृति के वातावरण को तब और अब दोनों समय की पत्रकारिता के कार्यकाल में देश को रचनात्मक माहौल बराबर प्राप्त होता आ रहा है। मंत्री दयाशंकर सिंह ने पत्रकारों से उत्पन्न राष्ट्रीय चुनौतियों व लोकतंत्र की मजबूती तथा लोगों को विकास में सहभागिता के लिए रचनात्मक लेखन के जरिए योगदान का आह्वान किया। इसके पहले महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र तथा राष्ट्रीय

**महासंघ के नव निर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों को समारोह पूर्वक दिलायी गयी शपथ**

संरक्षक डॉ0 बालकृष्ण पाण्डेय एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अधिवेशन का दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत शुभारंभ किया। अधिवेशन में उत्तर प्रदेश इकाई की महासंघ के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन सिंह एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारियों को समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण भी कराया गया। वहीं लेखन एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभाशंकर ओझा, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, प्रदेश महासचिव अजय पाण्डेय, प्रदेश विधि प्रकोष्ठ के प्रभारी अनिल त्रिपाठी महेश, सच्चिदानंद मिश्र, प्रदीप सिंह आदि को देवर्षि नारद अलंकरण सम्मान प्रदान किया गया। प्रारम्भ में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विषय प्रवर्तन प्रस्तुत किया। अधिवेशन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र व संचालन राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 भगवान प्रसाद उपाध्याय ने किया। महासचिव एवं कार्यालय प्रभारी पवनेश उपाध्याय ने स्वागत भाषण तथा लखनऊ जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया। अधिवेशन का समापन लखनऊ छावनी परिषद के चेयरमैन प्रमोद शर्मा ने किया। इस मौके पर अब्दुल हासिम, उर्मिला सिंह, देवेन्द्र नारायण मिश्र, रामभरोस मिश्र, बबलू सरोज, सुधीर मिश्र, आनन्द त्रिपाठी, धनंजय मिश्र, नितिन मिश्र आदि रहे।

## सिद्धार्थनगर की बेटी सांच उपाध्याय ने हाईस्कूल में 95.8% अंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान



**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर की प्रतिभाशाली छात्रा सांच उपाध्याय ने हाईस्कूल परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपनी मेधा का शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि पूरे जिले का नाम भी गौरवान्वित कर दिया। सेंट जेवियर स्कूल की छात्रा सांच की इस उपलब्धि ने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ा दी है ।सांच उपाध्याय, जनपद के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. चन्देश उपाध्याय की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर माता डॉ. सलोनी उपाध्याय और पिता डॉ. चन्देश उपाध्याय सहित पूरा परिवार गौरव से भर उठा। खुशी के इस मौके पर पिता ने अपनी बेटी को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जैसे ही सांच की शानदार सफलता की खबर फैली, उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिजनों ने सभी आगंतुकों का मिठाई खिलाकर स्वागत और सम्मान किया। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी सांच को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपनी सफलता का श्रेय सांच उपाध्याय ने अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन ने यह साबित कर दिया कि समर्पण और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सांच उपाध्याय की यह उपलब्धि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

## 61 में से 7 मामलों का मौके पर निस्तारण



**बांसी, सिद्धार्थनगर।** जनसुनवाई को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से बांसी तहसील में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश ने की, जबकि एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती उपाध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। एडीएम (न्यायिक) ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रत्येक प्रार्थना पत्र का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि शिकायतों की मौके पर स्थलीय जांच कर त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जाए। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने भी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उनके नेतृत्व में टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुल प्राप्त 61 शिकायती प्रार्थना पत्रों में से 7 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। लंबे समय से तहसील के चक्कर काट रहे फरियादियों को इस पहल से बड़ी राहत मिली। अधिकारियों के संयुक्त प्रयासों से न सिर्फ समस्याओं का समाधान हुआ, बल्कि लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने यह भी आश्वासन दिया कि शेष शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।

इस अवसर पर तहसीलदार बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव नायब तहसीलदार महबूब आलम बीडिओ मिठवल सौरभ पाण्डेय, बीडीओ खेसरहा सहित अन्य तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**41 शिकायतें, राजस्व के 4 मामलों का निस्तारण :** तहसील नौगढ़ में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों की कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने भूमि विवादों का मौके पर निरीक्षण कर निस्तारण कराने और सभी शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुलझाने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व विभाग के 4 मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को तीन दिन के भीतर निपटाने के निर्देश दिए गए।

## बाजार गये युवक पर हमला आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र में बाजार गए एक युवक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, जबकि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लालगंज कोतवाली के बछवल निवासी मोहम्मद जुनैद ने फरमान व सोहेल के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोप के मुताबिक, पहली मई को वह रायपुर तियाई बाजार गया था, जहां अपाचे बाइक से पहुंचे आरोपियों ने उसे घेर लिया और जमकर मारपीट की। हमले के दौरान युवक को गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## लापता युवती मामले में अपहरण का केस दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**प्रतापगढ़।** एक युवती के संदिग्ध परिस्थिति में लापता होने पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर इनहन बाजार सोराठा निवासी अमन मौर्य के खिलाफ अपहरण का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, उसकी 18 वर्षीय बेटी तीस अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों का कहना है कि युवती आरोपी युवक से मोबाइल पर बातचीत करती थी। उन्हें आशंका है कि युवक ने बहला-फुसलाकर उसकी बेटी को अपने साथ ले गया है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।युवती की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है।

## संदिग्ध हालत में युवती लापता, आरोपी पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने महेशगंज थाना क्षेत्र के पुरमई सुलतानपुर निवासी सचिन प्रजापति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार, 30 अप्रैल को उसकी बीस वर्षीय बेटी घर से अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद जानकारी मिली कि आरोपी युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। परिजनों ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## आयीं 215 शिकायतों में 17 का मौके पर निस्तारण



**प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभगार में शनिवार को तहसील समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इसमें 215 शिकायतें दर्ज की गईं। हालांकि मौके पर केवल 17 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर और जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी को भी पहुंचना था, लेकिन उनके न आने से फरियादी मायूस नजर आए। इसके चलते समाधान दिवस का संचालन एसडीएम शैलेंद्र वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान राजस्व विभाग से संबंधित 145 और पुलिस विभाग की 37 सहित कुल 215 शिकायतें दर्ज की गईं। एसडीएम शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक बृजनंदन राय ने पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में सक्रियता और ईमानदारी बनाए रखें। किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई तय है। समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी आशुतोष मिश्रा, तहसीलदार गरिमा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, डॉक्टर सुधाकर, लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज, लेखपाल अकरम, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

## अपहरण में नामजद आरोपी गिरफ्तार, युवती बरामद

**प्रतापगढ़।** अपहृत युवती के साथ नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। लालगंज कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गश्त पर निकली थी। इस दौरान अपहरण में वांछित चल रहे आरोपी सचिन बिंद निवासी जौनपुर जिले के थाना खुटहन के पिलकिछा को रायपुर तियाई के पास से धर दबोचा है। पुलिस का दावा है कि आरोपी के साथ अपहृत युवती भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि इंस्टाग्राम से दोस्ती के बाद वह युवती के साथ शादी कर रहता था। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि युवती को परिजनों के सुपुर्द कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## शौच के लिए निकली किशोरी पर बाइकर्स का हमला, टैंक में चुटहिल मिली

**प्रतापगढ़।** घर से बिना बताए शौच के लिए निकली किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में सेफ्टी टैंक में घायल अवस्था में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना को लेकर परिजनों की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे वंशी गांव निवासी विमलचंद्र मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी शुक्रवार रात अपनी मां के साथ सो रही थी, लेकिन सुबह बिस्तर पर नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद किशोरी सरस्वती डिग्री कॉलेज के पीछे घर से कुछ दूरी पर बने निमार्णाधीन सेफ्टी टैंक में चुटहिल पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किशोरी को टैंक से बाहर निकलवाया। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि वह सुबह करीब चार बजे शौच के लिए गई थी। इसी दौरान बाइक सवार दो उचक्के पहुंचे, जिन्होंने उसके साथ मारपीट की और धक्का देकर टैंक में गिरा दिया। पुलिस ने घायल किशोरी को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच की जा रही है। केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गीडा क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का बोलबाला

**गीडा, गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार चरम पर है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित और अधिग्रहित क्षेत्रों में खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध होने के बावजूद खनन माफिया दिन-दहाड़े कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस पूरे खेल में स्थानीय पुलिस और संबंधित विभाग पूरी तरह विफल और मौन नजर आ रहे हैं। गीडा अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगवा, बरउर, माही, देईपार, तेनुआ और जैतपुर समेत दर्जनों गांवों में खनन माफियाओं ने अपना जाल बिछा रखा है। नियमतः इन क्षेत्रों की मिट्टी का स्वामित्व प्राधिकरण के पास होता है और यहाँ से मिट्टी निकालना गैर-कानूनी है। इसके बावजूद कारोबारियों द्वारा समतल भूमि को खोदकर गहरी खाइयों में तब्दील किया जा रहा है। डम्पर और ट्रैक्टर-ट्रॉली दिन-रात प्रतिबंधित क्षेत्रों से मिट्टी की ढुलाई कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और सूत्रों की मानें तो यह अवैध धंधा बिना प्रशासनिक मिलीभगत के संभव नहीं है। चर्चा है कि कारोबारियों को स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त है, यही कारण है कि बेखौफ होकर दिन के उजाले में भी बैकहो लोडर मशीनों से खुदाई जारी है। बार-बार शिकायतों के बाद भी गीडा थाना पुलिस की निष्क्रियता प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रही है। एक तरफ शासन-प्रशासन अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति का दावा करता है वहीं गीडा क्षेत्र में हो रहा यह खुला उल्लंघन उन दावों की हवा निकाल रहा है। स

## ओडीओपी योजना के तहत लाभार्थियों को टूलकिट वितरण किये गये



**श्रावस्ती।** एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रशिक्षण टूलकिट एवं वितरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षित 300 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की गई। यह वितरण कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में परंपरागत जनजातीय शिल्प से जुड़ी लाभार्थी गुड़िया देवी (ग्राम धरसवा), मीना देवी (ग्राम परेवपुर), मुन्नी देवी एवं कुसमा देवी (ग्राम पचदेवरी), आरती देवी (ग्राम परेवपुर), मोहनी देवी (ग्राम भयापुरवा) तथा फर्नीचर उत्पाद से जुड़े श्री गोरखनाथ (ग्राम खरगौरा बस्ती) और नन्दू (ग्राम कटरा) सहित अन्य लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभी लाभार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे टूलकिट का सदुपयोग कर संबंधित ट्रेड में स्वरोजगार स्थापित करें और आत्मनिर्भर बनें। उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी दी कि लाभार्थी मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना एवं ओडीओपी वित्त पोषण योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त कर अपना व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा संजय कैराती, उदय प्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक गौतम कुमार, दिलीप कुमार तिवारी एवं सीएम युवा फेलो सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

## पटखौली खुर्द में कथा समापन, भजन संध्या से गूंजा वातावरण

**पटखौली, श्रावस्ती।** जनपद के ग्राम पटखौली खुर्द में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का समापन आठवें दिन अत्यंत भव्य, दिव्य और अलौकिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर भजन संध्या, हवन-पूजन, ब्रह्मभोज तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व, अपार और श्रद्धामयी उपस्थिति ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया ।कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन से हुआ। यज्ञ की पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पित करते हुए श्रद्धालुओं ने अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वातावरण पूर्णतः पावन, आध्यात्मिक और ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। इसके पश्चात भजन संध्या का शुभारंभ हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

मथुरा-वृंदावन से पधारीं कथा वाचिका आचार्या दिव्या रामायणी ने अपने मर्मस्पर्शी, ज्ञानवर्धक और ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से श्रीमद्भागवत कथा के सार को सरल एवं प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया। उनके वचनों ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, करुणा और सदाचार के भावों को जागृत किया। वहीं गोंडा के सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेन्द्र प्रेमी एवं बहराइच के वीरेंद्र सिंह ने अपने मधुर, सुमधुर और हृदयस्पर्शी भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु झूमने पर विवश हो गए। पूरा पंडाल भक्तिरस और उल्लास से गूंज उठा। इस आयोजन के कथा प्रायोजक मुन्ना सिंह रहे, जिनके सहयोग से यह आयोजन भव्य वसुव्यवस्थित रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजक एसपी सिंह परिहार, राजेश सिंह परिहार, राकेश सिंह परिहार वा विशेष श्रमदान राहुल सिंह, अमित सिंह, आदर्श सिंह अंश सिंह छोटू सिंह ने अपनी निष्ठा, समर्पण और कुशल प्रबंधन के माध्यम से आयोजन को सफल बनाया। उनकी व्यवस्था और समन्वय की हर ओर सराहना हुई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा उपस्थित रहे। साथ ही विधायक प्रतिनिधि अवधेश पांडेय, प्रोफेसर एस.एन. सिंह, जिला पंचायत सदस्य रमन सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष पूजा पांडेय, सदस्य जिला पंचायत इंद्र बहादुर यादव, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य ठाकुर तिवारी सहित अनेक गणमान्य, प्रतिष्ठित और सम्माननीय व्यक्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर अत्यंत आदरपूर्वक और सम्मानभाव से स्वागत किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम के अंत में आयोजित ब्रह्मभोज एवं विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सामाजिक समरसता और एकता की अद्भुत झलक देखने को मिली, जहां सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। यह दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक, अनुकरणीय और हृदयस्पर्शी रहा। इस प्रकार पटखौली खुर्द का यह धार्मिक आयोजन न केवल आस्था और भक्ति का केंद्र बना, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का उत्कृष्ट संदेश भी देकर गया।

## समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्या

**पुरवा, उन्नाव।** तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान जिलाधिकारी घनश्याम मीणा पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। मौके पर राजस्व 58 पुलिस- 19विकास-11व अन्य 11सहित कुल 99 फरियादियों से रुबरू हुए ।जहां मौके पर कुल 10 मामलों का निस्तारण संभव हो सका। शेष लम्बित 89 वादों को निर्धारित समय में निस्तारण कराने के निर्देश मातहतों को दिये। कस्बे के मोहल्ला शीतलगंज निवासिनी गीता ने बताया कि वह एक विधवा महिला ने बताया उसको विधवावस्था पेंशन मिलती थी लेकिन करीब डेढ़ साल से उसकी पेंशन नहीं आ रही है जिससे रोजी रोटी पर संकट उत्पन्न हो गया है। पेंशन बहाल करने की मांग की। असेहरू निवासिनी उर्मिला ने बताया कि उसके मकान के ठीक सामने गांव के ही राजू सज्जन घूरा डालते हैं मना करने पर लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाते हैं और सहन की मिट्टी भी खोदकर ले जा रहें हैं कार्यवाही की मांग की। किदवई नगर कानपुर निवासी प्रखर ने बताया कि उसकी जमीन कस्बा हिम्मत पुर में है जिसका गाटा संख्या 335 है उसी नंबर पर कुछ लोग नींव खोदकर जबरन कब्जा कर रहे हैं कार्य को रूकवाने की मांग की। ग्राम सरवारा असोहा निवासी बाबूलाल ने बताया कि उसकी बहन गुड़िया की शादी 5 मई को होनी है जिसमें गैस की दिक्कत होने के कारण खाना पकाने को सिलन्डर नहीं मिल पा रहे हैं दो गैस सिलेंडर दिलवाने की मांग की। मौके पर उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव, तहसीलदार मनीष द्विवेदी, वीडियो संतोष श्रीवास्तव, पूर्ति अधिकारी भावेश कुमार श्रीवास्तव, सीएचसी प्रभारी डा0 प्रमोद कुमार सहित राजस्व, पुलिस व विद्युत आदि विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने बांटे आयुष्मान गोल्डन कार्ड



**श्रावस्ती।** तहसील इकौना सभागार में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत डीएम अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने तीन लाभार्थियों—नूर मोहम्मद, राजकुमारी और गुड़िया देवी—को गोल्डन कार्ड वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य पात्र नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे सरकारी व सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार प्राप्त कर सकें।

इस अवसर परडीएम ने बताया कि जनपद में अधिकांश पात्र परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जा चुका है तथा शेष लाभार्थियों को कवर करने के लिए अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में विशेष अभियान के तहत बड़ी संख्या में गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम में एस डीएम पीयूष जायसवाल, सीएमओ डा. ए.के. सिंह, तहसीलदार इकौना सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गोवंश संरक्षण को भूसा दान करें

**श्रावस्ती।** डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं भरण-पोषण के लिए संचालित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु आमजन से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजना के अंतर्गत जनपद के स्थायी एवं अस्थायी गो आश्रय स्थलों में वर्तमान में कुल 14,198 गोवंश संरक्षित किए गए हैं, जिनके भरण-पोषण की व्यवस्था शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार की जा रही है। डीएम ने कहा कि वर्तमान में गेहूं की कटाई के बाद भूसे की उपलब्धता को देखते हुए जनप्रतिनिधियों, पशुप्रेमियों एवं जनपदवासियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अधिकाधिक मात्रा में भूसा दान कर गोवंशों के पालन में सहयोग करें। उन्होंने यह भी अपील की कि जो लोग प्रत्यक्ष रूप से भूसा उपलब्ध नहीं करा सकते, वे गौ संरक्षण एवं संरक्षण कोष में आर्थिक सहयोग प्रदान कर सकते हैं। दान के लिए जनपद स्तर पर संचालित खाते में क्यूआर कोड के माध्यम से धनराशि जमा की जा सकती है। संबंधित खाता भारतीय बैंक, शाखा विकास भवन भिनगा में संचालित है। डीएम ने आश्वस्त किया कि प्राप्त समस्त धनराशि वं सामग्री का उपयोग केवल निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण के लिए ही किया जाएगा।

संक्षेप

## खरैला में उपनिदेशक का औचक निरीक्षण

**पिपरौली,गोरखपुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के दावों की जमीनी हकीकत परखने के लिए शनिवार को मंडल उपनिदेशक पंचायती राज हिमांशु शेखर ठाकुर ने विकासखंड पिपरौली की ग्राम पंचायत खरैला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विकास कार्यों में शिथिलता और सार्वजनिक संपत्तियों के रखरखाव में भारी लापरवाही उजागर हुई, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को सख्त चेतावनी दी। निरीक्षण की शुरुआत उपनिदेशक ने ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के जायजे से की। मौके पर मशीनों के संचालन में देरी देख उन्होंने ग्राम सचिव को आड़े हाथों लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यूनिट में स्थापित सभी मशीनों को अविलंब चालू किया जाए। क्षेत्र से एकत्रित होने वाले प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण सुनिश्चित हो। प्रसंस्कृत सामग्री के विक्रय की व्यवस्था की जाए ताकि ग्राम पंचायत के लिए अधिकतम ओएसआर सृजित हो सके और पंचायत आत्मनिर्भर बन सके। प्लास्टिक यूनिट के बाद जब वह गांव के सामुदायिक शौचालय पहुंचे तो वहां का नजारा देख वह दंग रह गए। शौचालय परिसर गंदगी से पटा हुआ था और रख-रखाव का अभाव स्पष्ट झलक रहा था। गंदगी का अंबार देखकर उपनिदेशक का पारा चढ़ गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि तैनात केयरटेकर द्वारा नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं की जा रही है।

## दुर्घटना में घुड़सवार घायल, घोड़ी की मौत

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के बिहार बक्सर मार्ग पर पिथईखेड़ा के पास शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन ने घुड़सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से घोड़ी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही घुड़सवार विनोद यादव 50 निवासी पिथई खेड़ा गम्भीर रुप घायल से हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी सुमेरपुर ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि घायल दुर्घटना में विनोद यादव के हाथ पैर टूट गए हैं। जिसका इलाज उन्नाव में एक प्राइवेट नर्सिंग होम में चल रहा है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा पुत्र सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल मे कक्षा 3-सी का छात्र है। प्रवेश लेने के समय पुत्र का नाम त्रुटिवश रुद्र सिंह दर्ज हो गया था। जब कि उसका सही नाम रुद्र सिंह वर्मा है।
**अमर सिंह वर्मा पुत्र बालगोबिन्द वर्मा निवासी-बी/124/100 फैजाबाद रोड, आईसीआईसीआई बैंक, अयोध्या नगर, बाराबंकी।**

**सूचना**

मै अपनी पुत्री मानसी सोनी के अनैतिक कार्यो से तंग आकर उससे अपने सभी संबंध विच्छेद करता हूँ। मेरी समस्त चल-अचल संपत्ति से उपरोक्त पुत्री का कोई भी वास्ता या अधिकार नहीं होगा तथा भविष्य में भी नहीं रहेगा। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं उत्तरदायी होगी।
**महेन्द्र सोनी पुत्र स्व. पन्ना लाल सोनी, निवासी गंगाधाम, आजाद नगर, नई बस्ती, कोतवाली गंगाघाट, जिला उन्नाव।**

**न्यायालय सूचना**

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7
उपजिलाधिकारी महोदय न्यायिक कादीपुर सुलतानपुर
वाद सं.- टी202604680402156
धारा 116 उ.प्र. रा. सहिंता
तारीख पेशी- 12.05.2026

देवनाथ सिंह

बनाम

1. विश्वनाथ पुत्र राम अधीन
2. राजनाथ उफ राज नरायन पुत्र
3. दिलीप उर्फ सन्तोष सुत पारसनाथ
4. कमला देवी पत्नी पारसनाथ
समस्त निवासीगण ग्राम हाजीपुर परगना अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर
5. ग्राम पंचायत हाजीपुर वीरी द्वारा ग्राम प्रधान हाजीपुर वीरी परगना अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर
6. उ.प्र. सरकार द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी महोदय सुलतानपुर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएवं आपकी एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 12.05.2026 दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 16.04.2026 के दिवस को निकाली गयी।

न्यायालय

# सबसे पहले नहीं, सबसे सही होना जरूरी : कमलेश त्रिपाठी



**गोरखपुर।** सबसे पहले नहीं, सबसे सही होना जरूरी है, इस संदेश के साथ हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने की श्रृंखला में विमर्श की शुरुआत हुई। देवर्षि नारद के जन्मोत्सव पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने साफ कहा कि आज मीडिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसकी विश्वसनीयता है और इसे बचाए रखना ही पत्रकारिता की असली परीक्षा है। मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति, गोरखपुर की ओर से शनिवार को शास्त्री चौक स्थित सूचना संकुल भवन में 'लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका एवं चुनौतियां' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि मीडिया पर बाजारवाद का असर दिख रहा है, लेकिन इसके सकारात्मक पहलू भी हैं। इससे संसाधन और तकनीक बढ़ी है, पत्रकारिता का दायरा विस्तृत हुआ है। हालांकि उन्होंने दो टूक कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में निष्पक्षता और विश्वसनीयता से समझौता नहीं होना चाहिए।

मुख्य वक्ता जगदीश लाल श्रीवास्तव ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को उदन्त मार्तण्ड से हुई थी और आज यह 200 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता बाजार से अलग नहीं रह सकती, लेकिन उसकी आत्मा उसके मूल्यों में ही बसती है। संपादकीय स्वतंत्रता को सबसे जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि दबाव में लिए गए फैसले मीडिया की साख को कमजोर करते हैं। विशिष्ट अतिथि पूर्व संपादक सुजीत पांडेय ने कहा कि पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदला है। पहले खबरें समाज के सरोकारों पर आधारित होती थीं, लेकिन अब कई बार खबरों के हिसाब से समाज को ढालने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। उन्होंने सनसनीखेज खबरों की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई और पत्रकारों से जिम्मेदारी निभाने की अपील की। वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह बशर ने कहा कि आज खबर प्रकाशित होने के बाद भी उस पर भरोसा नहीं बन पा रहा है। फेक न्यूज व अधूरी जानकारी ने मीडिया की साख को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले से ज्यादा सबसे सही होना पत्रकारिता की असली पहचान है। कार्यक्रम में अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि जगदीश लाल श्रीवास्तव को द्यनारद सम्मानह्न से सम्मानित किया गया। मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष अरविंद राय ने बताया कि यह श्रृंखला हर शनिवार को जारी रहेगी। 9, 16 व 23 मई को संगोष्ठियां आयोजित होंगी, जबकि 30 मई 2026 को हिंदी पत्रकारिता दिवस पर भव्य समापन होगा। कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय शंकर सिन्हा ने किया। इस अवसर पर सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव, प्रेस क्लब के अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार टीपी शाही, पूर्व अध्यक्ष रीतेश मिश्रा, गजेंद्र त्रिपाठी, धीरेंद्र गुप्ता, दुर्गेश यादव, महेंद्र गौड़, भूपेंद्र द्विवेदी, मुनव्वर रिजवी, घनश्याम कसौधन, अजय राय, सूर्यप्रकाश कसौधन, वेद प्रकाश पाठक, रवि राय, दीपक त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, रामचंद्र शाही सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## अधेड़ युवक को तेज वाहन ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**असोहा (वीओएल)।** दुकान का सामान लेकर वापस आ रहे अधेड़ को तेज वाहन ने टक्कर मार दी, इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों का रो रो बुराहाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चैकी कालूखेड़ा क्षेत्र के अनवरपुर गांव निवासी 52 वर्षीय ब्रजकिशोर पुत्र बजरंगबली बीते शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे पारा मोड़ पर किराने का सामान लेने गए थे, सामान लेकर साइकिल से रात लगभग नौ बजे घर आ रहे थे, मौरावां मोहनलालगंज मार्ग पर अभी वह सन्डोली मोड़ के पास बने बस स्टॉप पहुंचे ही थे किपीछे से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया ने टक्कर मार दी टक्कर लगते ही साइकिल सवार ब्रज किशोर गिर गए और गम्भीर चोट खा गए, ग्रामीणों ने घायल ब्रजकिशोर के परिजनों को सूचना दी, सूचना पर पहुंचे ब्रजकिशोर के पुत्र आशीष, मनीष घायल को लेकर कालूखेड़ा स्थित निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां हालत चिंताजनक देख डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया, मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान ब्रजकिशोर की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम वही मेडिकल कालेज में हो रहा है, अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नही मिला है।

## 115 मामलों में मात्र 8 का निस्तारण

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 115 मामले निस्तारण के लिए आये थे। जिसमें मात्र आठ मामलों का ही निस्तारण हो सका।शेष मामले संबंधित विभाग से आये अधिकारियों कर्मचारियों को त्वरित निस्तारण के लिए प्रेषित कर दिया गया। बताते चलें कि शनिवार को चौरीचौरा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें फरियादियों द्वारा कुल 115 मामले निस्तारण के लिए आये थे। जिसमें मात्र 8का निस्तारण किया गया। शेष मामले संबंधित विभाग से आये अधिकारियों कर्मचारियों को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। सबसे अधिक मामले राजस्व व चकबंदी विभाग से आये थे। उक्त अवसर पर तहसीलदार चौरीचौरा सत्यप्रकाश गुप्ता, बीडीओ सरदार नगर श्यामलाल,पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा रत्नेश्वर सिंह, थाना प्रभारी चौरीचौरा वेदप्रकाश, थाना प्रभारी झगहा अनूप सिंह तहसील के राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित तमाम विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आजाद समाज पार्टी का बुद्ध जयंती कार्यक्रम आयोजित



**इटावा।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर आजाद समाज पार्टी काशीराम के तत्वावधान में भगवान बुद्ध जयंती के अवसर पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों, बुद्ध अनुयायियों एवं पार्टी कार्यकताओं ने सहभागिता कर भगवान बुद्ध के बताए शांति, करुणा, मानवता, समानता एवं सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बलबीर सिंह जाटव प्रदेश सचिव, आजाद समाज पार्टी काशीराम उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय हर्ष कुमार चैधरी जी मंडल संयोजक, कानपुर मंडल एवं लाल सिंह जाटव मंडल संयोजक, कानपुर मंडल उपस्थित रहे। अध्यक्षता माननीय वीरेंद्र सिंह जाटव ने की। बलबीर सिंह जाटव ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध ने मानव समाज को सत्य, अहिंसा, करुणा, समानता एवं भाईचारे का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का धम्म केवल एक धर्म नहीं, बल्कि मानवता को जोड़ने वाला जीवन का मार्ग है। बुद्ध ने समाज से ऊंच-नीच, भेदभाव और अंधविश्वास को समाप्त कर मानव कल्याण का संदेश दिया। कार्यक्रम में हर्ष कुमार चैधरी, लाल सिंह जाटव, सत्येंद्र शाक्य, आनंद कुमार उर्फ गुड्डू शाक्य, संजीव शाक्य, राजीव यादव, राकेश यादव, सुभाष चंद्र यादव, होम सिंह कठेरिया, हरिश्चंद्र गौतम, गौतम दिवाकर, सुधीर गौतम, चट्टान सिंह जाटव, प्रशील कुमार, राजकुमार जाटव, राकेश जाटव, शिवम कठेरिया, अमर चंद कठेरिया, निलेश जाटव, दिलीप जाटव, दीनदयाल प्रजापति, भूरे, कमल मिस्त्री, राकेश सक्सेना एवं बब्लू शर्मा।

## प्राकृतिक खेती के संबंध में हुई समीक्षा बैठक



**इटावा।** डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में गौशालाओं एवं प्राकृतिक खेती के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की गौशालाओं में हरे चारे की उपलब्धता बढ़ाने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जहां भी चारागाह एवं ग्राम समाज की भूमि उपलब्ध है, वहां बड़े स्तर पर नेपियर घास उगाई जाए। उन्होंने कहा कि नेपियर घास अत्यंत पौष्टिक हरा चारा है, जिसकी जड़ों को सुरक्षित रखा जाए तथा इसका संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें इस घास का उत्पादन कर स्थानीय स्तर पर पशुपालकों एवं गौशालाओं को उपलब्ध करा सकती हैं। बैठक में डीएम ने गौशालाओं को प्राकृतिक खेती से जोड़ने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गौशालाओं में उपलब्ध संसाधनों से जैविक कीटनाशक एवं अन्य उपयोगी उत्पाद आसानी से तैयार किए जा सकते हैं। इसके लिए गौशालाओं के केयरटेकर एवं अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डीएम ने कहा कि जनपद की चार गौशालाओं में इस कार्य की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि अधिक से अधिक किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ें। बैठक में सीडीओ अजय कुमार गौतम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्र, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंह समस्त बीडीओ सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वच्छ विद्यालय प्रतियोगिता का शुभारंभ

- 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा



**गोरखपुर।** नगर निगम गोरखपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ विद्यालय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री के शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में यह अभियान शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य स्कूलों को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ छात्रों को स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर बनाना है।

इस पहल के तहत स्वच्छ स्कूल कैंपेन को धरातल पर उतारते हुए विद्यालयों में स्वच्छता आधारित प्रतियोगिताओं और स्टार रेटिंग व्यवस्था की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में छात्रों की रचनात्मकता और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। द्यकबाड़ से जुगाड़ह्न गतिविधि के तहत बच्चों ने प्लास्टिक की बोतलों, पुराने अखबारों और गत्तों से आकर्षक और उपयोगी कलाकृतियां तैयार कीं। वहीं स्लोगन और निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने स्वच्छ शहर के लिए प्रभावशाली संदेश दिए। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में कलर्स पब्लिक स्कूल, जेएनएस अकादमी, बेला पब्लिक स्कूल और एसके चिल्ड्रेन्स अकादमी के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता की शपथ ली। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे स्कूल परिसर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार होगा।

नगर निगम ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आगामी 4 मई 2026 को पुलिस मॉडर्न स्कूल, सेंट ईश्वी स्कूल, सेंट विवेकानंद जूनियर हाई स्कूल, आदर्श जनता इंटर कॉलेज, आस्था पब्लिक स्कूल और स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

नगर निगम गोरखपुर ने नागरिकों से अपील की है कि जिस प्रकार स्कूलों के छात्र-छात्राएं इस अभियान से जुड़ रहे हैं, उसी तरह आमजन भी अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि गोरखपुर को एक स्वच्छ, सुंदर और आदर्श शहर बनाया जा सके।

## खतरनाक मोड़ पर गिरी दो कारें, 12 घायल

**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कन्नौज-इटावा हाईवे स्थित सेंगर नदी के पुल का मोड़ और तुरैया नहर पुल का मोड़ खतरनाक बने हुए हैं। उक्त खतरनाक मोड़ से पहले संकेतांक सूचना बोर्ड नहीं लगे होने के कारण अधिकांश वाहन चालक धोखा खाते हुए अनियंत्रित होकर मय वाहन के खाई में गिरकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं। बीते दिन शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम तुरैया नहर पुल के खतरनाक मोड़ पर घटना घटित हुई, सुबह करीब 7 बजे एक लग्जरी कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरने के साथ तेज रफ्तार पानी के वहाब में बह रही गंगनहर में डूबने से बच गई। उक्त कार में सवार भाई-बहन समेत दोनों लोग बाल-बाल बच गए। कार बहन चला रही थी, जबकि उसका भाई आगे वाली सीट पर बैठा था। वहीं दूसरी घटना क्षेत्र के कन्नौज-इटावा हाईवे स्थित ग्राम झिंदुआ के समीप सेंगर नदी के पुल के खतरनाक मोड़ पर घटित हुई, शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे बिना संकेतांक सूचना बोर्ड के खतरनाक मोड़ पर एक लग्जरी, जो भरथना से इटावा मरीज को इलाज के लिए लेकर जा रही थी, अचानक खतरनाक मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी, गनीमत रही कि कार में सवार भरथना के गिरधारीपुरा निवासी एक युवा पति-पत्नी, एक मासूम बच्ची व माता-पिता समेत पांच लोगों का पूरा परिवार सवार था, सुरक्षित बाल-बाल बच गए। हालांकि दोनों घटनाओं में कार में सवार सभी लोग मामूली चोटिल होकर सुरक्षित हैं।

## पूर्व छात्रों का सम्मान, बच्चों का संचालन बेसिक शिक्षा में नयी दिशा

**उन्नाव।** औरास विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय, रामपुर गढ़ौवा में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में बच्चों को केंद्र में रखकर उन्हें मंच प्रदान किया गया। करीब तीन घंटे तक चले इस आयोजन में विद्यार्थियों ने संचालन, स्वागत, कार्यक्रम क्रम निर्धारण से लेकर समापन तक की सभी जिम्मेदारियां स्वयं निभाईं। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि बेसिक शिक्षा में बच्चों को अवसर और जिम्मेदारी देकर उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित की जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एथलीट खुशी ने की। उन्होंने शिक्षक प्रदीप वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विद्यालय में मिले अवसरों ने आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया। इस दौरान औरास ब्लॉक के एआरपी मनीष मिश्र ने छात्रा उपासना को साइकिल भेंट की। उपासना स्टेट ट्रायल के हॉस्टल चयन में बेसिक विद्यालय से एकमात्र चयनित



हुई है। इस उपलब्धि को कार्यक्रम में विशेष रूप से सराहा गया। विद्यालय के पूर्व छात्रों में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लक्ष्मी, मोहिनी, पवन, सुधीर, नितिन तिवारी, ईनुस व अरमान सहित आठ विद्यार्थियों को रजिस्टर, पेन एवं बैज अलंकरण कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने इसे विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का परिणाम बताया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। कई छात्रों ने विद्यालय में बिताए समय को अपने जीवन का महत्वपूर्ण चरण बताया। नितिन और पवन ने शिक्षक द्वारा सिखाए गए मूल्यों को आज भी अपनाने की बात कही। इस दौरान विद्यार्थियों की काउंसलिंग भी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। सभी विद्यार्थियों को कुर्सी प्रदान कर उन्हें मंच से जोड़ा गया, जिससे उनमें सहभागिता और आत्मगौरव की भावना विकसित हुई। इस अवसर पर करौंदी प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी यादव एवं सहायक शिक्षक विद्या सागर मिश्र उपस्थित रहे। लक्ष्मी यादव ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सामान्यतः निजी विद्यालयों में देखने को मिलते हैं। विद्या सागर मिश्र ने इसे प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि बच्चों को मंच और अवसर देने से सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। विद्यालय स्टाफ में शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, शशि देवी, शाहे खुबा, रमनजीत कौर और इंद्रपाल उपस्थित रहे।

## भूमि का मुआवजा मांगने को किसान ने दी तहरीर

**जसवंतनगर, इटावा।** तहसील क्षेत्र के मौजा मलाजनी निवासी किसान रामऔतार पुत्र रामनाथ ने व्हीकल अंडरपास निर्माण से प्रभावित हो रही अपनी भूमि व दुकानों का उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 844, रकबा करीब 0.1940 हेक्टेयर भूमि निर्माण कार्य की जद में आ रही है। किसान के अनुसार वर्ष 2013 और 2017 में सड़क चैड़ीकरण के दौरान उनकी भूमि का कुछ हिस्सा अधिग्रहित हुआ था, जिसका आंशिक मुआवजा ही मिला। अब अंडरपास निर्माण से शेष भूमि भी प्रभावित हो रही है। आरोप है कि दो दुकानें, टीनशेड, रेलिंग व पेड़ नुकसान की जद में हैं, लेकिन अब तक कोई सर्वे या मुआवजा नहीं मिला। किसान ने निष्पक्ष सर्वे कर शीघ्र मुआवजा दिलाने और पूर्व बकाया भुगतान कराने की मांग की है।

# शिकायतों के निस्तारण में कमी पर कार्यवाही होगी : डीएम

- समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की शिकायतें
- डीएम ने राजस्व दर्शन पुस्तिका का विमोचन किया



**पुरवा, उन्नाव (वीओएल)।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद की तहसील पुरवा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए फरियादियों की पुलिस, राजस्व, विकास, पूर्ति, नगर पालिका, समाज कल्याण, कृषि विभाग व अन्य विभागों की फरियादियों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाकर समय बद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के निर्देश दिया सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन के पश्चात जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए साफ-साफ कहा कि शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता की कमी पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि शिकायत जिस रूप में प्राप्त हो रही है उसी रूप में उसका निस्तारण भी हो,यह विशेष ध्यान रखें।जिलाधिकारी ने कहा कि बाबू द्वारा बनाई गई आख्या पर विश्वास ना करें स्वयं शिकायतों में रुचि लेकर अधिकारी गण कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जो शिकायत जांच योग्य हैं उन शिकायतों पर अधिकारी मौके पर जाएंगे और फोटो भेजेंगे। कहा शिकायत का निस्तारण कर गुणवत्तापूर्ण आख्या अपलोड करेंगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गंभीरता के साथ गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सभी अधिकारी प्राथमिकता से करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जो लाइन ऑर्डर की शिकायत हैं उनकी टीम बनाकर निस्तारण कराया जाए। इस अवसर पर राजस्व पुलिस विकास नगर पालिका समाज कल्याण पूर्ति कृषि विद्युत व अन्य विभागों सहित कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुई इसी क्रम में राजस्व 58पुलिस 19 विकास 11 अन्य विभागो से 11 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 10 शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश जिला अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आईसीडीएस, स्वास्थ्य,समाज कल्याण, पूर्ति, व अन्य विभागों द्वारा सरकार की कल्याण कारी योजनाओं नीतियों विषयक लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर जानकारी ली गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन के पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील पुरवा से संबंधित राजस्व दर्शन पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर एसएसपी जयप्रकाश सिंह उपजिला अधिकारी पुरवा प्रवेश श्रीवास्तव न्यायिक उपजिलाधिकारी शालिनी तोमर,क्षेत्राधिकारी पुरवा ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी परियोजना निदेशक तेजवंत, तहसीलदार मनीष द्विवेदी,नीरज चतुर्वेदी नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी सन्तोष श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी निशा सागर असोहा, मौरावां, असोहा पुरवा के थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में प्रतिभा दिखायेंगे इटावा के खिलाड़ी



**इटावा।** कानपुर के प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स हब में 1 से 3 मई तक उप्र ताइक्वांडो कमेटी के तत्वावधान में 5वीं आधिकारिक राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इटावा जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी श्इटावा ताइक्वांडोश के बैनर तले अपना दमखम दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतर चुके हैं।

इटावा ताइक्वांडो के सचिव हिमांशु यादव और कोषाध्यक्ष नबीला ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस अहम प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण यह है कि इसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन आगामी श्राष्ट्रीय चैंपियनशिपश के लिए उप्र की राज्य टीम में किया जाएगा। इटावा की ओर से अलग-अलग भार वर्गों में खिलाड़ियों का एक मजबूत दल कानपुर पहुंचा है। इनमें सब-जूनियर बालक वर्ग में श्रेयांश यादव (अंडर 23 किग्रा) व आयुष (अंडर 27 किग्रा) तथा सब-जूनियर बालिका वर्ग में नीलम (अंडर 27 किग्रा), शान्वी यादव (अंडर 35 किग्रा) और आराध्या (अंडर 38 किग्रा) अपनी चुनौती पेश करेंगे। कैडेट बालक वर्ग में प्रियदर्शन शाक्य (अंडर 33 किग्रा), अंश यादव (अंडर 41 किग्रा), सत्यम यादव (65 किग्रा से अधिक) फाइट में और अविघ्न यादव व्यक्तिगत पूमसे में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। कैडेट बालिका वर्ग में सिद्धि त्रिपाठी (अंडर 29 किग्रा), अनुदिता (अंडर 37 किग्रा), वैष्णवी यादव (अंडर 41 किग्रा), दक्षिता (अंडर 41 किग्रा) के साथ-साथ नंदिका व्यक्तिगत पूमसे में इटावा का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इसके अलावा जूनियर बालक वर्ग में रुद्र प्रताप और अभिनव कुशवाहा (दोनों अंडर 45 किग्रा), शौर्य सिंह (अंडर 48 किग्रा) तथा आयुष सिंह (अंडर 51 किग्रा) पदक के लिए जोर लगाएंगे। जूनियर बालिका वर्ग में जैस्मिन चौहान (अंडर 42 किग्रा) और सीनियर बालक वर्ग में राज शर्मा (अंडर 63 किग्रा) अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं, लड़कियों की व्यक्तिगत पूमसे स्पर्धा में सिद्धि त्रिपाठी और आराध्या नहायच भी अपनी कला का विशेष प्रदर्शन करेंगी। इटावा ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष रितेश चतुर्वेदी व मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कड़े अभ्यास और श्याम जी सक्सेना के अनुभवी नेतृत्व में ये सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य टीम में अपनी जगह पक्की करेंगे। सहसचिव हरिगोविन्द सिंह ने इन होनहारों से ढेरों पदकों की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे वे पूरे प्रदेश में इटावा का नाम रोशन कर सकें।

**नगर निकाय निदेशालय, उ.प्र.,
सेक्टर-7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ।**

**पत्र संख्या - एक/364/291/टी.सी./2024, लखनऊः दिनांक 30 अप्रैल, 2026**

**सूचना**

श्री राधेश्याम यादव,
प्रधान सहायक,
नगर निकाय निदेशालय, उ.प्र., लखनऊ।

यह सूचित किया जाता है कि आप नगर निकाय निदेशालय, उ.प्र., लखनऊ में कार्यरत हैं। आप दिनांक 11-12-2023 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं।

कार्यालय द्वारा कई बार पत्राचार/सूचना के माध्यम से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु आप द्वारा कोई उत्तर अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

अतः आपको इस सूचना के माध्यम से निर्देशित किया जाता है कि आप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 02 (दो) दिनों के भीतर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा आपके विरुद्ध सेवा नियमों के अंतर्गत एकपक्षीय कार्यवाही (Ex-party action) की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

(ऋतु सुहास)
निदेशक।

UPID-250781 Date: 02.05.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## अवैध खनन के आरोप में पकड़ी ट्रैक्टर ट्राली

धौरहरा खीरी। क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार सुबह क्षेत्रीय लेखपाल ने मिट्टी से भरे एक वाहन को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट जिला खनन अधिकारी को भेज दी है। क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी और बालू खनन कर बेचने की एसडीएम को शिकायतें लगातार मिल रही थीं। एसडीएम शशिकांत मणि के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल संजय श्रीवास्तव ने शनिवार सुबह मोहल्ला रामबाटिका धाम में कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ लिया, जो मिट्टी से लदा हुआ था। जिसे कब्जे में लेकर कोतवाली परिसर में खड़ा करा दिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त वाहन के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर जिला खनन अधिकारी को भेज दी। एसडीएम शशिकांत मणि ने बताया अबैध खनन की शिकायत पर कार्रवाई हुई है रिपोर्ट खनन अधिकारी को भेजी गई है।

## कार खम्भे से टकरायी युवक की मौत

लखीमपुर खीरी। भीरा थाना क्षेत्र के दरियाबाद से ढखेरवा क्षेत्र में एक शादी से लौट रहे युवक की कार शुक्रवार देर रात गोपालापुर थाना क्षेत्र फूलबेहड़ में मैरिज हॉल के पास खंभे से टकरा गई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी कार छोड़कर भाग निकले। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अभिषेक वाजपेई (18) पुत्र रामसरन वाजपेई, निवासी दरियाबाद, भीरा के रूप में हुई है। अभिषेक शुक्रवार को अपने दो मित्रों अंकित और सत्यपाल के साथ ढखेरवा क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात करीब 2:30 बजे वापसी के दौरान लखीमपुर-भीरा राज्यमार्ग के किनारे गोपालापुर में मैरिज हॉल के पास कार अनियंत्रित होकर खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार में सवार अंकित और सत्यपाल मौके से भाग गए। इलाज न मिलने से अभिषेक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर फूलबेहड़ पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को कार से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## समाधान दिवस में 44 शिकायतों में 4 निस्तारित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 40 शिकायतों को संबंधित विभागों को जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसडीएम प्रतिक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक 27 शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग से संबंधित रहीं, जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण हुआ और 23 प्रार्थना पत्र लंबित रखे गए। पुलिस विभाग से 6, संयुक्त जांच हेतु 4, खाद्य एवं रसद विभाग से 4, गन्ना विकास विभाग, विद्युत विभाग और नगर विकास विभाग से 1-1 शिकायत प्राप्त हुई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों की मौके पर जांच कर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें



जिला संवाददाता(vol)

- संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

लखीमपुर खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील निघासन के सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ प्रदान किए।

जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। इस समाधान दिवस में कुल 125 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 10 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 64, पुलिस विभाग की 26, विकास विभाग की 07, आपूर्ति 09, विद्युत विभाग की 06, नगर पंचायत 05, समाज कल्याण 03, बाल विकास पुष्टाहार, शिक्षा, वन, जल निगम, बैंक की 01-01 एक शिकायत शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम राजीव कुमार निगम, सीओ शिवम कुमार, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ जयेश कुमार सिंह, श्रद्धा गुप्ता सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर खिली मुस्कान, थारू महिलाओं को मिली अपने घर की चाबी

संपूर्ण समाधान दिवस जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का साक्षी बना।

डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग व सीडीओ अभिषेक कुमार ने थारू क्षेत्र की 05 महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत घर की चाबी सौंपी। डीएम ने कहा कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देख कार्यक्रम सफल रहा।

## मेला मैदान में कपड़े की दुकान में आग, लाखों का नुकसान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के मेला मैदान क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक कपड़े की दुकान में आग लगने से भारी नुकसान हो गया। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से आसपास की दुकानों तक लपटें फैलने से बच गईं और बड़ा



हादसा टल गया। मोहल्ला ईदगाह निवासी दुकानदार महबूब आलम के अनुसार वह रात करीब नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात करीब 11 बजे उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर दुकान के अंदर रखा सामान जल चुका था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। पास में रेडीमेड कपड़े, जूता-चप्पल, मसाला और क्रोकरी की कई दुकानें सटी हुई हैं, ऐसे में आग फैलती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। दुकानदार का कहना है कि दुकान में बिजली का कनेक्शन नहीं था, ऐसे में आग लगने की वजह संदिग्ध है। उन्होंने घटना को शरारत की आशंका से जोड़ा है। बताया कि शादी-विवाह के सीजन को देखते हुए कुछ दिन पहले ही करीब 10 लाख रुपये का माल दुकान में रखा गया था, जो आग में जलकर नष्ट हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## बाइक से गिरने पर महिला की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर गांव रामपुर मिश्र के पास बाइक से पति के साथ पत्नी के संदीप परिस्थितियों में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे एंबुलेंस से मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटने लगे कार्रवाई का भरोसा दिलाने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी अनुसार गांव सिसियर निवासी सचिन अपनी पत्नी अंजलि 20 वर्षीय को बाइक पर बैठाकर अपनी ससुराल में बुआ के लड़के सचिन के तिलक में जा रहे थे। रामपुर मिश्र के पास पहुंचते ही अचानक झटके में नीचे गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो जाने पर एंबुलेंस से मोहम्मदी सरकारी अस्पताल लाया गया डॉक्टर ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया पति ने घटना की सूचना अपनी ससुराल वालों को दी अस्पताल पहुंचकर मृतका के भाई और पिता हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटने लगे जिससे पुलिस के हाथ पैर फूल गए पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। हादसा या हत्या को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हुए घटना को ससुराल वाले हादसा बता रहे हैं वहीं मायके पक्ष के लोग शादी के बाद शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है जिसके चलते हत्या कर दी गई है।

## रास्ते में यूरिया बिक्री का वीडियो वायरल होने से मचा हड़कम्प

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रेलवे स्टेशन से सहकारी गन्ना विकास समिति के खाद गोदाम ममरी ले जाई जा रही यूरिया खाद को रास्ते में ही बेचने का मामला सामने आया है। गांव कंजा के पास बीच सड़क ट्रक चालक द्वारा बिना किसी दस्तावेज के खाद बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि ट्रांसपोर्टर के ट्रक से लाई जा रही यूरिया खाद को नगर से करीब दो किलोमीटर दूर कंजा के पास खुलेआम बेचा जा रहा था। मौके पर न तो किसी अधिकारी की मौजूदगी थी और न ही आधार, खतौनी या अंगूठा सत्यापन जैसी कोई प्रक्रिया अपनाई जा रही थी। राहगीरों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मामले की जानकारी होने पर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत चौधरी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद उप गन्ना आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ शशिधर द्विवेदी से जानकारी ली गई। उन्होंने मामले की जानकारी न होने की बात कहते हुए तत्काल सचिव से बात की। इसके बाद सचिव बलवंत चैधरी ने फोन पर बताया कि वह निजी कार्यक्रम में गांव गए हुए हैं। उन्होंने कहा कि खाद ट्रांसपोर्टर की जिम्मेदारी में ममरी गोदाम तक पहुंचाई जानी थी और आरआई पर्ची मिलने तक इसकी जिम्मेदारी ट्रांसपोर्टर की ही रहती है। समिति केवल उतनी ही खाद का भुगतान करती है, जितनी आरआई पर्ची के आधार पर प्राप्त होती है।

बलवंत चौधरी, सचिव, सहकारी गन्ना विकास समिति गोला ने बताया कि ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर की निगरानी में 600 बोरी खाद गोदाम पर उतार दी गई हैं और समिति को पूरी खाद प्राप्त हो गई है।

## चुनाव संपन्न, आर्यन व आराध्या बने प्रधानमंत्री

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद और कन्या भारती के चुनाव प्रबंधन की देखरेख में सम्पन्न हुए। पूरे दिन चली प्रक्रिया के बाद परिणाम घोषित किए गए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भागीदारी की।

चुनाव में छात्र संसद के प्रधानमंत्री पद पर आर्यन पटेल तथा उप प्रधानमंत्री पद पर वेंकटेश्वर दीक्षित निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं कन्या भारती में प्रधानमंत्री पद पर आराध्या शुक्ला और उप प्रधानमंत्री पद पर अनन्य सोनी को चुना गया। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने बताया कि विद्यालय में छात्र संसद का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया जाता है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की तर्ज पर पूरी प्रक्रिया अपनाई जाती है। सबसे पहले चुनाव की अधिसूचना जारी की जाती है, इसके बाद प्रत्येक कक्षा से एक-एक छात्र और छात्रा को सांसद के रूप में चुना जाता है। यही प्रतिनिधि मतदान कर प्रधानमंत्री और उप प्रधानमंत्री का चुनाव करते हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस प्रकार के चुनाव छात्रों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ और जिम्मेदारी का भाव विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम



विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आदित्य कुमार पुरवार, कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नीलकंठ मैदान में कलरव 5.0 का आयोजन 230 प्रतिभागियों ने दिखायी कला



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री गोकर्ण फाउंडेशन द्वारा संचालित गोला टूरिज्म संगठन के तत्वावधान में नगर के नीलकंठ मैदान पर चित्रकला प्रतियोगिता कलरव पंचम संस्करण (5.0) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से 230 से अधिक विद्यार्थियों व युवाओं ने भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को कक्षा एक से लेकर परास्नातक स्तर तक तीन वर्गों में विभाजित किया गया। ऐतिहासिक चैती मेला, सावन मेला और श्री गोकर्णनाथ कॉरिडोर जैसे विषय निर्धारित किए गए, जिन पर प्रतिभागियों ने चित्रों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति और परंपरा को उकेरा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ नगर की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. यदुलेश मुरारी सक्सेना ने प्रतिभागियों की सराहना की। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में वरिष्ठ चित्रकार राजेंद्र सोनी मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा हृदयांशी सक्सेना को सम्मानित किया गया, जिन्होंने हाईस्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा में जनपद स्तर पर स्थान प्राप्त किया है। संगठन ने उनकी कक्षा 11 और 12 की पूरी फीस वहन करने की घोषणा भी की।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के परिणाम एक सप्ताह के भीतर घोषित किए जाएंगे, जिसके बाद विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रायोजकों व बड़ी संख्या में अभिभावक और कला प्रेमी मौजूद रहे।

# नगर पालिका पलियाकला में एडीएम का औचक निरीक्षण, अभिलेखों की हुई गहन जांच

### नामांतरण रजिस्टर अपूर्ण पाए जाने पर जतायी नाराजगी, लगायी फटकार



लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद पलिया कला में उस समय अफरा- तफरी का माहौल बन गया जब एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने अचानक औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की जमीनी हकीकत टटोली। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे एडीएम ने कार्यालय के विभिन्न पटलों का बारीकी से निरीक्षण किया और रखे गए अभिलेखों को खंगाला। इस दौरान एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, तहसीलदार ज्योति वर्मा मौजूद रही।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने एक-एक पटल पर जाकर फाइलों की स्थिति, अभिलेखों के रखरखाव, लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति तथा कार्य निष्पादन की गति की विस्तार से समीक्षा की। राजस्व अनुभाग में कर वसूली की प्रगति, लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि और बकाया वसूली की स्थिति की भी गहन पड़ताल की गई। एडीएम ने विशेष रूप से नामांतरण के मामलों की गहराई से जांच की, जिसमें संबंधित रजिस्टर अपूर्ण पाए गए। इस पर उन्होंने गंभीर रुख अपनाते हुए संबंधित पटल सहायक को चेतावनी दी और निर्देशित किया कि सभी अभिलेखों को पूर्ण एवं व्यवस्थित कर एक सप्ताह के भीतर पुनः जांच कराई जाए। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यालय की कार्यप्रणाली पर विशेष फोकस करते हुए निर्देश दिए कि सभी अभिलेख व्यवस्थित, अद्यतन और पारदर्शी रूप से संधारित किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व व कर वसूली में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी, लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था की गुणवत्ता का सीधा संबंध जनता को मिलने वाली सुविधाओं से है, इसलिए कार्य में गति और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और नियमित समीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, केस दर्ज

बलिया। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के के रोहना गांव में शुक्रवार की रात अज्ञात अराजक तत्वों ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस के अनुसार अराजक तत्वों ने शुक्रवार रात लगभग 11 बजे रोहना गांव में स्थित संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा की एक उंगली तोड़ दी। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक आलोक गुप्ता ने बताया कि आज सुबह ग्रामीणों के जरिए पुलिस को घटना की सूचना मिली। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि इस मामले में गांव के रामनाथ की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धारा में मामला दर्ज किया गया है। एहतियातन घटनास्थल पर नायब तहसीलदार और पुलिस को तैनात किया गया है। क्षेत्र में फिलहाल शांति बनी हुई है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्यवाही कर रही है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवरिया

**Office of The Municipal Board, Deoria**

अबुबकर नगर दक्षिणी, देवरिया, उ.प्र.-274001

Website - http://nppdeoria.in e-mail - eonppdeo@gmail.com

**पत्रांक : 352/वि०वि०-2025-26/देवरिया** **दिनांक : 02/05/2026**

**अति अल्पकालिक नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा ई-निदिया प्रणाली के पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों/का समूह को सूचित किया जाता है कि न. पा. परि., देवरिया द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पालिका द्वारा स्थापित प्रचार-प्रसार हेतु एल.ई.डी. स्क्रीन वित्तीय वर्ष 2026-27, निविदा स्वीकृति तिथि से 31 मार्च, 2027 तक संचालन किये जाने हेतु निलामी ई-निविदा पोर्टल https://www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 04/05/26 से दिनांक 11/05/26 को 03 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। निविदा के साथ यथेष्ठ मूल्य की धरोहर धनराशि तथा निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि को UP e-tender online Account में नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर प्राप्ति रसीद निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। ई-निलामी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विज्ञापन अनुभाग नगर पालिका परिषद, देवरिया में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

1. ई-नीलामी डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय 04/05/2026 11 बजे
2. ई-नीलामी डाउनलोड की अन्तिम तिथि व समय 11/05/2026 03 बजे
3. ई-नीलामी बिड़ खोले जाने की तिथि व समय 12/05/2026 10 बजे

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | न्यूनतम बोली | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हनुमान मन्दिर, पूर्वा चौराहा, टाउन हाल कैम्पस एवं मालवीया रोड पर लगे एल.ई.डी. स्क्रीन का संचालन कार्य। | 9,80,000=00 | 98,000=00 | 1657.00 |

1. नीलामी को स्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी न० पा० परि०, देवरिया में निहित होगा।
2. निविदादाता को जी०एस०टी० नम्बर, आधार कार्ड, पैन कार्ड निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. यह कि एल0ई0डी0 स्क्रीन के रख-रखाव की जिम्मेदारी फर्म की होगी।
4. यह कि एल0ई0डी0 स्क्रीन का स्थान बदला नही जा सकेगा।
5. यह कि ठेके के लिए अधिक दर (धनराशि) आने पर ठेकेदार के पक्ष में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात ही मानी जायेगी। उच्चतम बोलीदाता की जमानत की धनराशि ठेके की धनराशि में समायोजित की जायेगी। उच्चतम बोलीदाता द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण न करने पर प्रथम उच्चतम बोलीदाता की बोली निरस्त कर जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
6. बोलीदाता को बोली में दिये गये सभी प्रपत्र के सत्यता एवं सूचना के सम्बन्ध में शपथ प्रमाण पत्र मूल रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया को सम्बोधित करते हुए निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
7. यह कि उक्त एल०ई०डी० स्क्रीन की वसूली पालिका द्वारा प्रदत उपविधि के अनुसार किया जायेगा। यदि कोई शिकायत या अनियमितता पायी जाती है तो बिना कारण बताये ठेका जनहित में निरस्त कर दिया जायेगा।
8. बोलीदाता के पक्ष में आदेश होने के उपरान्त 50% धनराशि 15 दिवस के अन्दर एवं शेष 50% धनराशि 3 माह के अन्दर पालिका में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उक्त ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
9. सरकारी कार्यक्रमों हेतु पालिका अपनी सुविधानुसार अतिरिक्त एल0ई0डी० स्क्रीन लगवा सकेगी अथवा पूर्व से लगे एल0ई0डी0 स्क्रीन का निःशुल्क इस्तेमाल कर सकती है।
10. ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि एल0ई0डी0 स्क्रीन पर किसी भी प्रकार का अभद्र / मजहब/धर्म/व्यक्ति विशेष को ठेस पहुँचाने वाले फोटो अथवा विडियो को प्रसारित नही करेगा। अगर ऐसा करते हुए पाया जाता है तो सम्बन्धित फर्म के खिलाफ एफ0आई0आर0 आदि कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।
11. किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित होने पर इसकी समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया।**

संक्षेप

## दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की सजा व 25 हजार जुर्माना

**सुलतानपुर (वीओएल)।** एक वर्ष पूर्व बल्दीराय थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में शनिवार को स्पेशल जज पाक्सो एक्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दोषी स्वामीनाथ को 20 वर्ष की कैद व 25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की पूरी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। विशेष लोक अभियोजक सीएल द्विवेदी के मुताबिक बल्दीराय थाने के एक गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गांव के ही आरोपी स्वामीनाथ के खिलाफ पीड़िता की मां ने 27 जनवरी 2025 को मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने से करीब छह माह पूर्व आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। इससे पीड़िता गर्भवती हो गई थी। बाद में पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया था। केस की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह कोर्ट में पेश किए गए।

## अमेठी के गुंगवाछ कांड में विवेचक की गवाही दर्ज, जिरह 15 को

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अमेठी के गुंगवाछ कांड के चर्चित मामले में शनिवार को विवेचक उमाकांत शुक्ल की गवाही दर्ज की गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एडीजे चतुर्थ श्याम मोहन जायसवाल ने विवेचक को जिरह के लिए 16 मई को तलब किया है। अमेठी के ग्राम पूरे राजापुर मौजा गुंगवाछ के पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी व अमरेश यादव और पत्नी नइका उर्फ पार्वती देवी की 15 मार्च 2022 को जमीन को लेकर चल रही रंजिश में हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र अमरजीत यादव की तहरीर पर वर्तमान ग्राम प्रधान आशा तिवारी, उनके पति रामशंकर तिवारी व पुत्र नितिन तिवारी और गांव के बृजेश यादव, अखिलेश यादव, अभिषेक यादव व राम दुलारे यादव के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था।

## आग की चपेट में आयी महिला की इलाज के दौरान मौत

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के बरगदही मजरे बरुवा गांव में सिलेंडर में लीकेज होने से लगी आग की चपेट में आई महिला की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते रविवार को गांव निवासी शिवशंकर मिश्रा के घर में सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई थी जिसकी चपेट में आने से 09 लोग झुलस गए थे। गंभीर रूप से झुलसे तीन लोगों को जिला अस्पताल से केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया था, जहां पर इलाज के दौरान शिवशंकर मिश्रा की पत्नी मंजू देवी (45) की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

## डंपर ट्राला की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के फतेहपुर मार्ग पर शोभवापुर के पास बाइक सवार को सामने से आ रहे डंपर ट्राला ने टक्कर मार दी जिससे चकवापुर मजरे बेहटा कला गांव निवासी बाइक सवार पिंटू (25) पुत्र रमेश लोनिया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में ही बैठे दो बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल लाडो पुत्री राकेश और अभिषेक को इलाज के लिए जिला अस्पताल रायबरेली में भर्ती कराया गया है।

# डीएम ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर सलोन का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने चल रही कक्षाओं का अवलोकन किया। तदोपरांत पठन-पाठन ,पुस्तकालय, छात्रावास, खानपान, प्रयोगशाला व सुरक्षा आदि संबंधी मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों से शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने संस्थान परिसर का भ्रमण कर गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचार्य कार्यालय में समस्त स्टाफ से छात्राओं को संस्थान द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्टाफ की उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल-कूद मैदान सहित पूरे परिसर में साफ सफाई नियमित रूप से कराई जाए। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार, तहसीलदार सलोन दीपिका सिंह उपस्थित रहीं।

**डीएम ने आश्रम पद्धति विद्यालय के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण :** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय ( आश्रम पद्धति) विद्यालय, सलोन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चल रहे नवीनीकरण व निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुवे कहा कि कार्य को मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक व्यवस्थाओं, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई तथा आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत की तथा उनकी पढ़ाई के स्तर की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए और नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जाएं। उन्होंने छात्रावास में साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सलोन चंद्र प्रकाश गौतम, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, तहसीलदार सलोन दीपिका सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एएसपी ने किया महाराजगंज थाने का औचक निरीक्षण

**रायबरेली।** अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने थाना महराजगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव और परिसर की साफ-सफाई का गहन जायजा लिया। एएसपी आलोक सिंह ने कार्यालय के अभिलेखों और रजिस्टरों के रखरखाव का अवलोकन किया। उन्होंने सभी रजिस्टरों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही अपराध रजिस्टर व ड्यूटी रजिस्टर को चेक कर पाई गई खामियों को तत्काल दूर करने को कहा। अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क पर रखे रजिस्टरों का अवलोकन किया और अभिलेखों को नियमित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला संबंधी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। निरीक्षण के अंत में एएसपी आलोक सिंह ने थाने के समस्त पुलिस बल को कार्य में गुणवत्ता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता से मधुर व्यवहार करें और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने बंदी गृह में बंद पड़े कैमरों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने मालखाना एवं भोजनालय का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई व उचित रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा।

## तहसीलदार ने शिकायतों के निस्तारण का दिलाया भरोसा

**लालगंज, रायबरेली।** तहसीलदार शिवम राठौड़ ने संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों को सुना और हर संभव निस्तारण का भरोसा दिलाया। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण करते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार सभी विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्वक करना है। पूरे संभर मदई खेड़ा के राजेंद्र बहादुर सिंह ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ खलिहान में अवैध कब्जे की शिकायत की और कहा कि सरकारी भूमि से कब्जा हटवाया जाए। वहीं पूरे धनऊ मजरे दतौली के वीरेंद्र पुत्र राम अवतार ने अपनी पत्नी रामपती के निधन के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाये जाने की मांग की। इसके अलावा कई किसानों ने भूमि संबंधी विवादों के समाधान के लिए शिकायत की। कई किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री में आ रही दिक्कतों के संबंध में भी शिकायत दर्ज कराई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह, नायब तहसीलदार नागर, एडीओ पंचायत प्रण वीर प्रताप सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारीमौजूद रहे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर हुए इस प्रदर्शन में शिक्षकों ने 6 सूत्रीय एवं 16 सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। धरने में पुरानी पेंशन बहाली, धारा 21 व 18 की पुनर्बहाली, तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण, अवरुद्ध वेतन भुगतान और समान कार्य, समान वेतन जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं। जिला मंत्री अरुण कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, ऐसे में समय से वेतन मिलना उनका अधिकार है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने संगठन की एकजुटता पर जोर देते हुए संघर्ष को जरूरी बताया। धरने को विभिन्न पदाधिकारियों ने संबोधित किया और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की मांग की। अंत में जिला अध्यक्ष व मंत्री ने मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह को सौंपा। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रदेशीय मांगें शासन को भेजी जाएंगी और जिला स्तर की समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जाएगा। बड़ी संख्या में शिक्षक धरने में मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत, चालक गिरफ्तार

जगदीशपुर , अमेठी। जनपद के जगदीशपुर क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर मंगौली गांव के पास दोपहर करीब 11 बजे हुआ, जिससे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान पंकज उपाध्याय ( लगभग 30 वर्ष ) पुत्र सत्य प्रकाश उपाध्याय, निवासी ग्राम गिरिजा मोड़, पोस्ट रैचा, थाना बल्दीराय, जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पंकज अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पंकज उपाध्याय गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। इसके साथ ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटना करने वाले डंपर और उसके चालक को भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद अमेठी में आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। जिला अध्यक्ष भानमती सरोज के नेतृत्व में कार्यकताओं ने एकजुट होकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं में खासा आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे उनमें नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। इस मौके पर जिला संरक्षक देशराज तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अमित तिवारी और ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कांति देवी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में अपनी समस्याओं को उठाते हुए प्रशासन से सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई। ज्ञापन सौंपने वालों में जम्मू देवी, रेखा देवी, सरिता, शकुंतला, सीता और शकीला बानो समेत बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहीं। कार्यकताओं ने बताया कि वे लंबे समय से अपने अधिकारों और सुविधाओं को लेकर संघर्ष कर रही हैं। आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें मजबूर होकर सड़कों पर न उतरना पड़े।

# सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, भक्ति से गूंजा वातावरण



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** कादीपुर रोड स्थित कथा स्थल पर आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ रविवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। आचार्य पंडित सुनील तिवारी वेदांती ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगलाचरण के साथ कथा का प्रारंभ किया। प्रथम दिवस पर आचार्य ने भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि मृत्यु के सत्य को समझ लेने से मनुष्य के भीतर का भय समाप्त हो जाता है। उन्होंने राजा परीक्षित के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि कथा श्रवण से उन्हें अभय पद की प्राप्ति हुई थी। इसी प्रकार श्रीमद्भागवत कथा भी जीव को निर्भय बनाकर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण परमात्मा का साक्षात स्वरूप है और यह वेदों-उपनिषदों का सार है, जो मनुष्य के भीतर भक्ति और श्रद्धा का संचार करता है। कथा से पूर्व मुख्य यजमान रामपाल दुबे ने सपत्नीक व्यासपीठ का पूजन व आरती की। इस दौरान सुमधुर भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन गुड्डू शुक्ला ने किया।

# आरेडिका में बना पहले वंदे भारत ट्रेनसेट डायनेमिक टेस्टिंग और फील्ड ट्रायल के लिए किया गया रवाना

**रायबरेली।** वर्ष 2018 में मात्र दो ट्रेनसेट से प्रारंभ हुई वंदे भारत की यात्रा, आज अपने 100वें ट्रेनसेट के महत्वपूर्ण पड़ाव की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि भारत के कोच आधुनिकीकरण और अत्याधुनिक रेल तकनीक के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।2 मई 2026, एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में दर्ज हुआ, जब आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने अपने पहले 16-कोच वंदे भारत चेयर कार ट्रेनसेट को डायनेमिक टेस्टिंग एवं फील्ड ट्रायल हेतु रवाना किया। इसके साथ ही आरेडिका ने वंदे भारत ट्रेनसेट निमार्ताओं की श्रेणी में सफलतापूर्वक अपना स्थान बना लिया है। यह ट्रेन अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से सुसज्जित है।

नियमित यात्री सेवा में शामिल होने से पूर्व इस ट्रेन का ऑस्सिलेशन परीक्षण किया जाएगा, जिसके माध्यम से इसकी राइड क्वालिटी, सुरक्षा मानकों एवं गतिशील प्रदर्शन का व्यापक परीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। वंदे भारत ब्रांड की गति, दक्षता एवं यात्री सुविधा, को ध्यान में रखते हुए, आरेडिका द्वारा निर्मित इस ट्रेनसेट में विश्वसनीयता एवं सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु अनेक उन्नत इंजीनियरिंग सुधार सम्मिलित किए गए हैं। यह ट्रेनसेट उच्च स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने हेतु आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसमें आरामदायक सीटें, झटके रहित यात्रा, पूर्णतः सील्ड गैंगवे तथा शोर को न्यूनतम करने के लिए ऑटोमैटिक प्लग डोर शामिल हैं। इसके




अतिरिक्त, इसमें स्वदेशी कवच ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम, उन्नत अग्नि पहचान प्रणाली ( एरोसोल आधारित अग्निशमन के साथ) एवं अंडर स्लंग उपकरणों के लिए सुरक्षा प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है। वैक्यूम इन्फ्यूजन तकनीक के माध्यम से ट्रेन के आंतरिक साज - सज्जा को उच्च गुणवत्ता एवं उत्कृष्ट फिनिशिंग प्रदान की गई है। यह ट्रेन पूर्णतः दिव्यांगजन-अनुकूल है, जिसमें रैंप, निर्धारित स्थान एवं विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे सभी यात्रियों के लिए समावेशी एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सके। आरेडिका रायबरेली द्वारा निर्मित यह नवीनतम वंदे भारत ट्रेनसेट भारत के तेज, सुरक्षित एवं आरामदायक रेल परिवहन के भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह उपलब्धि भारतीय रेल की नवाचार, आत्मनिर्भरता, समावेशन एवं विश्वस्तरीय विनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः प्रमाणित करती है।

# डीएम ने गेहूं क्रय केंद्र का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने विकास खण्ड डीह स्थित गेहूँ क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेहूँ क्रय केन्द्र पर खरीद कार्य पूरी सतर्कता के साथ प्रभावी तरीके से संचालन किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि गेहूँ क्रय केन्द्रों पर अपनी उपज बेचने में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हों। किसी भी दशा में गेहूँ क्रय केन्द्रों पर दलाल व बिचैलियां, किसान विरोधी आदि असामाजिक तत्व न दिखाई पड़े। किसानों से गेहूँ खरीद में कोई विलम्ब नही होना चाहिए तथा किसानों को उपज का मूल्य का भुगतान निर्धारित समय के अन्दर उनके खातों में हस्तातरित हो जाना चाहिए। उन्होंने गेहूँ खरीद को बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने किसानों के भुगतान आदि के जानकारी ली।

डीएम ने केंद्र पर आये कई किसानों से भी गेहूँ खरीद व अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जाना तथा उनके प्रपत्रों को भी देखा। उन्होंने निर्देश दिये कि नमी मापक यंत्र, बोरे, इलेक्ट्रॉनिक कांटा आदि व्यवस्था दुरूस्त रखा जाए। गेहूँ क्रय केंद्र पर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करते हुए केन्द्रों पर किसानों से अधिक से अधिक नियमानुसार गेहूँ की खरीद की जाए। उन्होंने कहा यदि केन्द्र पर आवक अधिक है तो रविवार के दिन भी केंद्र पर तौल आदि कराई जाए, जिससे केंद्र पर खरीद अधिक हो सके व किसानों को सहुलियत मिल सके। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा निर्धारित गेहूँ समर्थन मूल्य के अनुसार ही किसानों से ज्यादा से ज्यादा गेहूँ क्रय किया जाए एवं केंद्रों पर समुचित व्यवस्था आदि दुरूस्त रखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता न बरती जाए। इस दौरान एस डीएम सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता, तहसीलदार सलोन दीपिका सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवनीश सिंह के सिर बंधा आरएसएम सतांव ब्लॉक अध्यक्ष का ताज

**रायबरेली।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की सतांव कार्यकारिणी का चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। प्राथमिक विद्यालय दरीबा में हुए ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव पर्यवेक्षक जयकरन और निर्वाचन अधिकारी हरिमोहन यादव की निगरानी एवं मार्गदर्शन में निर्वाचन व पुनर्गठन सकुशल संपन्न हुआ। जिला कार्यकारिणी की देखरेख में हुए चुनाव में अवनीश सिंह एक बार फिर से ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए। वहीं, ब्लॉक संरक्षक के पद पर महेंद्र प्रताप सिंह को मनोनीत किया गया।

प्राथमिक विद्यालय दरीबा में सम्पन्न हुए निर्वाचन व पुनर्गठन में कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र यादव, महामंत्री आशीष त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष पंकज पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव, संगठन मंत्री दिनेश सिंह, सह-संगठन मंत्री प्रवीण वाजपेई, उपाध्यक्ष श्वेता सिंह, मृदुला रानी, बृजेश कुमार एवं सुधीर कुमार, मीडिया प्रभारी अनूप यादव, सह-मीडिया प्रभारी अजय कुमार, संयुक्त महामंत्री अशोक त्रिवेदी, संयुक्त मंत्री नमिता कुमारी, शुभांगिनी सिंह, प्रेमचंद यादव व धर्मेंद्र यादव को चुना गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, महामंत्री संजय कनौजिया ने सभी निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यकारिणी शिक्षा एवं शिक्षक हित में बगैर किसी भय, पक्षपात, राग या द्वेष के संगठन के सदस्यों की निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए कटिबद्ध है। जिला संगठन सदैव ही शिक्षकों के हित में कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर, जिला मंत्री शशि देवी, यादवेंद्र प्रताप सिंह, अनुराग मिश्रा, अनूप सिंह, बृजेंद्र कुमार, आनंद प्रताप सिंह, अखिलेश चैरसिया, मनोज राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

## एआई शिक्षक का विकल्प नहीं, संकल्प होना चाहिए



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के बी.एड. विभाग द्वारा बाबू धनञ्जय सिंह स्मृति व्याख्यान माला के अंतर्गत शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, प्रशिक्षणार्थियों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्राचार्य प्रो. निशा सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है और तकनीक का संतुलित उपयोग इसे प्रभावी बनाता है। मुख्य वक्ता के रूप में केएनआईटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि एआई शिक्षा को अधिक सुलभ, रोचक और प्रभावी बना रही है तथा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत सीखने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने चेताया कि एआई का उपयोग केवल ज्ञानवर्धन के लिए होना चाहिए, दुरुपयोग से बचना जरूरी है। संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. संतोष ह्यअंशह्ल ने कहा कि एआई ज्ञान का विस्तार करती है, लेकिन शिक्षक का स्थान मार्गदर्शक के रूप में सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने कहा कि एआई शिक्षक का विकल्प नहीं, बल्कि संकल्प होना चाहिए। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सिंह ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मानहानि केस में राहुल गांधी को कोर्ट से मिली राहत वायस सैंपल का मिलान कराने की अर्जी खारिज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप का सामना कर रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी को शनिवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र की ओर से राहुल गांधी के वायस सैंपल का विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिलान कराने के लिए दी गई अर्जी को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने बहस के लिए 11 मई की तिथि तय की है। राहुल गांधी पर वर्ष 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बेंगलुरू में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने कोर्ट में मानहानि का परिवाद दायर किया था। इसमें राहुल गांधी की जमानत हो गई है और बयान भी दर्ज हो गया है। बीते 12 मार्च को परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने राहुल गांधी के वायस सैंपल का विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिलान कराने के लिए अर्जी दी थी। इसका राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ल की ओर से विरोध किया गया था। उधर, परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के आदेश को सेशन कोर्ट में चुनौती दी जायेगी।

## अमेठी तहसील में किसानों का हंगामा, किसान नेता को घसीटते हुए थाने ले गयी पुलिस

**अमेठी।** शनिवार को तहसील परिसर में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब 15 सूत्रीय मांगों को लेकर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (भानु) के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद के दौरान पुलिस ने संगठन के जिलाध्यक्ष को पकड़कर घसीटते हुए थाने पहुंचा दिया। घटना के बाद करीब 20 मिनट तक तहसील परिसर में अफरातफरी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार, समाधान दिवस के मौके पर किसान यूनियन के पदाधिकारी तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन किसान तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। आरोप है कि जिलाधिकारी के लौटते समय कुछ किसान नेताओं ने उनकी गाड़ी रोकने का प्रयास किया। इस पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह वाहन को वहां से निकलवाया। डीएम के जाने के बाद मामला और गरमा गया। इसी बीच पुलिस किसान संगठन द्वारा लाए गए माइक लेकर ई-रिक्शा को थाने ले जाने लगी, जिसका किसान नेताओं ने विरोध किया। संगठन नेता अजय मिश्र उर्फ बिलसन बाबा और जिलाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्र ने ई-रिक्शा रोकने की कोशिश की, जिससे पुलिस और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद बढ़ने पर पुलिस ने जिलाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्र को पकड़ लिया और घसीटते हुए थाने ले गई। घटना के दौरान किसानों ने ह्वडीएम अमेठी मुर्दाबादह्ल और ह्वतहसील प्रशासन मुर्दाबादह्ल के नारे भी लगाए। घटना के बाद कुछ देर तक तहसील परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, हालांकि बाद में पुलिस और प्रशासन ने मामला शांत करा दिया।

# गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतें हल करें अधिकारी



**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील सलोन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सलोन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 16, पुलिस विभाग 7, विकास विभाग 5, चकबंदी विभाग 4, नगर पंचायत विभाग 10, समाज कल्याण विभाग 5, जिला पूर्ति विभाग 6, विद्युत एक व लोक निर्माण विभाग एक समेत 55 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 15 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० नवीन चंद्रा, उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, तहसीलदार सलोन दीपिका सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 42 शिकायतों में 7 का मौके पर निस्तारण

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील सभागार महराजगंज में शनिवार को ह्यसंपूर्ण समाधान दिवसह्ल का आयोजन एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस के दौरान कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पुलिस विभाग की 14, राजस्व विभाग की 11, विकास विभाग की 4 तथा अन्य विभागों की 13 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से मौके पर केवल 7 शिकायतों का निस्तारण किया जा सका, जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह, एसडीएम गौतम सिंह, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, नया तहसीलदार सत्यराज, अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## 136 का चालान और 17 वाहन सीज किये गए

देवरिया। पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर बस स्टैंड, कचहरी चौराहा, गोरखपुर ओवर ब्रिज एवं कसया ओवर ब्रिज पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, आटो व ई-रिक्शा तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस/बिना फिटनेस के चलने वाले आटो एवं ई-रिक्शा वाहनों, बस स्टैंड पर अभियान चला कर नो हेलमेट एवं तीन सवारी बाइक से चलने वालों के विरुद्ध एम0 वी0 एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। साथ ही राघव नगर एवं कसया रोड पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों का एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही किया गया । अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 136 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 14 वाहनों को सीज किया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 77 प्रकरणों की सुनवाई, 05 का निस्तारण




जिला संवाददाता

कुशीनगर। सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनसुनवाई एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण के उद्देश्य से तहसील हाटा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान राजस्व, पुलिस विभाग, समाज कल्याण, महिला कल्याण, मनरेगा, एवं अन्य विभागों से संबंधित कुल 77 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 05 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 72 प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

शनिवार को जन सुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजस्व विभाग के 42 (निस्तारित 5 अवशेष 37 ), पुलिस विभाग के 11 , विकास विभाग के 4, शिक्षा विभाग-1, अन्य विभाग-19, इस प्रकार से कुल प्राप्त 77 आवेदन पत्रों में 05 का मौके पर निस्तारण किया गया।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों की जांच प्राथमिकता के आधार पर करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से राजस्व संबंधी विवादों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर समाधान करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, आपसी रंजिश एवं अन्य संवेदनशील मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश बर्मा, उपजिलाधिकारी हाटा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, समस्त थाना प्रभारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम कसया ने सुनी फरियाद, दिया न्याय का भरोसा

कसया, कुशीनगर। उपजिलाधिकारी कसया डॉ0 संतराज सिंह बघेल ने संपूर्ण समाधान दिवस करुणा और मानवता का उदाहरण देते हुए फरियाद लेकर पहुंची 65 वर्षीय बुजुर्गा के पास अपनी कुर्सी छोकर पहुंचे और बड़ी आत्मीयता से उनकी पीड़ा को सुना और न्याय का भरोसा दिया।शनिवार को तहसील सभागार में अपनी अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम श्री बघेल ने तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके गुणवत्ता पूर्ण पारदर्शी तरीके से समयावधि में समाधान के निर्देश मातहतों को दिए।

एसडीएम श्री बघेल ने कहा कि आम जन को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई इनमें से राजस्व की 22 शिकायत जिसमें से पांच राजस्व की शिकायतों का जो कि कागजात दुरुस्ती व घरौनी से संबंधित थी। निस्तारण तुरंत हो गया। शेष शिकायतें पुलिस विभाग, विकास विभाग, आपूर्ति विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग से संबंधित थी। उप जिलाधिकारी ने उक्त शेष बची 27 से शिकायतों में से 10 समस्याओं के निस्तारण हेतु आज ही टीम बनाकर मौके पर अधिकारियों को भेज दिया। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों को मिलेगा मौके पर समाधान : 6 मई को लगेगा मोबाइल कोर्ट

देवरिया। अब दिव्यांगजनों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जनपद में 06 मई को मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है, जहां मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। यह आयोजन राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर किया जा रहा है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की भावना के अनुरूप सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से यह पहल की गई है।उन्होंने बताया कि 06 मई को प्रातः 10 बजे से गांधी सभागार, विकास भवन परिसर, देवरिया में एक दिवसीय मोबाइल कोर्ट आयोजित किया जाएगा, जहां दिव्यांगजन अपनी समस्याएं सीधे प्रस्तुत कर सकेंगे। उन्होंने जनपद के इच्छुक दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए मोबाइल कोर्ट में पहुंचकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करें।

## 9 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु की गयी प्री-ट्रायल बैठक

देवरिया। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा मा0जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री धनेंद्र प्रताप सिंह के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में 9 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त विभागों के साथ दीवानी न्यायालय के सभागार कक्ष में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त विभाग चिन्हित किये हुये मामलें को संदर्भित करें तथा अधिक से अधिक संख्या में मामलों को लोक अदालत के दिन लगाकर मामलों का निस्तारण करावें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के प्रभारी सचिव /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगन्नाथ ने समस्त उपस्थित अधिकारीगण को निर्देशित किया कि लोक अदालत की सफलता हेतु प्रचार-प्रसार को व्यापक स्तर पर करें तथा लोगो के बीच जनजागरूकता हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना सुनिश्चित करें। इस दौरान समस्त विभाग के अधिकारियों को सचिव के द्वारा लोक अदालत की सफलता हेतु एक साथ आगे आने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत 9 ।मई दिन शनिवार को आयोजित किया जाना सुनिश्चित हैं जिसमें व्यापक स्तर पर बैंक, बीमा, राजस्व, विद्युत, जल, सर्विस में वेतन एवं भत्ते, सिविल, श्रम, अन्य लघु अपराधिक मामलें तथा प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण किया जाना हैं ।इस बैठक में मुख्य रूप से सम्बंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# श्रद्धापूर्वक याद किये गये पूर्व मंत्री शारदानन्द अंचल



देवरिया। पूर्वांचल के कद्दावर समाजवादी नेता शारदानंद अंचल ने बलिया जिले से विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सामाजिक समरसता के प्रतीक को रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में श्रद्धापूर्वक याद किया गया । सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि शारदानंद अंचल संघर्ष और समाजवादी विचार के मजबूत पिलर थे सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने शारदानंद अंचल को उनके स्मृति दिवस पर याद करते हुए कहा कि मिनिस्टर के रूप में अंचल जी जैसा सादगी युक्त सर्व सुलभ नेता मिलना मुश्किल है ।अपने गांव के पंचायत भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर सहकारिता मंत्री पंहुचने वाले शारदानंद अंचल के सामाजिक योगदान की विस्तार से चर्चा करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर सुरेश नारायण सिंह,मुरलीधर, व्यास यादव,गोविंद यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, नारायण प्रसाद, उत्तिम यादव, लोरिक गोंड, सतेंद्र यादव, बेलभद्र गोंड, लालसा यादव, मिथिला वर्मा, कांता यादव, मोतीलाल सिंह आदि प्रमुखरूप से उपस्थित थे।

# डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश





देवरिया ।सलेमपुर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर की उपस्थिति में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके और उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 54 राजस्व, 09 पुलिस, 05 विकास, 02 समाज कल्याण एवं 20 अन्य विभागों से संबंधित थे। इनमें से 17 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को त्वरित राहत प्रदान की गई। शेष प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रक्क्र)-2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बीएलओ को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही तहसील सभागार सलेमपुर में सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने उनकी सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- 90 शिकायतों में से 17 का मौके पर निस्तारण
- मेधावियों का हुआ सम्मान

## पेट्रोल-डीजल संकट से क्षेत्र मचा हाहाकार, दिनभर भटकते रहे लोग

भटनी (देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की किल्लत ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि क्षेत्र में लगभग 11 पेट्रोल पम्प होने के बावजूद लोगों को ईंधन के लिए दिनभर भटकना पड़ रहा है। अधिकांश पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से जनमानस में हाहाकार मचा हुआ है ।बताया जा रहा है कि नगर क्षेत्र के आसपास स्थित चार प्रमुख पेट्रोल पम्पों पर भी ईंधन उपलब्ध नहीं है। लोग सुबह से ही पेट्रोल-डीजल की तलाश में एक पम्प से दूसरे पम्प तक चक्कर काटते नजर आ रहे हैं। कहीं थोड़ी बहुत आपूर्ति की सूचना मिलती भी है, तो वहां पहुंचते-पहुंचते स्टॉक खत्म हो जा रहा है। कई स्थानों पर कर्मचारी इशारों में ही ईंधन न होने की बात बता रहे हैं ।ईंधन की कमी के कारण वाहन चालको को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग रास्ते में ही अपनी बाइक बंद हो जाने से जूझते दिखे, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गईं। आम जनता का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है, जिससे दैनिक जीवन और आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है ।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है, ताकि इस समस्या से राहत मिल सके।

# उपमुख्यमंत्रियों को ज्ञापन सौंप त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

जिला संवाददाता



कुशीनगर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री को अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर त्रिस्तरीय पंचायत न होने की स्थिति में चुने प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है।

कुशीनगर दौरे पर शुक्रवार को आए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष अकबर अंसारी के नेतृत्व में प्रधानों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रधानों ने कहा कि पंचायत का कार्यकाल 26 जून एवं 19 जुलाई को खत्म होने जा रहा है। वर्तमान परिस्थितियों के सम्यक परीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि निर्धारित समयावधि के भीतर पंचायत चुनाव का सम्पन्न होना व्यावहारिक रूप से संभव प्रतीत नहीं होता। जैसे मतदान सूची में पुनर्निरीक्षण में विलम्ब,पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की प्रक्रिया लंबित होना और सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया अपूर्ण रहना, ये सभी तथ्य इस ओर संकेत करते हैं कि आवश्यक विधिक औपचारिकताओं की पूर्ति के बिना चुनाव कराना संभव नहीं होगा। ऐसी स्थिति में यदि निर्वाचित पंचायतों के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति की जाती है तो यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत होगा। बल्कि पूर्व के अनुभव भी इन व्यवस्थाओं को उजागर करते हैं। विगत वर्ष कोरोना काल में प्रशासकों की नियुक्ति के दौरान अनेक स्थानों पर पारदर्शिता की कमी, जवाबदेही का अभाव तथा वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें सामने आईं। ग्रामीण प्रशासन पर जन विश्वास प्रभावित हुआ। पंचायत प्रतिनिधि जनता से सीधे चुने हुए होते हैं और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। देश के राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड में सामान्य परिस्थितियों पंचायत प्रतिनिधियों को कार्यभार सौंपकर लोकतांत्रिक निरंतरता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान कुशीनगर विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, जिपंस दुर्गावती देवी, जिला सचिव मोहन लाल गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष विजय बहादुर राय, भूपेंद्र सिंह, जानकी देवी, स्वतंत्र सिंह, देव दत्त सिंह, वैद्यनाथ सिंह, राज किशोर राय, रियाजउद्दीन अंसारी, राज किशोर सिंह, आफताब आलम, कन्हैया सिंह, कमलेश गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, फिरोज, अजय जायसवाल, राम प्रताप कुशवाहा सहित प्रधान मौजूद रहे।

# पुलिस से निराश महिला ने खटखटाया उपभोक्ता फोरम का दरवाजा

जिला संवाददाता

फतेहपुर ।गाजीपुर थाना क्षेत्र के मनीखेड़ गांव से एक बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक महिला के साथ कथित रूप से मारपीट, जातिसूचक गालियां और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप होने के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता अब चर्चा का विषय बन चुकी है ।पीड़िता के परिवार के अनुसार, घटना के बाद से ही वे न्याय की उम्मीद में लगातार गाजीपुर थाने के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। आरोप है कि पुलिस ने न सिर्फ मामले को गंभीरता से नहीं लिया, बल्कि पीड़ित पक्ष के साथ असंवेदनशील व्यवहार भी किया ।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़िता गाजीपुर थाने में गुहार लगाई, तो उन्हें साफ शब्दों में कह दिया गया जहां जाना है, वहां चले जाइए। यह कथन न सिर्फ पुलिस के रवैये को दशार्ता है, बल्कि आम नागरिकों के विश्वास पर भी सीधा प्रहार करता है ।बताया जा रहा है कि क्षेत्राधिकारी सीओ द्वारा पीड़िता का बयान भी दर्ज किया गया था, जिससे उम्मीद जगी थी कि अब कार्रवाई होगी। लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। न एफआईआर दर्ज की गई न ही आरोपियों पर कोई कानूनी कार्रवाई की गई मानवाधिकार आयोग और उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया है। पीड़िता ने वहां लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है और गाजीपुर थाना पर मनमानी तथा लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं ।परिवार का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उच्च स्तर पर शिकायत कि आखिर पुलिस किसके लिए काम कर रही है यह मामला अब सिर्फ एक परिवार का नहीं रह गया है।

## पूर्णिमा पर सजी गंगा आरती स्वच्छता का लिया संकल्प




फतेहपुर। पूर्णिमा पर ओमघाट मे जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं अपर जिलाधिकारी डॉ अविनाश त्रिपाठी एवं स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने की गंगा आरती, भक्तों ने किया दीपदान गंगा बचाओ सेवा समिति नमामि गंगे एवं जिला गंगा समिति द्वारा पूर्णिमा पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा घाट की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। गंगा आरती में मुख यजमान के रूप में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स , एवं अपर जिलाधिकारी डॉ.अविनाश त्रिपाठी, स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज मौजूद रहे ।गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में भक्तों ने दीपदान किया ।गंगा आरती में जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि हम सब का दायित्व है मां गंगा को अविरल व निर्मल बनाए रखना ।

गंगा आरती में अपर जिलाधिकारी डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने कहा कि गंगा नदी को गंदा न करें एवं मां गंगा को स्वच्छ रखें ।अंत मे गंगा समग्र के कुलदीप सिंह भदौरिया एवं धीरज त्रिपाठी ने गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर गायत्री परिवार के रामस्वरूप गुप्ता, रवींद्र सिंह, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता संजय गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, नारायण बाबू गुप्ता, सुशील गुप्ता, फौजी , गंगा समग्र के कुलदीप सिंह भदौरिया, धीरज राठौर, श्रीमती कविता रस्तोगी ,चौरसिया रीता सिंह तोमर, वंदना द्विवेदी, साधना चौरसिया, पूनम गुप्ता, लक्ष्मी सिंह , वंदना गुप्ता मधु गुप्ता, सुनीता गुप्ता , ओ.एस.डी. शैलेंद्र श्रीवास्तव, सुधाकर अवस्थी एडवोकेट, अजय सिंह एडवोकेट, देवनारायण मिश्रा , राघवेंद्र सिंह, अनुज, वीरेंद्र साहू , सुरेंद्र पाठक, प्रांशु रस्तोगी, विवेक , माधव दीक्षित, अहम शर्मा ,सुमित, शिवम मिश्रा आर्यन मिश्रा मौजूद रहे।

# कानूनगो ओमप्रकाश पर घूस लेते वीडियो वायरल

जिला संवाददाता



कुशीनगर। जनपद के कप्तानगंज तहसील क्षेत्र में राजस्व विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के कटघरे में खड़ी हो गई है। यहां जमीन की पैमाइश अब सरकारी प्रक्रिया कम और ह्यसेटिंगह्ण का खेल ज्यादा नजर आने लगी है। ताजा मामला सिर्फ आरोपों तक सीमित नहीं है बल्कि एक वायरल वीडियो ने पूरे सिस्टम को झकझोर कर रख दिया है। सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे इस वीडियो में कथित तौर पर कानूनगो ओमप्रकाश पाण्डेय बोदरवार के एक किसान से खेत की पैमाइश के नाम पर पैसे लेते हुए नजर आ रहे हैं ।हालांकि प्रशासन ने अभी तक वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन वीडियो के सामने आते ही क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। गांव-गांव में लोग इस वीडियो को देखकर सवाल उठा रहे हैं कि क्या अब सरकारी नाप-जोख भी खुलेआम सौदेबाजी का हिस्सा बन चुका है ?गांवों से उठ रही आवाजें बता रही हैं कि राजस्व विभाग में काम करवाना अब आम आदमी के बस की बात नहीं रह गई ।गांवों से लेकर तहसील मुख्यालय तक एक ही चर्चा है ह्लबिना पैसा का कुछ नहीं होगा ।ह्व किसानों का कहना है कि पैमाइश के लिए आवेदन करने के बाद उन्हें बार-बार तारीखें दी जाती हैं। कभी कर्मचारी नहीं आते, कभी फाइल में कमी निकाल दी जाती है, तो कभी नया बहाना बनाकर काम टाल दिया जाता है, लेकिन जैसे ही ह्यखर्चा-पानीह्ण का इंतजाम होता है, वही काम फुर्ती से निपटा दिया जाता है।

**कानूनगो के कारस्तानी का वीडियो वायरल होते ही कप्तानगंज तहसील में मचा हड़कंप**

### नयी नहीं है सरकारी मशीनरी की घूस लेने की कारस्तानी

किसानों का कहना है कि यह वीडियो कोई नई कहानी नहीं दिखा रहा, बल्कि उस कड़वी सच्चाई को उजागर कर रहा है जिसे वे वर्षों से झेलते आ रहे हैं। उनका आरोप है कि कप्तानगंज तहसील में पैमाइश जैसे कार्य बिना ह्ललेन-देनह्व के पूरे ही नहीं होते ।आवेदन देने के बाद उन्हें महीनों तक दौड़ाया जाता है, लेकिन जैसे ही पैसे दिए जाते हैं, फाइलें तेजी से आगे बढ़ने लगती हैं। वायरल वीडियो ने इन आरोपों को और मजबूती दे दी है। अब सवाल सिर्फ कानूनगो पर नहीं, बल्कि पूरे तंत्र पर उठ रहे हैं। अगर एक कानूनगो खुलेआम कैमरे में घूस लेते नजर आ रहा है, तो क्या यह संकेत काफी नहीं कि सिस्टम के भीतर कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की जड़े गहराई तक जम चुकी है ?

### राशि तय होने पर गिरती है जरीब जमीन पर

यह कोई एक-दो लोगों की शिकायत नहीं, बल्कि एक पूरी श्रृंखला बन चुकी है, जिसमें छोटे कर्मचारी से लेकर बड़े स्तर के अधिकारियों तक, सबकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि यह ह्यअवैध नियमह्ण अब इतना मजबूत हो चुका है कि बिना पैसे दिए काम करवाना लगभग असंभव हो गया है। स्थानीय किसानों का कहना है कि खेत की पैमाइश जैसी बुनियादी प्रक्रिया अब ह्लराशि तय होनेह्व पर ही आगे बढ़ती है। बिना चढ़ावे के न तो तारीख मिलती है और न ही नाप के लिए जरीब जमीन पर गिरती है।

### सिस्टम के कार्यशैली पर सवाल

इस घटना के बाद प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। क्या निगरानी तंत्र पूरी तरह फेल हो चुका है? क्या शिकायतों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जाता रहा है ? या फिर यह सब एक संगठित ढंग से चल रहा खेल है ? किसानों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ रहा है। उनका कहना है कि ह्लअगर हमारे ही खेत की नाप के लिए हमें रिश्वत देनी पड़े, तो यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि हमारे हक का खुला हनन है।

## कार खंती में गिरी 2 की मौके पर मौत

फतेहपुर ।अशोथर थाना क्षेत्र के पुर बुजुर्ग गांव के पास एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से दौड़ रही एक कार अनियंत्रित हो गई और पहले विद्युत पोल से जोरदार टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे बनी गहरी खंती में समा गई। इस भयावह दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अन्य पांच यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

हादसे की जानकारी मिलते ही अशोथर थाने की पुलिस टीम और स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य तत्काल शुरू कर दिए गए। घायलों को निकालने के लिए ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने खासी मशक्कत की। सभी घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर फतेहपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत को गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में कुल सात लोग सवार थे, जो निकटवर्ती क्षेत्र में एक बरात समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की जलकर मौत

अयोध्या। जनपद के हैदरगंज थाना क्षेत्र के बलरामपुर गांव में 24 वर्षीय नवविवाहिता पूजा की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई। शनिवार सुबह गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में उसे मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम घूरीटीकर, थाना तारुन की रहने वाली पूजा की शादी 30 अप्रैल को बलरामपुर निवासी राहुल के साथ हुई थी। मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से पूजा को ससुराल में प्रताड़ित किया जा रहा था। मृतका के भाई दीपक के अनुसार, घटना से एक दिन पहले वह बहन को लेने ससुराल गया था। इस दौरान विवाद हुआ और पति राहुल उसे जबरन वापस ले गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना से एक दिन पहले राहुल ने आत्महत्या का प्रयास किया था। शनिवार सुबह घर के अंदर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। दीपक के अनुसार, घटना के समय ससुराल पक्ष के लोग घर पर नहीं मिले। ग्रामीणों ने बताया कि वे सभी लोग पूजा को अस्पताल लेकर गए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## कपड़ा खरीदने आये युवक की बाइक चोरी

तंबौर/सीतापुर। कस्बे के व्यस्त सदर बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब कपड़ा खरीदने आए एक युवक की बाइक अज्ञात चोरों ने सरेआम पार कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, हजरतपुर निवासी ज्ञानेन्द्र सिंह बीती शाम अपनी बाइक से तंबौर कस्बे के सदर बाजार स्थित एक कपड़े की दुकान पर खरीदारी करने आए थे। उन्होंने दुकान के बाहर अपनी बाइक खड़ी की और अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह बाहर निकले तो उनकी बाइक मौके से गायब थी। बाइक गायब देखकर युवक के होश उड़ गए। आसपास काफी तलाश के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़ित ने तत्काल थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका है। बीच बाजार से इस तरह दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि यदि जल्द ही चोरों का खुलासा नहीं हुआ तो बाजार में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठेंगे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

सीतापुर। महमूदाबाद क्षेत्र के बहरौली गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस-फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मृतक की पहचान महेंद्र कुमार (24 वर्ष) पुत्र जयकरण सिंह वर्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महेंद्र अविवाहित था और एक प्लाई फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शनिवार सुबह वह शौच के लिए घर से निकला था, जिसके बाद उसका शव गांव से कुछ दूरी पर खेत में लगे पेड़ पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान कोतवाल भानू प्रताप सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों के अनुसार, मृतक का जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था और तीन दिन पूर्व दोनों पक्षों के बीच झगड़ा भी हुआ था। पुलिस ने इसी मामले में कुछ लोगों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की थी। फिलहाल पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

रेउसा/सीतापुर। जनपद के थानगांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। मृतक की पहचान संतराम (32 वर्ष) पुत्र मतई, निवासी लोधनपुरवा मजरा केउड़ा, थाना रामपुर मथुरा के रूप में हुई है। हादसा ठेकी बाजार के पास उस समय हुआ, जब संतराम अपनी बाइक से ससुराल जा रहा था। बताया जा रहा है कि संतराम की पत्नी ने रेउसा के एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। घर से कुछ जरूरी सामान लेकर वह खुशी-खुशी ससुराल लौट रहा था, लेकिन रास्ते में ही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही थानगांव पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभ में युवक की पहचान नहीं हो सकी, जिसके चलते शव को लावारिस मानकर पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया गया। शनिवार सुबह परिजनों के पहुंचने पर मृतक की पहचान हो सकी। इस हृदयविदारक घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। नवजात के घर आने की खुशी कुछ ही घंटों में गहरे शोक में बदल गई, जिससे पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

# गुणवत्तापूर्ण ढंग से हल करें शिकायतें



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में मई महीने के प्रथम शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये।

श्री गौड़ ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वार्मा उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह आदि ने 61 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किया गया। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 05 मामले निस्तारित हुए, बाकी 56 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार ओबरा, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

रावर्टसगंज में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, क्षेत्रों में टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकार जागृति अवस्थी, उप जिलाधिकारी सदर अश्वनी कुमार, तहसीलदार सदर अमित कुमार आदि ने 56 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 08 मामले निस्तारित हुए, बाकी 48 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

**घोरावल** का आयोजन उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार घोरावल प्रवीण कुमार आदि ने 71 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 05 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 05 मामले निस्तारित हुए, बाकी 66 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

**दुद्धी** का आयोजन अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी आदि ने 53 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 51 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## आबकारी निरीक्षक ने किया शराब दुकानों का औचक निरीक्षण



बीजपुर/ सोनभद्र। जिला आबकारी विभाग की टीम द्वारा शिकायत मिलने पर शुक्रवार की रात बीजपुर बाजार में स्थित कई कंपोजिट शराब दुकानों पर औचक छापेमारी के दौरान हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान आसपास खुले अनाधिकृत रुप खुले बार दुकानों के संचालक दुकान छोड़ कर रफूचक्कर हो गए। शराब दुकानों में मेन दरवाजा के आलावा पीछे के दरवाजा मिलने पर दो दरवाजे को टीम द्वारा सील कर चेतावनी दिया गया। दुकानो में स्टॉक रजिस्टर की गहनता से जांच पड़ताल की गई। एक दुकान में कुछ त्रुटि मिलने पर स्टाक रजिस्टर जब्त कर लिया गया।

शराब दुकानों के आसपास खुले चखने व मयखाने दूकानों पर देर रात तक लोग बैठकर जाम पे जाम लड़ाते रहते है। उन संचालकों व दुकानदारों को सख्त लहजे में आबकारी प्रभारी रविनंदन ने सख्त निर्देश दिए कि कंपोजिट दुकानों या उसके आसपास अनाधिकृत रुप से लोग क्षेत्र में चीखना दुकान नही खोलना है। न तो किसी दुकान पर बैठाकर शराब पिलाएंगे। अगर दुबारा लोग पिलाते मिलेंगे तो सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।कंपोजिट दुकान का एक सेल्स मैन ने आबकारी प्रभारी से अपनी दर्द भरी दास्तां आप बीती बताते हुए कहा कि साहब दुकान बन्द करने के बाद कुछ लोग हमारे पास आकर कहते है की हम पत्रकार है हमे शराब दो नही देने पर धमकाते है। और अमर्यादित व्यवहार किया जाता है और देख लेंगे जैसे नाना प्रकार की धमकियां दुकानदारों को दी जाती है। यहां वहा घूम घूम कर लोगो पर धौंस जमा कर अपनी मांग पूरी करने में हर हथकंडा अपनाने में अमादा है न सुनने पर लोगो को बदनाम करने पर उतारू रहते है।इस पर आबकारी निरीक्षक ने कहा कि पत्रकार समाज का ऐसा कृत्य सामने आना बहुत ही निंदनीय है। अगर पत्रकार के नाम पर कोई व्यक्ति किसी सेल्समैन को धमकायेगा या पत्रकारिता की धौंस जमाएगा तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बाबत आबकारी प्रभारी रविनंदन कुमार ने बताया की दो दुकानों में अतिरिक्त दरवाजा मिलने पर उन दरवाजों को सील कर दिया गया है। एक दुकान का स्टॉक रजिस्टर जब्त किया गया है। समय से दुकान खोलने और बन्द करने का निर्देश दिया गया है।पुनः शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

## शिवद्वार मंदिर परिसर में चला स्वच्छता व मरम्मत अभियान



सोनभद्र। जनपद में स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निदेर्शानुसार शनिवार को शिवद्वार मंदिर परिसर में विशेष साफ-सफाई एवं मरम्मत अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि गत दिवस जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया था, जहां उन्होंने दर्शन-पूजन करने के पश्चात मंदिर के आसपास की साफ-सफाई, सार्वजनिक सुलभ शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिए थे। निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी एवं शौचालय की खराब स्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा सुलभ शौचालय की मरम्मत कराने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में सफाई कर्मियों की टीम लगाकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान कूड़ा-करकट हटाया गया, नालियों की सफाई की गई तथा पूरे परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। साथ ही, सार्वजनिक सुलभ शौचालय की मरम्मत का कार्य भी तेजी से प्रारंभ कर दिया गया है।इस पहल से स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं में प्रसन्नता का माहौल देखा गया। लोगों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग का भरोसा जताया।प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जनहित से जुड़े ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आज होगा रोडवेज बस स्टेशन का शुभारंभ

मोहम्मदी खीरी। रोडवेज बस स्टेशन का शुभारंभ आज कस्बा में लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़े रोडवेज बस स्टेशन का विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के प्रयास से नवीन बनकर तैयार हो गया है। जिसका लोकार्पण विधायक द्वारा आज किया जाएगा।

## प्रयागराज में पानी की टंकी पर चढ़ी युवती

प्रयागराज। गंगानगर थाना क्षेत्र स्थित फाफामऊ नाला के पास पानी की टंकी पर शनिवार दोपहर एक युवती के चढ़ जाने से हड़कंप मच गया। युवती एक घंटे से अधिक समय तक टंकी पर चढ़ी रही और नीचे उतरने से इनकार करती रही, जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लाइव आकर लगातार अपनी बात रख रही थी। उसका आरोप है कि उसे एक मामले में झूठा फंसाया गया है और जब तक उसके खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिया जाएगा, वह नीचे नहीं उतरेगी। बताया जा रहा है कि मामला एक महंगे मोबाइल फोन की खरीद में कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। कैंट थाना क्षेत्र निवासी अधिवक्ता मोहम्मद आलम ने न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने फाफामऊ स्थित एक टेलीकॉम दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपये का आईफोन खरीदा था। आरोप है कि भुगतान के बावजूद मोबाइल का बिल दुकान संचालकों ने अपने कर्मचारी पल्लवी के नाम पर बना दिया। सूत्रों के अनुसार बाद में इसी कर्मचारी के माध्यम से मोबाइल चोरी की शिकायत भी अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज कराई गई। मामले में न्यायालय के आदेश पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि टंकी पर चढ़ी युवती वही पल्लवी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और युवती को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुट गए। समाचार लिखे जाने तक उसे समझाने-बुझाने का प्रयास जारी था। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और युवती को सकुशल नीचे उतारने को प्राथमिकता दी जा रही है।

## व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : प्रेमचंद



सीतापुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला जिला स्तरीय बैठक हरियाणा ऑयल मिल प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता व जिला महामंत्री महेश कुमार गुप्ता के संचालन में आहूत की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जनपद के आए इकाइयों के व्यापारी प्रतिनिधियों से वहां की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण पर जिला अध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा विचार विमर्श हुआ।

बैठक में निकायों के द्वारा लगे नए हाउस टैक्स पर हुई। बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने पर लोगों के सुझाव लिए गए जिला अध्यक्ष संजय सिंह एवं जिला महामंत्री महेश कुमार गुप्ता दीपू के द्वारा एक स्वर में कहा गया अगर किसी भी व्यापारी का शोषण या उत्पीड़न किसी विभाग के द्वारा किया जाता है तो वह तत्काल सूचना दें उस व्यापारी के साथ में जिले का व्यापार मंडल सदैव उसके साथ खड़ा है और उसकी लड़ाई लड़ेगा। अध्यक्ष और महामंत्री का शीघ्र जिला भ्रमण किया जाएगा तत्पश्चात जिले की बड़ी बैठक महोली में आयोजित की जाएगी जिसमें जनपद के समस्त व्यापारी प्रतिनिधि एकत्रित होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष संजय सिंह, जिला महामंत्री महेश कुमार गुप्ता दीपू, जिला उपाध्यक्ष राजेश चैरसिया, शुभम अग्रवाल महोली, कमलापुर से मनोज जायसवाल, जयप्रकाश सिंह छोटू निगम हर्षित गुप्ता, गोपालपुर से दिलीप सिंह, सिधौली से महेंद्र प्रताप सिंह सहित व्यापारी मौजूद रहे।

## विधान सभा में सीतापुर के युवाओं को मिलेगा बोलने का मौका











सीतापुर। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में सीतापुर के प्रतिभाशाली युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। जनपद से चयनित शीर्ष पांच प्रतिभागियों को प्रदेश की विधानसभा में आयोजित होने वाली युवा संसद में भाषण देने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त होगा। प्रदेश स्तर पर 01 से 03 मई तक आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से चयनित प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जहां वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने के साथ-साथ अपने विचारों को सदन में प्रस्तुत करेंगे। यह पहल युवाओं को नीति निर्माण, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने का एक सशक्त मंच मानी जा रही है। सीतापुर से प्रथम स्थान पर अमन कुमार त्रिपाठी, द्वितीय स्थान पर सक्षम श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर फारोजा अकमर, चतुर्थ स्थान पर इला मिश्रा तथा पांचवें स्थान पर भूमिका सिंह ने स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इन सभी प्रतिभागियों का चयन उनके विचारों की गहराई, प्रस्तुतीकरण कौशल और राष्ट्रीय मुद्दों पर समझ के आधार पर किया गया। कार्यक्रम की एक और विशेष उपलब्धि यह है कि विधान भवन में आयोजित युवा संसद के संचालन की जिम्मेदारी सीतापुर के सिधौली क्षेत्र की प्रतिभाशाली युवा मृणाली दीक्षित को सौंपी गई है, जो जिले के लिए गर्व का विषय है। मेरा युवा भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित इस पहल को लेकर जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मंच युवाओं के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीतापुर के युवा प्रदेश स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम और ऊंचा करेंगे। यह आयोजन न केवल युवाओं को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से जोड़ता है, बल्कि उन्हें देश के भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करता है।

## प्रशस्ति पत्र उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देते हैं: शिखा शुक्ला



महोली/सीतापुर। जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर के निर्देशन में किसानों के हितों को देखते हुए फार्मर रजिस्ट्री का अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत उत्कर्ष कार्य करने वाले लेखपालों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। शनिवार को तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला के द्वारा अप्रैल माह में फार्मर रजिस्ट्री एवं अन्य सौंपे गए राजस्व कार्यों में लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा, संजीव कुमार शुक्ला, सुशील कुमार गौड व राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार दीक्षित के द्वारा उत्कर्ष कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कहा कि आज जो प्रशस्ति पत्र आप को दिए जा रहे हैं वह कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य, विशिष्ट उपलब्धि, योगदान व अनुकरणीय आचरण को मान्यता देने और सराहना करने के लिए दिए जाते हैं। उन्होंने वहां मौजूद समस्त राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से कहा कि चकमार्ग व मेड बंदी की बहुत समस्या आ रही है इसका समाधान करना है। गांव से खेल मैदान को खाली करना है। महोली नगर में चैराहे व तिराहे का सौंदर्यकरण होना है। कोई भी लेखपाल अवकाश पर जाता है तो मुझे सूचित किया जाए। इस अवसर नायब तहसीलदार शिव प्रकाश, आरके सत्यभान सिंह, लेखपाल संदीप गिरी, मनोज कश्यप, सचिन राजवंश ,सिद्धांत पांडेय प्रेम शंकर, राम सिंह राणा मनोज श्रीवास्तव सहित लेखपाल मौजूद रहे।

## दुद्धी में न्यायिक एसडीएम रहे अश्वनी कुमार बने सदर एसडीएम



सोनभद्र। सोनभद्र जिले के दुद्धी तहसील में न्यायिक एसडीएम के पद पर कार्यरत अश्वनी कुमार को सदर एसडीएम के पद पर तैनाती दी गई हैं।सदर एसडीएम रहे उत्कर्ष द्विवेदी का गैर जनपद तबादला हो गया हैं। दुद्धी न्यायिक एसडीएम रहे अश्वनी कुमार मुख्यालय पर आकर सदर एसडीएम का पदभार ग्रहण कर लिया हैं।. सदर एसडीएम का पदभार ग्रहण करने के बाद सेलफोन पर हुई बात-चीत में बताया कि शासन के मंशानुसार योजनाओं को जरूरतमंदो तक पहुँचाना तथा जन सुविधाओं को जनता के लिए उपलब्ध करवाना हमारी प्रमुख प्राथमिकता होगी। बता दें कि इसके पूर्व दुद्धी में न्यायिक एसडीएम के पद पर रहते हुए महत्वपूर्ण कार्य किए और कई लंबित फाइलो का निस्तारण किए।

## जिंदा जलाने की कोशिश, पूर्व प्रधान पर पेट्रोल डालकर लगायी आग

सीतापुर। कोतवाली नगर क्षेत्र में शनिवार शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां चलती बाइक पर एक युवक ने पूर्व प्रधान को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश कर दी। इस खौफनाक घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, खैराबाद क्षेत्र के रहीमाबाद गांव निवासी पूर्व प्रधान हसीब खान शनिवार शाम खैराबाद ब्लॉक से शहर की ओर आ रहे थे। वैदेही वाटिका के पास बाइक पर पीछे बैठे आरोपी धर्मेंद्र ने अचानक उन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। अचानक हुए हमले से घबराए हसीब खान ने सूझबूझ दिखाते हुए पास में भरे कीचड़ में छलांग लगा दी, जिससे आग कुछ हद तक बुझ सकी और उनकी जान बच गई। बताया जा रहा है कि हेलमेट पहनने के कारण उनके चेहरे को नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन शरीर का पिछला हिस्सा गंभीर रूप से झुलस गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी धर्मेंद्र अपने लापता भाई का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना चाहता था। आरोप है कि पूर्व प्रधान द्वारा प्रमाण पत्र न बनवाने से नाराज होकर उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था और आपसी विवादों के खतरनाक रूप पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## रेल पटरी पर मिला मौलवी का शव

बरेली। बरेली रेलवे पटरी पर 35 वर्षीय मौलवी का शव मिला है। मृतक मौलवी के परिवार के एक सदस्य ने आरोप लगाया है कि उन्हें ट्रेन से फेंका गया था, हालांकि पुलिस ने इस दावे का खंडन किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बरेली के पुलिस अधीक्षक (शहर) मानुष पारीक ने बताया कि शव 27 अप्रैल की सुबह कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाल फाटक के पास रेलवे पटरी के किनारे मिला था। मृतक की पहचान मौलाना तौसीफ रजा मजहरी के रूप में हुई है जो बिहार के किशनगंज जिले के ठाकुरगंज के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह ट्रेन से गिर गए थे। पुलिस ने तुरंत मौलाना के परिवार के सदस्यों के साथ-साथ बरेली में धार्मिक नेताओं से संपर्क किया, जिससे पता चला कि मौलाना 24 और 25 अप्रैल को बरेली में आयोजित उर्स-ए-ताजशरिया कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। पुलिस ने बताया कि मौलाना के परिवार के सदस्यों से कोई औपचारिक लिखित शिकायत नहीं मिली है और यह पता लगाया जा रहा है कि इसमें मारपीट या लूटपाट का कोई पहलू था या नहीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने कहा कि अब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आयी है। रिपोर्ट आने के बाद घटना का सही कारण पता चल सकेगा। ऑलइंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने आरोप लगाया कि घर लौटते समय ट्रेन में असामाजिक तत्वों ने मौलवी पर हमला किया और लूटपाट के प्रयास के दौरान उन्हें ट्रेन से बाहर फेंक दिया गया। उन्होंने दावा किया कि हमले के दौरान मौलाना तौसीफ ने अपनी पत्नी तबस्सुम खातून को फोन किया और घटना के बारे में जानकारी दी थी। रजवी ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बस्ती में फर्जी जज गिरफ्तार

बस्ती। जिले में कोतवाली पुलिस ने स्वयं को उच्च न्यायालय का न्यायमूर्ति बताकर दबाव बनाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के रैपुरा जंगल तिवारीपुर गांव निवासी विनय कुमार चौधरी ने 28 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक के सीयूजी नंबर पर फोन कर खुद को उच्च न्यायालय का जज बताते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए दबाव बनाया था। उसकी बातचीत और भाषा पर संदेह होने पर मामले की गोपनीय जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि संबंधित व्यक्ति बस्ती का ही निवासी है और फर्जी जज बनकर पुलिस पर दबाव डालकर गलत कार्य कराने का प्रयास कर रहा था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के जनसंपर्क अधिकारी शशांक शेखर राय की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## कार को ट्रक ने मारी टक्कर झारखंड के पांच श्रद्धालु घायल

सुलतानपुर। जिले के कोतवाली देहात थानाक्षेत्र में कमनगढ़ गांव के पास अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रक से कार में टक्कर लगने पर पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। कार में कुल आठ लोग सवार थे, एवं तीन अन्य को मामूली चोटें आईं। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात कार से ये लोग अयोध्या से वाराणसी जा रहे थे तथा कार जैसे ही कमनगढ़ गांव के पास पहुंची, एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। श्रद्धालुओं के घायल होने की खबर पर उपजिलाधिकारी सदर बिपिन द्विवेदी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी घायलों को लखनऊरेफर करने का निर्णय लिया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। हालांकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। कोतवाली देहात के थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि घायलों की पहचान राहुल कुमार तिवारी (38), कललिंदा देवी (59), नेहा कुमारी (35), सत्य नारायण तिवारी (62) और ड्राइवर विकास (35) के रूप में हुई है। ये सभी झारखंड के पलामू जिले के पंडवा के रहने वाले हैं।

## डंपर की टक्कर से दो की मौत, चार की हालत गंभीर

हरदोई। हरदोई के कोतवाली क्षेत्र में शनिवार तड़के सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक तड़के करीब पौने चार बजे मन्ना पुरवा के पास तेज रफ्तार डंपर ने शादी समारोह से लौट रही कार और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उसने बताया कि टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार युवक डंपर के नीचे दब गया और कार सवार लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा क्रेन की मदद से डंपर के नीचे दबे युवक को बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार सभी घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान शहाबुद्दीनपुर के रामरहीस (45) और अरवल थाना क्षेत्र के श्रीमऊगांव के आशीष शर्मा (30) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रामरहीस सांडी में शादी समारोह से लौट रहे थे तथा कार में उनके साथ 13 वर्षीय पुत्र शोभित, बहनोई अरुण, चचेरा भाई शैलेंद्र और गांव के अनुराग शुक्ला भी थे। आशीष शर्मा बिलग्राम से शादी से लौटते समय हादसे का शिकार हुए। पुलिस के मुताबिक चारों घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। नगर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकित मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली कि हरदोई-सांडी रोड पर मन्ना पुरवा के पास डंपर, कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घायल रामरहीस और आशीष की मौत हो गई, जबकि अन्य चार का उपचार चल रहा है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

संक्षेप

## गरम तेल भरी कड़ाही में बैठने से बालक झुलसा, भर्ती

**बांदा**। कालिंजर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंघोटी के भऊआपुरवा में चार वर्षीय मासूम आनंद पुत्र रामोला गंभीर रूप से झुलस गया। बच्चे की मां विनीता घर में पूड़ी बना रही थी। पूड़ी बनाने के बाद उन्होंने गरम तेल से भरी कड़ाही चूल्हे के पास नीचे उतारकर रख दी। अन्य घरेलू कार्य में लग गईं। इसी दौरान मासूम आनंद खेलते-खेलते वहां पहुंच गया और अनजाने में गरम तेल से भरी कड़ाही में जा बैठा। बैठते ही चीख उठा। उसके झुलसने पर चीख-पुकार मच गयी। आनन-फानन में परिजन गंभीर रूप से घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचें। डा. माया वर्मा ने उसका उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार बच्चा गंभीर रूप से झुलसा है, हालांकि समय पर इलाज मिलने से उसकी हालत सही है

## खेत में मिले शव की हुई शिनाख्त

**महोबा/चरखारी**। चरखारी तहसील के खरेला थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां खेत में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला खरेला थाना क्षेत्र के खरेला अतरौली पैदल मार्ग का है, जहां मलखान चौधरी के खेत में एक व्यक्ति का शव पेड़ के पास पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि शव के नीचे 500 और 200 रुपये के कई नोट पड़े थे। इसके अलावा पास में शराब के पाउच और एक कीटनाशक की डिब्बी भी बरामद हुई है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या की है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड़ द्वारा खरेला पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। शव की शिनाख्त देवेन्द्र सिंह गौर पुत्र शिव वरन सिंह उम्र लगभग 46 वर्ष निवासी ग्राम पहरेथा थाना खरेला जनपद महोबा के रूप में हुई। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक शराब पीने का आदी था तथा कल भी उसके द्वारा शराब का सेवन किया गया था, जिसको लेकर उसकी पत्नी द्वारा उसे रोका गया था। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## परिषदीय विद्यालय में घटा नामांकन, बीएसए नाराज

**बांदा**। बेसिक शिक्षाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकायों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है। कहा कि पिछले वर्ष अप्रैल माह में 18 हजार बालक-बालिकाओं का विद्यालय में नवीन नामांकन हुआ था। इस वर्ष केवल 13 हजार नामांकन हुये हैं। उन्होंने पत्र में कहा कि यह आपके शिथिल और उदासीन कार्यशैली को इंगित करता है। परियोजना से बार बार जिलाधिकारी को फोन आ रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि यदि नामांकन वर्तमान लक्ष्य के 50 प्रतिशत तक नहीं बढ़ता है और अभी यह 35 प्रतिशत ही है। ऐसी स्थिति में रविवार को जिलाधिकारी होने वाली समीक्षा बैठक में जवाब देना पड़ेगा। बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। बीएसए ने बताया कि प्रदेश में जनपद का नीचे से पांचवा स्थान है। इसे लेकर जिलाधिकारी बेहत चिंतित हैं। जिले को ऊंचे पायदान पर लाने के लिए प्रत्येक दशा में नामांकन बढ़ाना ही होगा।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर**। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना तालबेहट में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 132/26, संबंधित धाराओं के तहत वांछित अभियुक्त तेरई फाटक निवासी गोलू कुशवाहा पुत्र कलुवा को 2 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा द्वारा पुलिस टीम के साथ की गई। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों पर डीएम हुए सख्त

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सम्बंधित अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर पीढ़ित व्यक्तियों की शिकायतों का निस्तारण कराया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सदर तहसील में शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना और मौके पर ही सम्बंधित विभाग

- डिप्टी आर एम ओ व सहायक अभियंता जल निगम का वेतन रोकने के दिये निर्देश
- जनशिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता, लापरवाह अधिकारियों की तय की जाएगी जिम्मेदारी

के अधिकारियों को बुलाकर उनका निस्तारण भी कराया। इसके साथ ही जो अधिकारी बिना अनुमति या बिना जानकारी के गैर हाजिर रहे, उनका एक दिन का वेतन भी रोका। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रुप से कहा कि गरीब, असहाय व पीढ़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाना शासन की प्राथमिकता है, जिसके लिए हम सभी यहां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व से ही सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश जारी हैं कि वे स्वयं सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण करायेंगे, यदि इसके बाद भी कोई बगैर बताये अनुपस्थित रहता है तो ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर उनका एक दिन का वेतन रोका जाएगा इस अवसर पर डिप्टी आरएमओ एवं सहायक अभियन्ता जल निगम नगरीय अवनीश मिश्र के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए इनका का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को सुना, अधिकांश शिकायतों जमीन पर कब्जे, अमृत योजना में क्षतिग्रस्त सड़कों, विद्युत आपूर्ति, चकबंदी, राशन कार्ड सम्बंधी प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया और शेष को पृष्ठाकिंत करते



हुए सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि वर्तमान में अधिकांश फसलें कट चुकी हैं और खेत इस समय खाली है, ऐसे में सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रों में लेखपालों के माध्यम से अभियान चलाकर पैमाइश का कार्य पूर्ण करा लें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम सतगता की महिलाओं ने जिलाधिकारी के समक्ष गांव में शराब की दुकान को बंद कराये जाने का अनुरोध किया, उन्होंने बताया कि शराब पीने से उनके पति व बच्चे गलत रास्ते पर जा रहे हैं, उनके सामने पारिवारिक व आर्थिंग संकट खड़ा हो गया है और आये दिन गांव में लड़ाई-झगड़ा होता है, इस पर जिलाधिकारी ने आबकारी निरीक्षक को बुलाकर मौके पर जाकर प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार नेहरूनगर निवासी कुसुम ने दबंगों द्वारा घर व आम रास्ते पर कब्जा कर अवैध निर्माण किये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने व शिकायत सही पाये जाने पर अवैध निर्माण रुकवाने और दोषी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये। ग्राम कुम्हैडी निवासी हरदयाल ने उन्हें आवंटित पट्टे की नाम समिति बनाकर करवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी व बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को संयुक्त रुप से जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। महरानी क्षेत्र के किसानों के द्वारा विगत दिनों हुई ओलावृष्टि से उनकी फसल खराब हो जाने एवं ग्राम ऐरा निवासी कृषक कल्यानसिंह ने बिजली की लाइन से निकली चिंगारी से उनकी फसल जल जाने के कारण क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने का अनुरोध किया, इस पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को बुलाकर फसल क्षति का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील भारद्वाज सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पैलानी में जिलाधिकारी ने सुने 67 मामले, आठ का निस्तारण



**बांदा**। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। पैलानी तहसील के पैल सभागार में आयोजित जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी अमित आसेरी व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने की। लगभग 67 मामले आए मौके पर आए आठ मामलों का निस्तारण किया गया। शेष मामलों को टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को आयोजित दिवस मे

- प्रधानाध्यापिका की शिकायत पर कार्यवाही के निर्देश

अमलोर प्रधान ने भूपेंद्र सिंह के दिए गए प्रार्थना पत्र पर बताया कि प्राथमिक विद्यालय अमलोर की प्रधानाध्यापिका किरण शुक्ला जिसकी निलंबन की कार्यवाही हुई थी विद्यालय का चार्ज अभी तक किसी को नहीं सौपा। विद्यालय पर ताला बंद कर देती है इससे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं। पिपरहरी गांव निवासी सौखीलाल सहित एक दर्जन ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पिपरहरी गांव का कोटेदार अर्जुन सिंह पुत्र गजोधर की मनमानी से दुकान हमेशा बंद रहती है। लोगों को राशन न देकर लोगों को गाली गलौज कर भगा देता है। जिलाधिकारी ने पूर्ति अधीक्षक को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। तिंदवारी वीडियो, जसपुरा वीडियो को फार्मर रजिस्ट्री का काम न करने को लेकर जिलाधिकारी ने फटकार लगाई है।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमालुद्दीन खान ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि तहसील में अभी तक उपनिबंधन कार्यालय संचालित न होने से क्षेत्र वासियों को बैनामा कराने के लिए भीषण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समाधान दिवस में एडीएम कुमार धर्मेंद्र, उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा, तहसीलदार राधेश्याम सिंह, नायब तहसीलदार मुस्तकीम खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रेन यात्रियों के मोबाइल, जेवर और नकदी पर किया हाथ साफ

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। रेलवे यात्रा के दौरान चोरी की घटनाओं को लेकर जीआरपी थाना ललितपुर में लगातार तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। तीनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामलों की

- जीआरपी ललितपुर में तीन चोरी की एफआईआर दर्ज

विवेचना उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी गई है। पहले मामले में जाखलौन निवासी उमाकांत शर्मा पुत्र मोतीलाल ने जीआरपी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 अप्रैल 2026 को ट्रेन संख्या 11057 अमृतसर एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा के दौरान उनकी पुत्री पूजा शर्मा का करीब 3 तोला सोने का मंगलसूत्र बीना रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया।

इस मामले में जीआरपी ने बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया। दूसरे मामले में शहर के निवासी बृजेश कुमार पुत्र प्रभुदयाल ने बताया कि 15 अप्रैल 2026 को ट्रेन संख्या 20424 पातालकोट एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा के दौरान उनकी पैंट की जेब से करीब 10 हजार रुपये कीमत का वीवो मोबाइल फोन अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

इस मामले में भी जीआरपी ने धारा 305(सी) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। तीसरे मामले में मध्य प्रदेश के जिला जबलपुर निवासी मधु सिंह पुत्री गिरवर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि 7 मार्च 2026 को ट्रेन संख्या 12192 श्रीधाम एक्सप्रेस के एसी कोच में यात्रा के दौरान उनका प्यूमा पाउच चोरी हो गया, जिसमें आई फोन 13 प्रो, नगदी, सोने के आभूषण, आई पैड और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। इस मामले में जीआरपी ने बीएनएस की धारा 305(बी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जीआरपी पुलिस का कहना है कि तीनों मामलों में अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है तथा रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## रक्तदाता रहेंगे फोन कॉल पर तैयार

**ललितपुर**। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि जिले के कैंसर, किडनी फेलियर (डायलिसिस) मरीजों तथा

- रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

आपातकालीन परिस्थितियों में प्रसूता महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध कराने की अनूठी पहल की गई तथा समर्पित रक्तदाताओं का विशेष समूह तैयार किया है, जो मात्र एक फोन कॉल पर तत्काल रक्तदान के लिए उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में ट्रस्ट ने घोषणा की कि जिले के कैंसर एवं किडनी फेलियर मरीजों को आजीवन रक्त उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संस्था ने अपने स्तर पर उठाई है।

ट्रस्ट का उद्देश्य है कि जरूरत मंद मरीजों को रक्त के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और समय रहते उन्हें जीवन रक्षक सहायता मिल सके। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ सदर सुनील कुमार तथा अध्यक्षता कर रहे सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रतिनिधि



के रूप में डा.मनीष गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में कुल 10 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें से 3 यूनिट रक्तदान मौके पर ही जरूरतमंदों को दिया गया। साथ ही ट्रस्ट द्वारा 22 से अधिक समर्पित रक्तदाताओं को ऑन कॉल ब्लड डोनर के रूप में पंजीकृत किया गया।

इन सभी रक्तदाताओं ने संकल्प लिया कि जरूरत पड ? पर दिन हो या रात, वे तुरंत रक्तदान के लिए उपलब्ध रहेंगे। ट्रस्ट की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लड बैंक टीम से डा.प्रिया जैन, डा.विमल यादव, सुश्री जया, सुश्री रेखा, सुश्री प्रीति, सूरज सिंह, आशीष गोस्वामी, मनोज कुमार, आकाश, प्रीतम, अजय प्रताप एवं उमाकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रस्ट कमेटी से महेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, राजपाल फौजी, जगजीत सिंह बॉबी, धनंजय यादव (जिला पंचायत), वंदना मेहता, डा.पूरन सिंह, हरीश कपूर टीटू, अनिल साहू, परवेज पठान, देवकीनंदन साहू, आशीष साहू, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, ई.चन्द्रशेखर अहिरवार एवं पुरुषोत्तम दास (शिक्षक) सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। ऑन कॉल ब्लड डोनर के रूप में पंजीकृत रक्तदाताओं में प्रमोद मेहता, ध्रुव साहू, उवेश बारी, सौरभ पटेल, प्रताप यादव एड., रामकुमार कुशवाहा, तजिंदर कौर, जगजीत सिंह बॉबी, आगम जोत सिंह, रोहित जैन, सुषमा साध, आदर्श साध, मयंक निरंजन आदि शामिल रहे।

## लकड़ी काटने पर विवाद, एक परिवार के पांच घायल

**बांदा**। लकड़ी काटने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई झड़प में एक ही परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के निम्नीपार मोहल्ले में हुई। मोहल्ले के निवासी लल्लू शेख मंसूरी के घर में वलीमा का कार्यक्रम आयोजित होना था, जिसके लिए वे लकड़ी काटने गए थे। इसी दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायलों ने बताया कि जब वे हमलावरों से बचकर घर के अंदर जाने लगे, तो हमलावर उनका पीछा करते हुए घर में घुस गए। उन्होंने परिवार के सदस्यों को घसीट-घसीट कर पीटा। घायलों ने यह भी आरोप लगाया है कि हमलावरों ने दहेज में मिली एक मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।इस घटना में शरीफन, सबीना, शहनाज, रसीद और लल्लू शेख घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है और प्राप्त शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मनीष व रिंकू को सांसद ने दिलायी शपथ



**बांदा**। राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिला महासचिव वैश्य अमित गुप्ता मनीष, जिला सचिव अमित गुप्ता रिंकू ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल ने उन्हें निष्ठा की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय महासचिव विशंभर प्रसाद निषाद, पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, जिला महासचिव एजाज खान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन साहू, नीलम गुप्ता, ओमनारायण त्रिपाठी विदित, अशोक सिंह गौर आदि ने बधाई दी।

## सीडीओ के खाते से एक करोड़ 60 लाख निकालने का प्रयास

जिला संवाददाता

**बांदा**। मुख्य विकास अधिकारी के खाते से साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन नेट बैंकिंग के जरिए एक करोड़ 68 लाख रुपये निकालने का प्रयास किया। लेकिन ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों की जागरुकता, बैंक अधिकारियों की सतर्कता के साथ ही साइबर पुलिस के सहयोग से

- एसपी ने पुलिस टीम को मुजफ्फरनगर किया रवाना

खाते में लगभग एक करोड़ 68 लाख रुपये बचाए जा सके। जालसाजों ने खुद को डीआरडीए का परियोजना निदेशक बताया और बैंक मैनेजर से फोन पर संपर्क किया। उन्होंने सीडीओ के खाते से संबंधित फर्जी हस्ताक्षर और मुहर वाले दस्तावेज बैंक में जमा कराए थे। इस मामले में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के आदेश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एएसपी शिवराज ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी सहित तीन टीमें गठित की हैं। जांच के दौरान एक अपराधी की लोकेशन मुजफ्फरनगर जिले में पाई गई है। इसके बाद पुलिस की एक टीम को मुजफ्फरनगर रवाना किया गया है।

डीआरडीए के परियोजना निदेशक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 मार्च को सीडीओ के विकास खाते से रुपये निकालने का प्रयास किया गया था। इस संबंध में 28 मार्च, 2026 को मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय के कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में शाखा प्रबंधक अतुल कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि संजय कुमार नामक एक व्यक्ति उनकी शाखा में खाते से संबंधित प्रपत्र लेकर आया था। उसने खुद को डीआरडीए कार्यालय का कर्मचारी बताया और नेट बैंकिंग सुविधा शुरू करने का अनुरोध किया था। शाखा प्रबंधक ने यह भी बताया कि प्रवीण आनंद नामक व्यक्ति ने मोबाइल पर उनसे बात की थी और खुद को परियोजना निदेशक, डीआरडीए बताया था। जांच में पाया गया कि मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय का पत्र और उस पर सीडीओ अजय कुमार, परियोजना निदेशक, डीआरडीए के हस्ताक्षर फर्जी थे। कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी में 25 मार्च, 2026 को किए गए हस्ताक्षर भी नकली पाए गए। एसपी पलाश बंसल ने पुष्टि की कि प्राप्त तहरीर के आधार पर शुक्रवार रात साइबर क्राइम थाने में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सपा प्रेसवार्ता कर शोक संतप्त परिवारों को देगी आर्थिक सहायता

ललितपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में 4 मई सोमवार को सुबह 10.30 बजे एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी करेंगीं, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव उपस्थित रहेंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी द्वारा विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही शोक संतप्त परिवारों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी।

## शिक्षकों ने उठायी समस्याएं डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

**बांदा**। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकिशोर शुक्ल ने शिक्षक पदाधिकारियों के साथ डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।शनिवार को शिक्षक पदाधिकारियों ने डीआईओएस कार्यालय में प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि शिक्षा निदेशक का जारी सिटीजन चार्टर का अनुपालन हो, कार्यालय में लंबे समय लंबित प्रान संशोधन के प्रकरण निस्तारित हों, स्वीकृत प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरणों में वेतन निर्धारण किया जाए। पुरानी पेंशन से आच्छादित एनपीएस धारक शिक्षकों के एनपीएस कटौती की धनराशि को 19 नवंबर 2024 के शासनादेश के अनुसारन लेखांकन कराते हुए उनके जीपीएफ खातों में ब्याज सहित आंतरित करायी जाए। जनपद के शिक्षकों का बिना स्पष्टीकरण बिना कारण वेतन रोकना व किसी अन्य प्रकार से उत्पीड़न बंद किया जाए। इस दौरान जिला मंत्री राजा कैलाशचंद्र सहित तमाम शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## तहसील में लेखपालों की कलमबंद हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। जनपद की तहसील महरौनी में लेखपाल संघ द्वारा शुरू की गई अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लेखपाल तहसील परिसर में धरने पर बैठे रहे और स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। लेखपाल संघ का आरोप है कि पूर्व में तैनात रहे

- तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग पर अड़े कर्मचारी

तहसीलदार तनवीर हसन द्वारा लेखपालों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा अमर्यादित व्यवहार किया गया, जिससे कर्मचारियों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है।

इसी को लेकर लेखपालों ने तहसीलदार के तत्काल स्थानांतरण की मांग उठाई है। बताया जा रहा है कि प्रशासनिक स्तर पर उपजिलाधिकारी द्वारा समझाने और आश्वासन दिए जाने के बावजूद लेखपाल अपने निर्णय पर अड़े हुए हैं और धरना जारी रखे हुए हैं।

लेखपालों की मांग है कि संबंधित अधिकारी का महरौनी तहसील से तत्काल स्थानांतरण किया जाए, तभी हड़ताल समाप्त करने पर विचार किया जाएगा। लेखपालों की हड़ताल का असर अब आमजन पर भी दिखाई देने लगा है। राजस्व संबंधी कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे हदबंदी, नामांतरण, नापजोख एवं अन्य जरूरी राजस्व कार्य लंबित पड़ते जा रहे हैं। किसानों को खेतों की हदबंदी और नाप प्रक्रिया में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं वर्षों से लंबित फाइलों के इस बार भी अधर में लटकने की संभावना बढ़ गई है।

इसके अलावा स्कूलों और छात्र-छात्राओं से जुड़े प्रमाण पत्र एवं राजस्व अभिलेख संबंधी कार्य प्रभावित होने से विद्यार्थियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। तहसील परिसर में धरने पर बैठे लेखपालों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। लेखपालों की हड़ताल से तहसील का कामकाज प्रभावित होने लगा है और अब सभी की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

## लामा गांव के किसानों ने पेश की मिसाल, प्याज और सब्जी उत्पादन से बढ़ी खुशहाली





**बांदा**। जनपद के विकास खंड बड़ोखरखुर्द का ग्राम लामा अब जिले में उन्नत बागवानी और नकदी फसलों के केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां के किसान पारंपरिक खेती छोड़कर

- उपनिदेशक उद्यान ने किया स्थलीय निरीक्षण; किसानों को प्याज भंडारण गृह बनाने को किया प्रेरित

आधुनिक तकनीक से प्याज और सब्जियों का उत्पादन कर अपनी आय दोगुनी कर रहे हैं। चित्रकूटधाम मंडल के उपनिदेशक उद्यान विनय कुमार यादव, सहायक नवनीत त्रिपाठी आदि के साथ गांव लामा पहुंचे। यहां प्रगतिशील किसानों के कार्यो का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया कि विभाग से एकीकृत बागवानी विकास योजना और मुख्यमंत्री औद्योगिक विकास योजना से निःशुल्क प्राप्त बीज से कृषक दिनेश कुमार ने गेंदा की सफल खेती की है। गांव की महिला कृषक रजनी सहित ओमप्रकाश, चंद्रप्रकाश ने वैज्ञानिक पद्धति से प्याज की खेती की है। भ्रमण के दौरान कृषक ओम प्रकाश ने अधिकारियों को बताया कि वर्तमान में मंडी में प्याज का भाव आठ सौ से एक हजार रुपये प्रति क्विंटल के बीच है। यह लागत के सापेक्ष कम है। इस पर उपनिदेशक उद्यान ने किसानों को सुझाव दिया कि वह प्याज को तुरंत औने-पौने दामों में न बेचकर प्याज भंडारण गृह का निर्माण कराएं। विभाग भंडारण गृह स्टोरेज के लिए अनुदान उपलब्ध कराता है। भंडारित प्याज को ऑफ-सीजन (विपरीत समय) में बेचकर किसान बेहतर मुनाफा कमा सकते हैं।

### सब्जी उत्पादन और विभागीय योजनाओं का लाभ

गांव में प्याज के साथ-साथ अन्य मौसमी सब्जियों की खेती भी बड़े स्तर पर की जा रही है। उपनिदेशक उद्यान विनय कुमार यादव ने किसानों से कहा कि वह उद्यान विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराएं। उन्हें ड्रिप इरिगेशन, बीज सब्सिडी और अन्य सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। कहा कि किसान उत्पादन के साथ-साथ भंडारण तकनीक को अपना लें तो बांदा का प्याज प्रदेश की अन्य मंडियों में अपनी पहचान बनाएगा।

## वृद्धा को बनाया बंधक, लाखों की लूटपाट, बेटे ने दर्ज कराया मुकदमा

**बांदा**। बदौसा थाना क्षेत्र के ग्राम नांदनमऊ निवासी चित्रकूट एयरपोर्ट में तैनात सिपाही अजयपाल साहू पुत्र छेदीलाल ने बताया कि शुक्रवार को लगभग तीन बजे नादनमऊ तिराहे से लगभग 600 मीटर दूर अतर्रा रोड़ पर बने निजी मकान में 64 वर्षीय वृद्ध मां रजुलिया अकेली थी। बताया कि मोटर साइकिल से तीन अज्ञात व्यक्ति बिजली मीटर चेक करने के बहाने आये। मां के दरवाजा खोलने पर उसका मुंह दबाकर घर के अंदर घसीट कर हाथ पैर बांध कर मारपीट करने के बाद तीनों ब्यक्तियों ने कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी और मां के बक्से का ताला तोड़कर आठ से दस लाख रुपये के चांदी और सोने के जेवरात एवं बेड के नीचे रखे बीस हजार नगदी लेकर बंधनों से बंधी मां को उसी हालत में छोड़ कर बाहर से दरवाजे की कुंडी बंद कर फरार हो गए। चित्रकूट एयरपोर्ट में तैनात सिपाही बेटे ने तहरीर में बताया कि मेरी शादी 2024 में हुई थी। पत्नी का सारा जेवर मां के पास रखा था। किसी तरह बंधनों से मुक्त होकर मेरी मां छत पर आकर गुहार लगाई। आवाज सुनकर पड़ोसियों ने बाहर से लगी कुंडी खोली और पूरी वारदात की जानकारी मुझे दी। बदौसा थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, अतर्रा थानाध्यक्ष घटना स्थल मौके पर पहुचकर पूछताछ की। क्षेत्राधिकारी बबेरू ने भी घटनास्थल की जांच पड़ताल करने के बाद मामले के शीघ्र खुलासे की बात कही है। थानाध्यक्ष बदौसा ने बताया कि देर रात्रि मिली तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत किया गया है। बताया कि पुलिस टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## 4 मई को होगी सपा की प्रेसवार्ता, शोक संतप्त परिवारों को दी जायेगी आर्थिक सहायता

ललितपुर। समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुये बताया है कि जिला कार्यालय में 4 मई सोमवार को सुबह 10.30 बजे एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी करेंगीं, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी द्वारा विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही शोक संतप्त परिवारों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं से समय पर उपस्थित रहने की अपील की है।

# कॉमर्शियल एलपीजी महंगा : जगह-जगह हुए प्रदर्शन

## रेस्टोरेंट उद्योग में आक्रोश, दिल्ली में खाने के दाम बढ़ने, रोजगार पर असर की आशंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के एक दिन बाद दिल्ली में रेस्तरां संचालकों और रेहड़ी पटरी वाले ने कहा कि यदि यह रुझान जारी रहा तो खाने के दाम बढ़ेंगे, वित्तीय दबाव बढ़ेगा और रोजगार पर भी असर पड़ सकता है।

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के बीच लगातार तीसरे महीने कीमतों में इजाफा किया गया है। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मानद कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि रेस्तरां पहले से ही आपूर्ति संबंधी चुनौतियों और बढ़ती लागत से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिलेंडर की उपलब्धता में कठिनाई है और कई असंगठित क्षेत्रों में कालाबाजारी भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जो कीमत पहले करीब 1,600 रुपये थी और छूट के साथ 1,300 रुपये तक आ जाती थी, वह अब बढ़कर 3,000 से 4,000 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। मध्यम आकार के एक रेस्तरां को रोजाना दो से पांच सिलेंडर की जरूरत होती है, जिससे लागत पर भारी दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे प्रतिष्ठानों के लिए स्थिति और कठिन हो सकती है।



एसोसिएशन ने रेस्तरां को दीर्घकालिक समाधान के रूप में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) कनेक्शन की ओर जाने की सलाह दी है। खान मार्केट स्थित मामागोटो के मालिक कबीर सूरी ने कहा कि सिलेंडर कीमतों में लगभग तीन गुना वृद्धि का असर उद्योग पर साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ने से दबाव और बढ़ गया है और यदि यह जारी रहा तो खाने के दाम बढ़ाना अनिवार्य हो जाएगा। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे ईंधन और परिवहन लागत भी बढ़ गई है। पश्चिमी दिल्ली के एक रेस्तरां संचालक ने कहा कि वह लागत बढ़ने के बावजूद कर्मचारियों को समय पर वेतन देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन स्थिति लंबी चली तो मेन्यू की कीमतें बढ़ानी पड़ेंगी। उत्तरी दिल्ली के एक अन्य संचालक ने कहा कि सिर्फ खर्चों में कटौती से काम नहीं चलेगा और ईंधन कीमतें ऊंची रहीं तो व्यवसाय चलाना मुश्किल हो जाएगा।

# दिल्ली में बारिश व तूफान की आशंका

## मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए जारी किया येलो अलर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में वृद्धि देखी गई। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। दिल्ली में दो दिन पहले हल्की से मध्यम बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई थी। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया, जिसमें संभावित बारिश और गरज के साथ तूफान की चेतावनी दी गई। शनिवार को सफदरजंग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शुक्रवार से 3.1 डिग्री अधिक है।

अधिकतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री कम 38.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह शुक्रवार के मुकाबले 2.2 डिग्री अधिक रहा। अन्य



मौसम स्टेशन ने भी न्यूनतम तापमान में इसी तरह की वृद्धि दर्ज की। पालम में न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शुक्रवार की तुलना में 2.3 डिग्री अधिक हैअ लोधी रोड में न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले की तुलना में तीन डिग्री अधिक हैअ रिज में 3.3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई और आयानगर में 4.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। रिज और आयानगर में न्यूनतम तापमान क्रमशः 23.7 डिग्री सेल्सियस और 25.6 डिग्री रहा। आईएमडी के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 36-38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

## संक्षेप

### बीमा में 100 प्रतिशत एफडीआई अधिसूचित

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को स्वचालित मार्ग के तहत बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अधिसूचित कर दिया है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण लिखत) (द्वितीय संशोधन) नियम, 2026 के अनुसार बीमा कंपनियों और ब्रोकरों सहित बिचौलियों में स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति होगी। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए यह सीमा 20 प्रतिशत तय की गई है। संसद ने दिसंबर 2025 में सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया था। इसने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को पहले के 74 प्रतिशत से बढ़ाकर स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत करने का रास्ता साफ किया।

### वाइब्रेंट गुजरात में 3.53 लाख करोड़ के एमओयू

सूरत। गुजरात सरकार ने दक्षिण गुजरात के लिए आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान 3,53,306 करोड़ रुपये के 2,792 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इन परियोजनाओं से आने वाले वर्षों में करीब 2.82 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। राज्य के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने यहां सम्मेलन के समापन समारोह में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दो दिनों के इस सम्मेलन में बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव सामने आए हैं, जो अगले तीन वर्षों में लागू होने पर रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले मेहसाणा (उत्तर गुजरात) और राजकोट (सौराष्ट्र-कच्छ) में भी ऐसे क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। सरकार ने वाइब्रेंट गुजरात पहल को राजधानी गांधीनगर से बाहर विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाया है, ताकि अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### टीसीएस कर्मी निदा खान को जमानत से इनकार

नासिक। नासिक की एक अदालत ने शनिवार को टीसीएस की नासिक इकाई में कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन से संबंधित मामले में आरोपी निदा खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष ने निदा खान से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता पर जोर दिया। लोक अभियोजक अजय मिसर ने पत्रकारों से कहा, यह एक गंभीर अपराध है। निदा खान मुख्य आरोपियों में से एक है, इसलिए उससे हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। अदालत ने आज निदा खान की जमानत याचिका खारिज कर दी। अंतिम आदेश जल्द ही अपलोड किया जाएगा। प्राथमिकी के अनुसार, खान ने कथित तौर पर महिला कर्मचारियों को इस्लामी परंपराओं के अनुसार कपड़े पहनने और व्यवहार करने की सलाह दी थी। निदा खान ने अपने गर्भवती होने का हवाला देते हुए अग्रिम जमानत मांगी थी। पुलिस ने बताया था कि महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में उसकी तलाश जारी है।

# आरबीआई के डिप्टी गवर्नर नियुक्त किये गये रोहित जैन

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने रोहित जैन को तीन साल के कार्यकाल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है।

जैन, टी रबी शंकर का स्थान लेंगे, जिनका विस्तारित कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो गया। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने तीन मई या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन साल के लिए उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। रोहित जैन इस समय आरबीआई में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। आरबीआई अधिनियम, 1934 के अनुसार केंद्रीय बैंक में चार डिप्टी गवर्नर होने चाहिए। इनमें से दो आंतरिक रैंक से, एक वाणिज्यिक बैंकर और एक अर्थशास्त्री होना चाहिए जो मौद्रिक नीति विभाग का नेतृत्व करे।

अन्य तीन डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे, पूनम गुप्ता और एस सी मुर्मू हैं। टी रबी शंकर को पहली बार सितंबर 2021 में तीन साल के लिए डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। उन्हें 2024 में और उसके बाद 2025 में एक-एक साल का विस्तार दिया गया था।

# ठगों नें लगायी 5.30 करोड़ की चपत, 17 गिरफ्तार

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने साइबर अपराधियों के बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 17 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने व्हाट्सऐप पर कथित तौर पर एक कंपनी के चेयरमैन की तस्वीर और नाम लगाकर अकाउंटेंट को झांसे में लिया तथा पांच करोड़ 30 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में जमा करा लिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बताया कि इस मामले में अकाउंटेंट दीपेन्द्र सिंह ने 24 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। दीपेन्द्र सिंह को कंपनी मालिक के नाम और फोटो वाले दूसरे व्हाट्सऐप नंबर से संदेश मिला जिसमें दो अलग-अलग बैंक खातों में तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए गए। भरोसा कर उसने 5.30 करोड़ रुपये जमा कर दिए। बाद में यह साइबर ठगी निकली। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक (साइबर अपराध) सुमित मेहरडा की निगरानी में विशेष टीमों ने बैंक खातों की तकनीकी जांच की, जिसमें पता चला कि ठगी की रकम कई बैंक खातों में घुमाई गई और बाद में नकद निकासी यूएसडीटी तथा हवाला के जरिए इसे ठिकाने लगाया गया। पुलिस ने जिला पुलिस कोटा ग्रामीण, पाली, बांसवाड़ा, जोधपुर और बाड़मेर जिला पुलिस के सहयोग से कार्वाई करते हुए 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले, नकद निकासी करने वाले, कमीशन एजेंट और क्रिप्टोकरंसी के जरिए राशि अंतरित करने वाले लोग शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कोटा निवासी सोहेल खान, मोहम्मद राशिद, समीर, तोहिद मोहम्मद, नवीन सिंह चौहान, बांसवाड़ा निवासी अविनाश जैन, प्रवीण रावल, अमित रावल, भव्य गिरि, मुकेश चौहान, जोधपुर निवासी घनश्याम धतरवाल, राहुल, कमलेश, पाली निवासी दीपेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र, हरीश और बाड़मेर निवासी सदराम के रूप में हुई है।



# सीडीएसएल को हुआ 455 करोड़ रुपये का मुनाफा

एजेंसी

मुंबई। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 80 करोड़ रुपये रह गया। सीडीएसएल ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 100 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।


कंपनी के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 268 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले 256 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 455 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2024-25 में यह 526 करोड़ रुपये था। वहीं, कुल एकीकृत आय बढ़कर I,239 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष में I,199 करोड़ रुपये थी। सीडीएसएल ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक 18 करोड़ से अधिक डीमैट खाते दर्ज कर वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली पहली डिपॉजिटरी बन गई है। एक वर्ष पहले यह संख्या 15.30 करोड़ थी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नेहल वोरा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 कंपनी के लिए एक अहम पड़ाव रहा है।

# मतगणना कर्मियों का चयन निर्वाचन आयोग का अधिकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मतगणना के लिए केंद्र सरकार के कर्मियों की तैनाती संबंधी निर्वाचन आयोग के परिपत्र को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस की याचिका पर आगे किसी आदेश की आवश्यकता नहीं है।

इस याचिका में तृणमूल कांग्रेस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा याचिका खारिज किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की विशेष पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग मतगणना कर्मियों का चयन कर सकता है और उसके 13 अप्रैल के परिपत्र को गलत नहीं कहा जा सकता, जिसमें केंद्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारियों की संयुक्त रूप से तैनाती का प्रावधान है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका निराधार है क्योंकि परिपत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि केंद्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारी संयुक्त रूप से काम करेंगे। इसने अदालत को आश्वासन दिया कि परिपत्र का अक्षरशः पालन किया जाएगा और चार मई को मतों की गिनती के दौरान राज्य सरकार के कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे। तृणमूल कांग्रेस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शुरुआत में कहा कि परिपत्र 13 अप्रैल का था लेकिन उन्हें इसकी जानकारी 29 अप्रैल को मिली। उन्होंने कहा कि चार मुद्दे हैं: पहला, केंद्रीय कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी परिपत्र 13 अप्रैल को जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किया गया, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें 29 अप्रैल को मिलीअ दूसरा, निर्वाचन आयोग का कहना है कि उसे अनियमितताओं की आशंका है जबकि मतगणना प्रक्रिया में पहले से ही केंद्र का एक नामित प्रतिनिधि मौजूद हैअ तीसरा, प्रत्येक गणना केंद्र पर सूक्ष्म पर्यवेक्षक के रूप में केंद्र सरकार का एक अधिकारी पहले से ही मौजूद है।



# प्राकृतिक आपदाओं के लिए सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली शुरू

नयी दिल्ली। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली की शुरुआत की, जिसके बाद देशभर में मोबाइल फोन पर चेतावनी संदेश आने लगे। यह प्रणाली आपात स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों को उनके क्षेत्र में तुरंत सतर्क करने के लिए विकसित की गई है।

दूरसंचार विभाग ने 29 अप्रैल को इस सेवा के परीक्षण के बारे में नागरिकों को सूचित कर दिया था, ताकि किसी तरह की घबराहट न फैले, और लोगों से ऐसे संदेशों को नजरअंदाज करने की अपील की थी। परीक्षण संदेश में कहा गया अत्यंत गंभीर अलर्ट। भारत ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी से सेल ब्रॉडकास्ट शुरू किया है।

# अभी जारी है तनाव का माहौल : ईरान

बेंगलुरु। ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने शनिवार को अपने देश और इजराइल-अमेरिका गठबंधन के बीच जारी तनाव को न युद्ध, न शांति की स्थिति बताया। भारत में नियुक्त ईरानी प्रतिनिधि ने संघर्ष को तत्काल रोकने की अपील करते हुए कहा कि वैश्विक स्थिरता उन लोगों पर निर्भर करती है, जिन्होंने इस युद्ध की शुरुआत की।

उन्होंने सवाल किया कि युद्ध से प्रभावित और ऊर्जा संकट से जूझ रहे देश, अमेरिका और इजराइल पर इस हमले को रोकने के लिए दबाव क्यों नहीं डाल रहे हैं। इलाही ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान यह युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन लगातार हो रहे हमलों के बीच उसे जवाबी कार्वाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि बातचीत जारी रहने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा, ईरान ने कई बार इस युद्ध से बचने की कोशिश भी की मुझे नहीं पता कि इन लोगों और इन देशों (अमेरिका-इजराइल) की मानसिकता क्या है। वे दूसरे देशों पर अपनी मर्जी थोपना चाहते हैं, और उन्हें यह अधिकार किसने दिया? उन्होंने कहा कि बाद में बातचीत जिनेवा में हुई और उसमें कुछ प्रगति भी हुई, लेकिन अचानक हुए हमलों के कारण वह बाधित हो गई। इलाही ने दावा किया कि हवाई हमलों और मिसाइल हमलों के कारण ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई, मंत्रियों, कमांडरों और आम नागरिकों की मौत हुई। ईरानी प्रतिनिधि ने कहा, उन्होंने कई आम लोगों को मार डाला उन्होंने एक प्राथमिक विद्यालय पर हमला किया और 175 बेकसूर लड़कियों की जान ले ली।





## पेज एक का शेष

### लखनऊ में

सुषमा खर्कवाल, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं जिला अध्यक्ष विजय मौर्य सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

मार्च के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विपक्ष के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। सपा-कांग्रेस पक्के यार, छीन रहे महिला अधिकार, महिलाओं की ललकार जारी- देश की नारी विपक्ष पर भारी, बहन-बेटियों का अपमान, सपा-कांग्रेस का पुराना काम, महिलाओं को मिलेगा अधिकार, परिवारवाद पर होगा प्रहार जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में ऐतिहासिक अधिकार प्रदान किया है, जो देश की लोकतांत्रिक संरचना को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि सपा और कांग्रेस जैसे दल, जो वर्षों तक सत्ता में रहे, उन्होंने कभी भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। आज जब भाजपा सरकार महिलाओं को उनका अधिकार देने का काम कर रही है, तब यही दल इसका विरोध कर रहे हैं। यह उनका दोहरा चरित्र और महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है। उज्ज्वला योजना, मातृत्व वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, मिशन शक्ति जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं जागरूक हैं और अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं। वे जानती हैं कि कौन सा दल उनके सम्मान और सुरक्षा की बात करता है और कौन केवल राजनीति करता है। इस महिला आक्रोश मार्च के माध्यम से लखनऊ की महिलाओं ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे महिला विरोधी ताकतों को कभी स्वीकार नहीं करेंगी।

### यूपी में

75 जिले, 783 नगरीय निकाय एवं 350 तहसीलों के अंतर्गत एक लाख चार हजार ग्रामों में संपादित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य संपादित करने के लिये राज्य में 350 ग्रामीण चार्ज एवं 845 नगरीय चार्ज हैं। मीडिया को जानकारी देते हुए मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने कहा कि इन चार्जों के अंतर्गत लगभग 3,90,000 मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाये गये हैं। इन मकानसूचीकरण ब्लॉकों में प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य संपादित किया जायेगा। मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने मीडिया से जनगणना से संबंधित जानकारी इन प्रक्रियाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक देशवासी का यह दायित्व है कि वह जनगणना कर्मियों को सही-सही जानकारी साझा करें, जिससे सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए बेहतर नीतियों का निर्माण किया जा सके।

### छत्तीसगढ़ : आईईडी

सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पण कर चुके माओवादी कैडरों से प्राप्त जानकारी तथा अन्य सूचना के आधार पर बस्तर क्षेत्र में माओवादियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गए सैकड़ों आईईडी को पुलिस और सुरक्षाबलों ने बरामद कर निष्क्रिय कर दिये हैं। सुंदरराज ने बताया कि शनिवार का अभियान छोटेबेठिया इलाके में माओवादियों द्वारा छोड़ दिये गये सामानों (डंप) के बारे में मिली इसी तरह की जानकारियों के बाद शुरू किया गया था।

उन्होंने बताया कि डीआरजी के नेतृत्व वाले इस दल में बस्तर फाइटर्स और जिला बल के जवान भी शामिल थे। महानिरीक्षक ने बताया कि अभियान के दौरान दल ने सबसे पहले एक (माओवादी) डंप खोज निकाला और वहां से नक्सलियों का सामान बरामद किया। उन्होंने कहा कि पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे इस दल को एक और डंप मिला, जहां जमीन के नीचे एक आईईडी छिपाकर रखा गया था। उन्होंने बताया कि जब जवान आईईडी को निष्क्रिय करने के लिए उसे बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे, तभी वह फट गया। सुंदरराज ने बताया कि इस घटना में दल का नेतृत्व कर रहे डीआरजी के निरीक्षक सुखराम वट्टी (40), जिला बल के आरक्षक कृष्णा कुमार कोमरा (35), और बस्तर फाइटर्स के आरक्षक संजय गढ़पाले (29) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में घायल हुए बस्तर फाइटर्स के एक आरक्षक परमानंद कोर्राम (29) को हवाई मार्ग से रायपुर ले जाया गया था, लेकिन वहां अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार निरीक्षक वट्टी बीजापुर जिले के रहने वाले थे, जबकि बाकी तीन जवान कांकेर जिले के थे। महानिरीक्षक ने बताया कि मौके पर एक बम निरोधक दस्ता भी मौजूद था तथा पहली नज़र में ऐसा लगता है कि आईईडी को निकालते समय गलती से सर्किट जुड़ जाने के कारण उसमें धमाका हो गया होगा। उन्होंने बताया कि धमाके के सही कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत बैलिस्टिक और फोरेंसिक जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस घटना को दुखद बताया और कहा कि पूरी सरकार शहीद जवानों के परिवारों के साथ मज़बूती से खड़ी है।

शर्मा ने नवा रायपुर में संवाददाताओं से कहा उन्होंने डिवाइस को तय प्रक्रिया के अनुसार ही संभाला, लेकिन उसकी बनावट ऐसी थी कि उससे एक ज़ोरदार धमाका हो गया, जिसमें चार जवान शहीद हो गए। यह एक बहुत ही दुखद घटना है। शर्मा ने कहा, मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। पूरी सरकार शोक संतप्त परिवारों के साथ मज़बूती से खड़ी है। छत्तीसगढ़ में 31 मार्च को नक्सलवाद की समाप्ति की घोषणा के बाद बारूदी सुरंग विस्फोट में जवानों की मौत की यह पहली घटना है। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, खासकर बस्तर क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों ने पूर्व में बड़ी संख्या में बारूदी सुरंगें बिछाई थीं, जो अब भी वहां तैनात सुरक्षाबलों और ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में लगातार बारूदी सुरंगों की तलाश और उन्हें निष्क्रिय करने की कार्वाई में जुटे हुए हैं।

### बंगाल : 15 केंद्रों

का आदेश दिया था। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि डायमंड हार्बर सीट के चंदा प्राथमिक स्कूल स्थित मतदेय केंद्र संख्या-179 पर एक दिव्यांग मतदाता और उसकी मां के साथ केंद्रीय बलों ने दुर्व्यवहार किया। इस कथित घटना के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल ने दावा किया कि मतदाता और उसकी सहायता के लिए मतदान केंद्र के भीतर गईं उनकी मां को कथित नियम उल्लंघन के आरोप में केंद्रीय बलों ने काफी समय तक रोके रखा। एक निर्वाचन अधिकारी ने कहा, तृणमूल कांग्रेस की नेता मनमोहिनी विश्वास और प्रतीक उर रहमान मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। स्थानीय लोगों ने इस कार्वाई को बेवजह की उत्पीड़न बताया। वहां मौजूद हमारे अधिकारियों ने मामले को संभाल लिया है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा क्षेत्र के 15 मतदेय केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। आयोग ने कहा कि मतदान का समय समाप्त होने से पहले कतार में खड़े प्रत्येक व्यक्ति को वोट डालने की अनुमति है। अधिकारी ने बताया कि मगराहाट पश्चिम में 86.11 प्रतिशत और डायमंड हार्बर में 87.60 प्रतिशत मतदान हुआ। इन दोनों विधानसभा सीट पर 29 अप्रैल को मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि पुनर्मतदान का आदेश दोनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर दिया गया। मगराहाट पश्चिम सीट पर तृणमूल कांग्रेस के मोहम्मद समीम अहमद मुल्ला का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी गौर सुंदर घोष से है, जबकि कांग्रेस के अब्दुल मजीद हलदर और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के अब्दुल अजीज अल हसन भी मैदान में हैं। डायमंड हार्बर सीट पर तृणमूल के पन्ना लाल हलदर, भाजपा के दीपक कुमार हलदर को चुनौती दे रहे हैं। कांग्रेस के गौतम भट्टाचार्य और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के समर नाइया समेत कई अन्य प्रत्याशी भी इस सीट पर किस्मत आजमा रहे हैं।

### सांस्कृतिक विरासत

डालते हुए कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मिक शुद्धि और जीवन मूल्यों के उत्थान का माध्यम भी है। कथा का श्रवण व्यक्ति में सकारात्मक सोच, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता को विकसित करता है, जिससे समाज में नैतिकता और सद्भाव का वातावरण सुदृढ़ होता है। उन्होंने उत्तराखंड की विशिष्ट पहचान का उल्लेख करते हुए कहा कि देवभूमि के रूप में प्रसिद्ध यह प्रदेश आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। यहां स्थित केदारनाथ मंदिर और बद्रीनाथ मंदिर सहित चारधाम विश्वभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। राज्य सरकार इन धामों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और तीर्थयात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान की धर्मपत्नी स्वर्गीय उमा की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री खजान दास, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य और पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### स्विस तकनीक

खामी को भी पहचान लेता है, जिससे समय रहते सुधार किया जा सकता है। योगी सरकार का फोकस केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। एक्सप्रेसवे के संचालन चरण में भी एआई का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। एआई-सक्षम कैमरे ओवरस्पीडिंग या गलत लेन में चलने जैसे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को स्वतः चिन्हित करेंगे। इससे न केवल प्रवर्तन मजबूत होगा, बल्कि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। यह पहल उत्तर प्रदेश को पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल से आगे ले जाकर ह्यस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चरह्ल की श्रेणी में स्थापित करती है। एक्सप्रेसवे अब केवल कनेक्टिविटी का माध्यम नहीं, बल्कि डेटा, तकनीक और प्रबंधन के समन्वय से संचालित एक इंटेलिजेंट नेटवर्क के रूप में विकसित हो रहे हैं। स्पष्ट है कि योगी सरकार अब इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के दूसरे चरण में प्रवेश कर चुकी है, जहां फोकस केवल निर्माण पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता, सुरक्षा और टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन पर है।

### अंबेडकरनगर

कहना है कि बच्चों की मां नाज़िया घटना के बाद से लापता है। उसने कहा कि अपहरण या अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्राची सिंह ने बताया कि मृतकों में 14, 12 और 10 साल के तीन लड़के और आठ साल की एक लड़की शामिल है। सिंह ने कहा कि इस घटना के बाद से बच्चों की मां लापता है, ऐसे में अंदेशा है कि उसी ने यह वारदात की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि घटना की जांच के लिए कई टीम लगाई गई हैं और यह भी जांच की जा रही है कि अगर महिला ने घटना नहीं की है तो आखिर किसने की है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।




# मुंबई ने चेन्नई को दिया160 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : नमन धीर ने फिफ्टी लगायी, अंशुल कम्बोज को 3 विकेट

एजेंसी

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स ने कढछ में शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 160 रन का टारगेट सेट किया है। चेपॉक स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर के बाद 7 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाबी पारी में चेन्नई ने एक ओवर में बिना नुकसान के 7 रन बना लिए हैं। संजू सैमसन और कप्तान ऋतुराज गायकवाड क्रीज पर हैं। पहला ओवर ट्रेंट बोल्ट ने डाला। नमन धीर ने 37 बॉल पर 57 रन की पारी खेली। इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रायन रिकेल्टन ने 37 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से अंशुल कम्बोज ने 3 विकेट झटके। नूर अहमद को 2 विकेट मिले। रामकृष्ण घोष और जैमी ओवर्टन को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई की पारी के पहले ओवर से 7 रन आए। उनकी 5वीं बॉल पर संजू सैमसन ने चौका लगाया। 20वें ओवर से 13 रन आए। अंशुल कम्बोज के ओवर में जैमी ओवर्टन ने छक्का लगाया।



इससे पहले अंशुल ने हार्दिक पंड्या (18 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। हार्दिक पंड्या और कृष भगत की जोड़ी 19वें ओवर में महज 4 रन ही बना सकी। जैमी ओवर्टन ने इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं दी। 18वें ओवर की दूसरी बॉल पर रॉबिन मिंज (5 रन) अंशुल कम्बोज की बॉल पर बोल्ड हो गए। अंशुल को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने विल जैक्स (एक रन) को भी आउट किया। 17वें ओवर की 5वीं बॉल पर मुंबई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 57 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवर्टन ने सरफराज खान के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर की 5वीं बॉल पर तिलक वर्मा (5 रन) को नूर अहमद ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड के हाथों कैच कराया। नूर को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने रायन रिकेल्टन (37 रन) को भी पवेलियन भेजा। 12वें ओवर की पहली बॉल पर शिवम दुबे से तिलक वर्मा का कैच ड्रॉप हो गया। कवर पर 33 यॉर्ड सर्कल के किनारे खड़े दुबे थोड़ा धीमे रहे। उन्हें आगे दौड़कर डाइव लगानी पड़ी और गेंद उनके हाथों में आधी वॉली की तरह आकर लगी। शिवम ने दूसरा कैच ड्रॉप किया है। उन्होंने 7वें ओवर में नमन धीर का कैच भी ड्रॉप किया था। 11वें ओवर की चौथी बॉल पर डेब्यू मैच खेल रहे रामकृष्ण घोष ने सूर्यकुमार यादव (21 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 11वें ओवर में नमन धीर ने डेब्यू मैच खेल रहे रामकृष्ण घोष की बॉल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने शुरूआती दो बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 10वें ओवर में सूर्यकुमार यादव ने नूर अहमद की बॉल पर लगातार दो बाउंड्री लगाई। उन्होंने दूसरी बॉल पर चौका और तीसरी बॉल पर छक्का लगाया। नूर के इस ओवर से 13 रन आए। 7वें ओवर की चौथी बॉल पर नूर अहमद ने रायन रिकेल्टन (37 रन) को उर्विल पटेल के हाथों कैच कराकर फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। इसी ओवर की दूसरी बॉल पर शिवम दुबे से नमन धीर का आसान-सा कैच ड्रॉप हो गया।

नमन ने ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को कट किया था और शॉर्ट थर्ड पर शिवम दुबे ने एक आसान सा कैच ड्रॉप कर दिया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही मुंबई इंडियंस की शुरूआत मिलीजुली रही। टीम ने शुरूआती 6 ओवर में 57 रन बनाने में एक विकेट गंवा दिया। ओपनर विल जैक्स एक रन पर आउट हुए। ऐसे में रायन रिकेल्टन ने नमन धीर के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप करके पहले फेज में टीम की वापसी कराई। छठे ओवर में रायन रिकेल्टन ने नमन धीर के साथ दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली।

### पथिराना को शामिल करने को लेकर साउथी ने कहा, परिस्थितियों को देखकर सर्वश्रेष्ठ टीम चुनेंगे

हैदराबाद। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजी कोच टिम साउथी ने रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को अंतिम एकादश में शामिल करने को लेकर संशय बरकरार रखते हुए कहा कि टीम प्रबंधन परिस्थितियों को देखकर सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करेगा। पथिराना टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 फरवरी को खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह आईपीएल की शुरुआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं थे लेकिन अब वह फिट हो गए हैं। साउथी ने मैच की पूर्व संध्या पर मीडिया से कहा, वह कुछ समय से टीम के साथ है। हम परिस्थितियों को देख कर अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करेंगे। वह अभ्यास के दौरान अच्छी गेंदबाजी कर रहा है और उसका टीम के साथ होना अच्छा है।

# पंजाब किंग्स की निगाह वापसी पर, जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस



अहमदाबाद। पिछले मैच में पंजाब किंग्स का जीत का सिलसिला टूट गया और वह लगातार तीसरी जीत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। राजस्थान रॉयल्स ने इस सप्ताह के शुरू में पंजाब किंग्स के अजेय अभियान पर रोक लगा दी थी। हालांकि पंजाब किंग्स की टीम आठ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स उससे सिर्फ एक अंक पीछे हैं। लगातार छह जीत हासिल करके शुरुआती बढ़त बनाने वाली पंजाब किंग्स की गेंदबाजी विभाग को लेकर कुछ चिंताएं हैं। पंजाब के बल्लेबाजों की तरह उसके गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाए हैं। उसके बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण गेंदबाजों की कमियां खुलकर सामने नहीं आई हैं लेकिन टूर्नामेंट अब महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुका है और ऐसे में कोई कमजोरी टीम पर भारी पड़ सकती है। गेंदबाजों की असफलता के कारण पंजाब के बल्लेबाजों पर दबाव पड़ रहा है, क्योंकि या तो उन्हें बड़े लक्ष्य हासिल करने पड़ रहे हैं या फिर पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाना पड़ रहा है। ऐसे में पंजाब को अब अधिक स्पष्ट रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। पंजाब की फील्डिंग भी अच्छी नहीं रही है और उसने कई कैच छोड़े हैं। टीम प्रबंधन को इस विभाग में भी काम करने की जरूरत है। हालांकि बल्लेबाजी अब भी पंजाब की सबसे बड़ी ताकत है।

सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने अच्छी शुरुआत दी है, वहीं कूपर कोनोली ने भी रन बनाए हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाला मध्य क्रम मजबूत स्कोर बनाने या लक्ष्य का पीछा करने में सक्षम साबित हुआ है। दूसरी ओर गुजरात टाइटन्स की टीम लगातार दो मैच जीतकर इस मैच में उतर रही है, हालांकि उसका अभियान उतार चढ़ाव वाला रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स और फिर आरसीबी के खिलाफ लगातार जीत के बाद टाइटन्स 10 अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर हैं। गुजरात की बल्लेबाजी उसके शीर्ष तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर के इर्द-गिर्द घूमती रही है। इन तीनों पर अत्यधिक निर्भरता टीम के लिए चिंता का विषय है। वॉशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे फिनिशर अभी तक प्रभाव नहीं डाल पाए हैं। टीम को संतुलन प्रदान करने के लिए जेसन होल्डर को भी मध्य क्रम में शामिल किया गया है और उन्होंने मौजूदा चैंपियन आरसीबी के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज के इस गेंदबाज ने अपने चार ओवरों में 29 रन देकर दो विकेट लिए और तीन कैच भी लिए। पिछले मैच में गुजरात के लिए एक और उत्साहजनक संकेत उसकी गेंदबाजी रही। गेंदबाजी आक्रमण अधिक अनुशासित दिखाई दिया। लेंथ पर बेहतर नियंत्रण और महत्वपूर्ण चरणों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने आरसीबी को 155 रन पर आउट कर दिया था। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

टीम इस प्रकार हैं:

गुजरात टाइटंसः शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, अनुज रावत, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया।

पंजाब किंग्सः श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद।

## संक्षेप

### युवराज संधू तुर्किए में शीर्ष 10 में, शर्मा ने कट में जगह बनाई

बेलेक (तुर्किए)। भारत के युवराज संधू ने एक अंडर 71 का कार्ड खेला और डीपी वर्ल्ड टूर के टर्किश एयरलाइंस गोल्फ ओपन के दूसरे दौर के बाद शीर्ष-10 में जगह बनाई। शुभंकर शर्मा भी कट में जगह बनाने में सफल रहे, हालांकि उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा क्योंकि उन्होंने 13वें और 17वें होल के बीच पांच होल में पांच शॉट गंवा दिए, जिसमें तीन बोगी और एक डबल बोगी शामिल थी। उन्होंने तीन ओवर 75 का स्कोर बनाया और अब एक ओवर के साथ संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर हैं। इससे पहले उन्होंने चार बर्डी और दो बोगी लगाई थीं। संधू ने चौथे, आठवें, 11वें और 14वें होल पर बर्डी लगाई, जबकि सातवें, 13वें और 17वें होल पर शॉट गंवा दिए।

### डोपिंग से बचने के लिए भाग जाते हैं खिलाड़ी : आईटीए प्रमुख

न्यूयॉर्क। ओलंपिक खेलों और अन्य प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में डोपिंगरोधी कार्यक्रम का प्रबंधन करने वाली संस्था अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) के प्रमुख ने भारत में डोपिंग के मामलों की उच्च दर, खिलाड़ियों को परीक्षण से पहले अग्रिम सूचना दिए जाने और उनका नमूना नहीं देने पर चिंता व्यक्त की है। आईटीए के महानिदेशक बेंजामिन कोहेन ने एक रिपोर्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यह संदेश दिया है कि यदि भारत 2036 खेलों की मेजबानी करना चाहता है, तो उसे शासन और संरचनात्मक स्तर पर कई सुधार करने होंगे। द न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए खेल संबंधी खबरें कवर करने वाले द एथलेटिक के अनुसार कोहेन ने कहा, हम भारत में डोपिंग की स्थिति को लेकर चिंतित हैं और हमें जमीनी स्तर पर हो रही कई घटनाओं के बारे में जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा, हमें ऐसे किस्से भी सुनने को मिल रहे हैं कि खिलाड़ी डोपिंग की जांच से बचने के लिए भाग जाते हैं। हमें यह भी जानकारी मिली है कि खिलाड़ियों को जांच से पहले अग्रिम सूचना दी जाती है। आईओसी की ओर से डोपिंगरोधी परीक्षणों की देखरेख करने के अलावा लॉज़ेन स्थित आईटीए लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय खेल संघों के डोपिंगरोधी कार्यक्रमों का प्रबंधन भी करता है।

# भारत ने महिला टी20 विश्व कप के लिए यास्तिका, नंदिनी को चुना

एजेंसी

मुंबई। भारत ने शनिवार को इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया। जहां विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रतिका रावल और हरलीन देओल को टीम से बाहर रखा गया, वहीं ऑलराउंडर अमनजोत कौर और काशवी गौतम चोट के कारण चयन से चूक गईं।

हरमनप्रीत कौर सभी टीमों की कप्तानी करेंगी जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान होंगी। प्रतिका को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। यह टेस्ट मैच 10 से 13 जुलाई के बीच लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा, वहीं हरलीन वनडे श्रृंखला में भारत ए टीम की अगुआई करेंगी। नंदिनी मध्यम गति की गेंदबाज हैं जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैच खेलकर कुल 17 विकेट लिए। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने इस साल फरवरी में बैंकॉक में आयोजित महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

तेज गेंदबाजभ लाइन-अप में पूजा वस्त्राकर भी शामिल नहीं हैं। रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ के साथ मिलकर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करती रहेंगी। अनुष्का शर्मा और उमा छेत्री के लिए टीम में कोई जगह नहीं थी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। मुख्य टीम काफी हद तक वैसी ही है जिसने पिछले साल नवंबर में वनडे महिला विश्व कप जीता था। शीर्ष तीन बल्लेबाजों में मंधाना, शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स के होने की उम्मीद है जबकि भारती फुलमाली को शामिल किए जाने से बल्लेबाजी लाइन-अप पूरा हो जाएगा। भारती ने महिला प्रीमियर लीग में निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। उनके साथ ज चा घोष और दीप्ति शर्मा जैसी अन्य फिनिशर भी होंगी।

# सिनर ने दर्ज की 350वीं जीत

एजेंसी



मैड्रिड। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने करियर की 350वीं जीत हासिल की और पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

सिनर ने आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 22 मैच तक बढ़ा दिया। सिनर लगातार पांचवें मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सामना करेंगे। जर्मन खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में बेल्जियम के एलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 6-2, 7-5 से हराया। सिनर लगातार पांच मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। उन्होंने इससे पहले पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो में खिताब जीते थे।

सिनर 2000 के दशक में जन्में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने अपने करियर में 350 मैच जीते हैं। यही नहीं सिनर एक विशिष्ट सूची में भी शामिल हो गए हैं। वह रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के बाद सभी नौ मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे और सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला वर्ग के फाइनल में मीरा एंड्रीवा का सामना मार्टा कोस्त्युक से होगा। वहीं दूसरी ओर भारत के उभरते टेनिस खिलाड़ी मानस धामने ने शनिवार को कजाखस्तान के शिमकेंट में फ्रांस के एंटोनी गिबाउडो को सीधे सेटों में हराकर पहली बार एटीपी चैलेंजर फाइनल में पहुंचकर बड़ी सफलता हासिल की।

अठारह साल के इस भारतीय खिलाड़ी ने क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में संयमित और आक्रामक खेल दिखाते हुए गिबाउडो को 6-4, 6-3 से हराया।

# राष्ट्रमंडल व एशियाई खेलों के चयन ट्रायल स्थगित

नयी दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा राष्ट्रीय शिविर के लिए जारी स्वीकृति पत्र से बाहर किए जाने के बाद लगभग 40 मुक्केबाजों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लग गए हैं और उनके इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में भाग लेने को लेकर आशंका बन गई है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की चयन नीति के अनुसार, 30 मार्च से पांच अप्रैल तक आयोजित किए गए चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कप (सीओएएस) में 20 भार वर्गों (पुरुष और महिला वर्गों में 10-10) में शीर्ष दो स्थान हासिल करने वालों को राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया जाना था, जो 25 अप्रैल से शुरू होने वाला था। पिछले साल दिसंबर में जारी की गई नीति में कहा गया है कि ये 40 मुक्केबाज मूल्यांकन परीक्षणों के लिए पात्र होंगे, जिनमें से राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व मुक्केबाजी कप दो के लिए भारतीय टीमों का चयन किया जाएगा। लेकिन बीएफआई को 29 अप्रैल को साइ से जो पत्र मिला है उसमें इन मुक्केबाजों के नाम शामिल नहीं हैं। महासंघ ने शुक्रवार को कहा, मंजूरी 29 अप्रैल 2026 को प्राप्त हुई थी और वर्तमान में सूची से 40 नाम गायब हैं।

❍ साइ की मंजूरी से 40 मुक्केबाज बाहर

### बल्लेबाजों को आउट करने के तरीके ढूंढते समय गेंदबाजों को आक्रामक रहना चाहिए : फर्ग्यूसन

अहमदाबाद। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन का कहना है कि आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में गेंदबाजों की थोड़ी धुनाई तो होगी ही, लेकिन सफल होने के लिए उन्हें आक्रामक बने रहने और रनों की रफ्तार को रोकने के तरीके ढूंढने होंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में बल्लेबाजों का दबदबा इतना ज्यादा रहा है कि 230 या 250 से ज्यादा का लक्ष्य भी अक्सर सुरक्षित नहीं लग रहा।

# सर्वांग, चैतन्य, संकल्प व अंश ने जीते दोहरे स्वर्ण




खेल संवाददाता

लखनऊ। सर्वांग राठौर, चैतन्य निंबाकर, संकल्प यादव व अंश खुराना ने प्रथम जिला वीकेएस फाउंडेशन तैराकी चैंपियनशिप के पहले दिन दोहरे स्वर्ण पदक जीतकर धाक जमाई। लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन लखनऊ के तत्वावधान में वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में आयोजित चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा.सीएम सिंह (निदेशक, राम मनोहर लोहिया मेडिकल इंस्टीट्यूट, लखनऊ) और विशिष्ट अतिथि डा.राजेंद्र कपूर (पूर्व निदेशक, स्वास्थ्य) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

इससे पूर्व वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन के निदेशक शिवम विजय साहू ने अतिथिगण का स्वागत करते हुए प्रतिभागी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए बताया कि दो दिवसीय चैंपियनशिप में 28 से अधिक विद्यालयों एवं संस्थानों के 400 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। आज उद्घाटन समारोह के अवसर पर यूपी स्वीमिंग एसोसिएशन के निदेशक रविन कपूर, यूपी टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल, यूपी रोइंग एसोसिएशन के लीगल कमेटी के चेयरमैन राकेश शुक्ला, यूपी ट्रायथलान एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा एवं लखनऊ ट्रायथलान एसोसिएशन के सचिव आशुतोष त्रिपाठी व अन्य मौजूद थे।

❍ प्रथम जिला वीकेएस फाउंडेशन तैराकी चैंपियनशिप

आज इशकांत स्वीमिंग के सर्वांग राठौड़ ने बालक ग्रुप सी 50 मी फ्री स्टाइल और 100 मीटर बैक स्ट्रोक में पहला स्थान हासिल किया। इशकांत स्वीमिंग के ही चैतन्य निंबाकर ने बालक ग्रुप बी के 50 मी फ्री स्टाइल व 50 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्णिम सफलता हासिल की। एलपीएस गोमतीनगर के संकल्प यादव ने बालक ग्रुप सी के 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में और 200 मी व्यक्तिगत मेडले में पहला स्थान हासिल किया। इशकांत स्वीमिंग के अंश खुराना ने बालक ग्रुप ए 100 मी बैक स्ट्रोक और 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक जीते। पहले दिन के परिणामों में ग्रुप ए में बालक 50 मी फ्री स्टाइल में एलेन हाउस वृंदावन के अंशुल मौर्या व बालिकाओं में डीपीएस गोमतीनगर की आहना तिवारी पहले स्थान पर रहे।

### बीच के ओवरों में और बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे: पराग

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद कहा कि बीच के ओवरों में और बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद कप्तान रियान पराग (90 रन) के अर्धशतक और अंत में डोनोवन फरेरा (14 गेंद में नाबाद 47 रन) की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत छह विकेट पर 225 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लेकिन केएल राहुल और पाथुम निसांका के अर्धशतक पराग की शानदार पारी पर भारी पड़े। दिल्ली कैपिटल्स ने प्लेयर ऑफ द मैच राहुल (75 रन) और निसांका (62 रन) के अर्धशतकों से मिली शानदार शुरूआत के दम पर राजस्थान रॉयल्स को पांच गेंद रहते सात विकेट से शिकस्त दी। पराग ने मैच के बाद कहा, मुझे लगा कि यह एक अच्छा स्कोर था। 200 के आस-पास का स्कोर ठीक था। बीच के ओवरों में हम और बेहतर गेंदबाज़ी कर सकते थे। वह चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए थे। उन्होंने अपनी चोट के बारे में कहा, उम्मीद है।

# केकेआर के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगा सनराइजर्स



एजेंसी

हैदराबाद। अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से खिताब के दावेदारों में शामिल हुई सनराइजर्स हैदराबाद की टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। सनराइजर्स की टीम लगातार पांच मैच जीत चुकी है और अंकतालिका में नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने अब तक छह मैच जीते हैं जबकि तीन मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर की टीम अभी तक संघर्ष करती रही है, लेकिन उसने अपने आखिरी दो मैच जीते हैं।

दस टीमों के इस टूर्नामेंट में वह आठवें स्थान पर है। सनराइजर्स के पास टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर काबिज अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन हैं। ईशान किशन के रूप में सनराइजर्स के पास एक और विस्फोटक बल्लेबाज है जो किसी भी दिन अपने दम पर मैच का रुख बदल सकता है और उन्होंने इस सत्र में इसे साबित भी किया है। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने भी सनराइजर्स के पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 76 रन बनाकर फॉर्म में शानदार वापसी की। उनकी इस पारी की बदौलत सनराइजर्स ने 18.4 ओवर में छह विकेट शेष रहते 243 रन का विशाल लक्ष्य हासिल कर दिया। नीतीश कुमार रेड्डी और सलिल अरोड़ा ने जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी को देखते हुए केकेआर कि गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात करें तो कप्तान पैट कमिंस की वापसी से उसे मजबूती मिली है।

उनके अलावा प्रफुल्ल हिंगे, ईशान मलिंगा, रेड्डी और साकिब हुसैन भी अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। सनराइजर्स ने इन दोनों टीम के बीच खेले गए पिछले मैच में 65 रन से जीत हासिल की थी जिससे वह अधिक आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। केकेआर की टीम को अभी तक पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि इसका एक मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा था। केकेआर ने 2025 में निराशाजनक अभियान के बावजूद रहाणे को कप्तान बनाए रखा लेकिन यह बल्लेबाज अभी तक टीम को प्रेरित करने में नाकाम रहा है। उन्होंने एक बल्लेबाज के रूप में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कप्तान के रूप में उनके कुछ फैसले संदिग्ध रहे हैं।

# गृह मंत्री ने लद्दाख में सतत विकास पर दिया जोर

## उपराज्यपाल ने हिम सरोवर परियोजना के तहत विभिन्न गांवों में 50 जलाशय बनाने के लिए जारी कार्यों और हाल ही में चलाये

एजेंसी




लेहाजम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लद्दाख में सतत विकास के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिसमें पौधारोपण और जल सुरक्षा को क्षेत्र की समग्र प्रगति का प्रमुख स्तंभ बताया है। यह जानकारी लद्दाख के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शनिवार को दी। उपराज्यपाल ने उन्हें हिम सरोवर परियोजना के तहत विभिन्न गांवों में 50 जलाशय बनाने के लिए जारी कार्यों और हाल ही में चलाए गए पौधारोपण अभियान के बारे में जानकारी दी।

सक्सेना ने एक्स पर गृह मंत्री की एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, बुद्ध पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर लेह के अपने दौरे के आध्यात्मिक महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने सतत विकास पर केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। गृहमंत्री ने बड़े पैमाने पर पौधारोपण और जल सुरक्षा को लद्दाख के समग्र विकास का प्रमुख स्तंभ बताया। लद्दाख के वरिष्ठ नेता थुपस्टन चेवांग ने पेयजल और सिंचाई के लिए श्योक नदी के जल का उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उपराज्यपाल ने बताया कि पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने कहा कि लद्दाख में ग्लेशियर पिघलने से प्राप्त जल का केवल लगभग एक प्रतिशत ही वर्तमान में उपयोग किया जा रहा है, जबकि शेष बर्बाद हो जाता है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए नवीन तरीकों की आवश्यकता पर बल दिया। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने लद्दाख में जलवायु परिवर्तन के अनुकूल विकास सुनिश्चित करने के लिए पौधारोपण और जल संरक्षण के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिये एक व्यापक अभियान शुरू कर दिया है।

उपराज्यपाल ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले 40 दिनों में पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए लेह और कारगिल में 4500 से अधिक देशी प्रजातियों के पेड़ लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि लेह में प्रायोगिक तौर पर बांस, अमलतास, गुलमोहर, जैकारांडा, बोगनविलिया, बरगद, पीपल और इमली जैसी प्रजातियों के लगभग 500 पौधे भी लगाए गए हैं। शाह के निर्देशानुसार, पौधारोपण और जल संरक्षण प्रयासों को पूरे क्षेत्र में और तेज किया जाएगा और अधिकारियों का लक्ष्य अगले वर्ष तक कम से कम 100 बड़े जलाशय बनाना है। अधिकारियों ने बताया कि दीर्घकालिक लक्ष्य लद्दाख में वन क्षेत्र को वर्तमान में एक प्रतिशत से भी कम से बढ़ाकर अगले दो वर्षों में कम से कम पांच प्रतिशत करना है।

# नशा पीड़ितों के पुनर्वास के लिए 3 साल का निगरानी कार्यक्रम लागू करेगा प्रशासन : उपराज्यपाल



श्रीनगर। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि प्रशासन नशा पीड़ितों के पुनर्वास के लिए तीन वर्षीय निगरानी कार्यक्रम पर काम कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़े उपायों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करना व पासपोर्ट निरस्त करने की सिफारिश को लागू करने पर विचार कर रहा है। उपराज्यपाल ने कहा कि उनका मानना है कि जम्मू-कश्मीर में मादक पदार्थों की तस्करी का सीधा संबंध आतंकवाद से है।

उन्होंने कहा कि कुछ मादक पदार्थ तस्कर नार्को पैलेस बना रहे हैं और आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं, लेकिन अंततः इस पैसे का बड़ा हिस्सा आतंकवाद और कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में इस्तेमाल होता है। नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान के तहत रविवार को यहां आयोजित होने वाली एक विशाल पदयात्रा से पहले उपराज्यपाल ने कहा कि जहां नए पुनर्वास केंद्र बनाए जाएंगे, वहीं मौजूदा केंद्रों के बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया जाएगा। सिन्हा ने राजभवन में पत्रकारों से कहा, यह सच है कि हमें और अधिक पुनर्वास केंद्र बनाने की आवश्यकता है। चूंकि इन्हें तुरंत नहीं बनाया जा सकता, इसलिए मौजूदा केंद्रों में ही पीड़ितों के इलाज के लिए व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने कहा, स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि हमारे अस्पतालों में ऐसे लोगों के लिए बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और अंतः रोगी विभाग (आईपीडी), दोनों सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि प्रशासन पीड़ितों के पुनर्वास के लिए तीन साल के निगरानी कार्यक्रम पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हम एक विस्तृत पुनर्वास योजना भी तैयार कर रहे हैं, ताकि यदि कोई व्यक्ति नशे की लत में पड़ता है और फिर उससे बाहर निकलता है, तो हम तीन साल तक उन पर नज़र रख सकें और उनके पूर्ण पुनर्वास के लिए उचित व्यवस्था कर सकें। मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्वाई पर उपराज्यपाल ने कहा कि प्रशासन ने एक सुविचारित रणनीति के तहत कुछ कड़े निवारक उपाय किए हैं।

## संक्षेप

### निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में अतिरिक्त मतगणना पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल में सोमवार को होने वाली मतगणना से पहले निर्वाचन आयोग ने शनिवार को राज्य में 165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए। आयोग के अनुसार, अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक पहले से तैनात 294 पर्यवेक्षकों की सहायता करेंगे, जबकि पुलिस पर्यवेक्षक सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत करेंगे और मतगणना केंद्रों के बाहर कानून-व्यवस्था पर नजर रखेंगे। अधिकारियों ने बताया कि आमतौर पर मतगणना के दौरान पुलिस पर्यवेक्षक तैनात नहीं किए जाते। उन्होंने कहा कि हालांकि उन्हें मतगणना कक्ष के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी और वे केवल बाहर व्यवस्था संभालेंगे। आयोग ने कहा कि सुरक्षित, शांतिपूर्ण, भयमुक्त व पारदर्शी माहौल में मतगणना कराने के लिए अतिरिक्त पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए इन अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने कहा कि ये सभी पर्यवेक्षक उसके नियंत्रण और पर्यवेक्षण में काम करेंगे।

# लंदन के मैडम तुसाद संग्रहालय में आइकॉन्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी शुरू

एजेंसी

लंदन। मैडम तुसाद संग्रहालय ने इस सप्ताह अपने लंदन मुख्यालय में आइकॉन्स ऑफ इंडिया नाम से एक उत्सव की शुरुआत की, जिसमें सिनेमा और क्रिकेट जगत की भारतीय हस्तियों के मोम के पुतलों को एक साथ प्रदर्शित किया गया।

सीमित समय के लिए आयोजित यह प्रदर्शनी में भारतीय अभिनेताओं और क्रिकेटरों की मोम की 13 मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। मई और जून के महीनों के लिए, इस क्षेत्र को भारतीय संस्कृति से प्रेरित एक जीवंत स्थान में रूपांतरित किया गया है, जहां आगंतुक अमिताभ बच्चन और सचिन तेंदुलकर सहित कुछ सबसे प्रतिष्ठित हस्तियों की मोम की मूर्तियों को करीब से देख सकते हैं।

मैडम तुसाद लंदन संग्रहालय के महाप्रबंधक स्टीव ब्लैकबर्न ने कहा, बॉलीवुड की वैश्विक अपील बहुत बड़ी है और भारतीय सिनेमा और क्रिकेट के प्रति लंदन का प्यार हर साल और मजबूत होता जा रहा है।

# सामने आया भाजपा का महिला विरोधी चेहरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा द्वारा सांसद गेनीबेन ठाकोर के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को

> भाजपा के नारी वंदन का मुखौटा उतर गया, महिला विरोधी विचारधारा उसका असली चेहरा : राहुल गांधी

लेकर शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी का नारी वंदनै का मुखौटा अब उतर गया है और महिला विरोधी विचारधारा ही उसका असली चेहरा है। उन्होंने यह भी कहा कि गुजरात के साथ



पूरे हिंदुस्तान की महिलाएं इस अपमान का मुंहतोड़ जवाब देंगी। विश्वकर्मा ने गुजरात में हुए स्थानीय निकाय के हालिया चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का हवाला देते हुए ठाकोर के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। बनासकांठा से सांसद ठाकोर लोकसभा में गुजरात से कांग्रेस की एकमात्र सदस्य हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, गुजरात के भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस की हमारी महिला सांसद गेनीबेन ठाकोर जी पर अभद्र टिप्पणी की है।नारी वंदनै का मुखौटा उतर गया।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ शर्मनाक नहीं , बल्कि भाजपा की मनुवादी, महिला-विरोधी विचारधारा का असली चेहरा है। राहुल गांधी ने कहा, ये है भाजपा का नारी वंदनै ? ये करेंगे महिलाओं का सशक्तिकरण ? ये देंगे अधिकार ? सत्ता को चुनौती देने वाली महिलाएं इन्हें बर्दाश्त नहीं, एक ही पल में इनकी विकृत मानसिकता सामने आ जाती है।

# केजरीवाल बदले की राजनीति कर रहे : भारतीय जनता पार्टी

एजेंसी



नयी दिल्ली चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंजाब पुलिस द्वारा राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बदले की राजनीति कर रहे हैं। पाठक और छह अन्य राज्यसभा सदस्य हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा ने आरोप लगाया गया कि पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि पुलिस की कार्वाई गलत प्राथमिकताओं को दर्शाती है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पंजाब पुलिस पाठक के आवास पर गई और छापेमारी की कोशिश की। हम पूछना चाहते हैं कि क्या कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी कमजोर हो गई है कि पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्वाई करने में असमर्थ है, लेकिन उसका इस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है ? त्रिवेदी ने केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए कहा, जो लोग एक नयी तरह की राजनीति करने का दावा करते हैं, उन्हें यह समझाना चाहिए कि उनके राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से कैसे ध्वस्त हो गई है। पंजाब के विपक्षी दलों ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि राज्य विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री मान शराब के नशे में आए थे। इस आरोप का जिक्र करते हुए त्रिवेदी ने आम आदमी पार्टी (आप)सरकार पर शासन बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया।


उन्होंने कहा, मैं आम आदमी पार्टी, पंजाब सरकार और विशेष रूप से केजरीवाल से स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि यह एक खोखला दिखावा है। भाजपा के एक अन्य राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि केजरीवाल राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निपटाने के लिए पंजाब पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं, और मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इसमें भागीदार बन गए हैं। पूनावाला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, संदीप पाठक के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

# खाड़ी देशों के पास होर्मुज के बदले क्या विकल्प हैं?

एजेंसी

लंदन।(द कन्वरसेशन) ईरान युद्ध को शुरू हुए दो माह बीतने के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य अब भी लगभग पूरी तरह बंद पड़ा है। यहां से गुजरने वाले जहाजों की संख्या युद्ध-पूर्व की स्थिति के मुकाबले बेहद कम रह गई है।

यही नहीं, 28 फरवरी से अब तक संघर्षविराम, नाकेबंदी और इसके पुनः बंद होने का जो दौर चला, उनसे टैंकर संचालकों का भरोसा बहाल नहीं हो सका है। होर्मुज को लंबे समय से दुनिया के सबसे अहम व्यापारिक गलियारों में से एक माना जाता रहा है। सामान्य दिनों में इस जलमार्ग से रोजाना करीब दो



करोड़ बैरल कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद के साथ-साथ दुनिया के कुल तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) निर्यात का लगभग 20 प्रतिशत का परिवहन होता है।

इतना ही नहीं, दुनिया के एक तिहाई हीलियम और उतनी ही मात्रा में खाद के रूप में इस्तेमाल होने वाले यूरिया का परिवहन भी इसी जलडमरूमध्य से होता है। होर्मुज का विकल्प तलाशने की कोशिशें दशकों से चल रही हैं, लेकिन अब तक ये सब कागजी योजनाएं ही थीं।

पहली बार इनकी असली अग्निपरीक्षा हो रही है। नतीजा यह है कि वैकल्पिक रास्तों से उम्मीद के अनुसार करीब 35 से 55 लाख बैरल कच्चे तेल का परिवहन हो रहा है, लेकिन यह अब भी जरूरत से काफी कम है। होर्मुज के विकल्प दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण पाइपलाइन सऊदी अरब से होकर गुजरती है। पेट्रोलाइन कहे जाने वाली ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन का निर्माण 1980 के दशक में पहले टैंकर युद्ध के दौरान हुआ था।

# अमेरिका पांच हजार सैनिकों को जर्मनी से वापस बुलायेगा

वाशिंगटन। अमेरिका अगले छह से बारह महीनों में जर्मनी से अपने करीब 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा। पेंटागन ने यह जानकारी दी।

अमेरिका का यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के अनुरूप है, जो उन्होंने ईरान के साथ अमेरिकी युद्ध को लेकर जर्मन नेता के साथ चल रहे टकराव के दौरान दी थी। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी जर्मनी से कुछ सैनिकों को वापस बुलाने की धमकी उस वक्त दी थी, जब जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा था कि ईरानी नेतृत्व द्वारा अमेरिका को अपमानित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, मर्ज ने युद्ध में वाशिंगटन की खराब रणनीति की आलोचना की थी।

पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने एक बयान में कहा, यह निर्णय यूरोप में विभाग की सैन्य स्थिति की गहन समीक्षा के बाद लिया गया है और यह युद्ध क्षेत्र की आवश्यकताओं और जमीनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जर्मनी में कई अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# ऑस्कर के बदले नियमों से भारतीय सिनेमा को राहत



**मुंबई।** ऑस्कर 2027 के लिए एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी के नियमों में बदलाव किया है। इसका असर भारत जैसे देशों पर पड़ सकता है, जहां हर साल ऑस्कर एंट्री को लेकर विवाद होते रहे हैं। नए नियमों के बाद अब किसी देश की आधिकारिक

> फेस्टिवल्स में चमकने वाली फिल्मों को अब देश की आधिकारिक एंट्री बनने की जरूरत नहीं

एंट्री ही ऑस्कर तक पहुंचने का इकलौता रास्ता नहीं रहेगा। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज की नई गाइडलाइंस के अनुसार, अगर कोई फिल्म कान्स, वेनिस, टोरंटो, बर्लिन, सनडांस या बुसान जैसे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में टॉप अवॉर्ड जीतती है, तो वह सीधे ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर कैटेगरी के लिए क्वालिफाई कर सकती है। यानी उस फिल्म को अपने देश की ऑफिशियल एंट्री बनने की जरूरत नहीं होगी। इस बदलाव का उदाहरण भारतीय फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' से समझा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ये नियम पहले लागू होते तो फिल्म भारत की आधिकारिक एंट्री बने बिना भी ऑस्कर की रेस में शामिल हो सकती थी। भारत में ऑस्कर के लिए फिल्म चुनने का जिम्मा फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के पास होता है। लेकिन कई सालों से इसकी चयन प्रक्रिया पर सवाल उठते रहे हैं। साल 2013 में इरफान खान की फिल्म 'द लंच बॉक्स' को लेकर विवाद हुआ था। कान्स फिल्म फेस्टिवल में सराहना मिलने के बावजूद इसे भारत की ऑफिशियल एंट्री नहीं चुना गया था। इसकी जगह 'द गुड रोड' को भेजा गया था। उस समय फिल्ममेकर अनुराग कश्यप समेत कई लोगों ने चयन प्रक्रिया की आलोचना की थी। नई गाइडलाइन के तहत अब इंटरनेशनल फीचर अवॉर्ड का क्रेडिट देश की बजाय फिल्म के डायरेक्टर को दिया जाएगा।

# 'राजा शिवाजी' से सामने आया सलमान का लुक

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर सलमान का यह वीडियो इस दावे के साथ शेयर किया गया कि यह फिल्म राजा शिवाजी का है। फिल्म राजा शिवाजी में सलमान खान का पहला लुक सामने आया है, जिसमें वे मूंछों और भगवा पगड़ी में नजर आ रहे हैं। रितेश देशमुख निर्देशित यह फिल्म

> मूंछ और भगवा पगड़ी में नजर आए, फिल्म में जीवा महाले के किरदार में दिख

आज थिएटर्स में रिलीज हुई, जहां सलमान कैमियो करते हुए जीवा महाले के किरदार में दिखे। सोशल मीडिया पर हैंडल भाईहब ने सलमान की 2 तस्वीरें शेयर की और दावा किया कि यह फिल्म राजा शिवाजी से हैं। राजा शिवाजी मराठा सम्राट छत्रपति



शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म है। इसमें रितेश देशमुख मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म एक मल्टी-स्टारर प्रोजेक्ट है, जिसमें अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, विद्या बालन, बोमन ईरानी, महेश मांजरेकर और भाग्यश्री जैसे कलाकार हैं।

### जबलपुर हादसा : सोनू सूद ने उठाये सवाल

**मुंबई।** मध्य प्रदेश के जबलपुर के बरगी डैम में गुरुवार शाम को हुए क्रूज हादसे के बाद एक्टर सोनू सूद ने सिस्टम की जवाबदेही पर सवाल उठाए। कुछ समय पहले मैंने बिहार नाव हादसे पर ट्वीट किया था और कहा था कि हर यात्री के लिए लाइफ जैकेट जरूरी होनी चाहिए। फिर वृंदावन में हादसा हुआ। और अब मध्य प्रदेश में भी, उसी तरह लोगों की जान चली गई। आखिर कब तक अब समय आ गया है कि इसे सख्ती से लागू किया जाएः कोई भी नाव तब तक न चले, जब तक हर यात्री लाइफ जैकेट न पहने। साथ ही, एक सरकारी पोर्टल होना चाहिए, जहां हर यात्रा से पहले टाइम के साथ यह सबूत अपलोड हो कि सभी यात्रियों ने लाइफ जैकेट पहनी है।

# 'धुरंधर 3' बनायेंगे पाक नेता नबील गबोल

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर' में राकेश बेदी का किरदार नबील गबोल से मिलता-जुलता था। पाकिस्तानी पॉलिटिशियन नबील गबोल ने पाकिस्तान के ल्यारी इलाके पर आधारित एक फिल्म बनाने की बात कही। जिसका नाम ल्यारी का गब्बर होगा। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में नबील ने कहा कि अब मैं भारत को जवाब दूंगा, उन्होंने ल्यारी के

> राकेश बेदी नहीं हूं, फिल्म से ऐसा जवाब दूंगा, जिसे आदित्य धर याद रखेंगे

खिलाफ धुरंधर 1 और धुरंधर 2 बनाई है। मैं उनको धुरंधर 3 बनाकर दूंगा, लेकिन उसका नाम धुरंधर नहीं होगा, बल्कि ल्यारी का गब्बर होगा। नबील गबोल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता हैं। वो कराची के ल्यारी क्षेत्र से आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने किससे पंगा लिया है। मुझसे। मैं कौन हूं। मैं नबील गबोल हूं, मैं राकेश बेदी नहीं हूं। मैं ऐसा जवाब दूंगा, जिसे आदित्य धर याद रखेंगे और मोदी,




जिनके पैसों से आपने धुरंधर बनाई है, उन्हें भी पता चल जाएगा जब धुरंधर 3 आएगी। धुरंधर 5 दिसंबर 2025 को ग्लोबली रिलीज हुई थी। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन नजर आए थे। फिल्म आदित्य धर ने डायरेक्ट की थी। सैकनिल्क के अनुसार, धुरंधर ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। विदेशी बाजारों में भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए कमाए।

अमेरिका और कनाडा में 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ा। धुरंधर फ्रेंचाइजी में रणवीर सिंह ने एक भारतीय जासूस का रोल प्ले किया है। धुरंधर का दूसरा पार्ट ग्लोबली 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था। फिल्म की अब तक की कुल दुनिया भर में कमाई 1,780.76 करोड़ रुपए हो चुकी है। भारत में फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 1,132.94 करोड़ रुपए और कुल ग्रॉस कलेक्शन 1,356.01 करोड़ रुपए तक हो गया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com